संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज समूह संपादक : रवि भारद्वाज नई दिल्ली, शनिवार, 29 मार्च 2025 ₹ 2 www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 85 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड




केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कि केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) के क्षेत्रीय कार्यालय 29, 30 एवं 31 मार्च को भी खुले रहेंगे।

# 8वें वेतन आयोग से पहले केंद्र की बड़ी सौगात

● केंद्र सरकार ने बढ़ाया केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता, 1 करोड़ 15 लाख लोगों को होगा फायदा, विनिर्माण योजना को मंजूरी

**लाभ होगा**

**बढ़ोतरी 1 जनवरी, 2025 से लागू होगी, एक करोड़ कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी, 2025 से लागू होगी और इससे एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 1 जनवरी 2025 से केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) की एक अतिरिक्त किस्त जारी करने को मंजूरी दी है, जो मूल वेतन अथवा पेंशन के 53 प्रतिशत की मौजूदा दर में 2 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ती है, ताकि मूल्य वृद्धि की भरपाई की जा सके। उन्होंने कहा कि महंगाई भत्ते और महंगाई राहत दोनों में वृद्धि के कारण राजकोष पर प्रति वर्ष 6614.04 करोड़ रुपये का संयुक्त प्रभाव पड़ेगा। इससे लगभग 48.66 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 66.55 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। यह वृद्धि स्वीकृत फामूर्ले के अनुसार है, जो 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है।

**कैबिनेट : बिहार की कोसी और मेची लिंक परियोजना को मंजूरी**
**टीम एक्शन इंडिया**
केन्द्र सरकार ने बिहार की कोसी और मेची नदियों को जोड़ने को मंजूरी प्रदान की है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज इस अंतरराज्यीय नदी जोड़ो परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में शामिल किए जाने को मंजूरी प्रदान की है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आज इस निर्णय को मंजूरी दी।

## कैबिनेटः इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना को 22,919 करोड़ फंड के साथ मंजूरी दी है। सरकार का कहना है कि योजना इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण पारिस्थितिक तंत्र में बड़े निवेश (वैश्विक/घरेलू) को आकर्षित करके एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में मदद करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि योजना के अंतर्गत 59,350 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने, 4,56,500 करोड़ रुपये का उत्पादन करने तथा 91,600 व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रत्यक्ष रोजगार तथा अनेक अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित किए जाने की परिकल्पना की गई है। यह योजना भारतीय निमार्ताओं को प्रोत्साहन प्रदान करती है। योजना छह वर्ष के लिए है। इसे एक साल बढ़ाया जा सकता है। प्रोत्साहन के एक हिस्से का भुगतान रोजगार लक्ष्य उपलब्धि के साथ जुड़ा हुआ है।

## पटना-आरा-सासाराम ग्रीनफील्ड, ब्राउनफील्ड कॉरिडोर को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने चार लेन के पटना-आरा-सासाराम ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड कॉरिडोर को मंजूरी दी है। हाइब्रिड वार्षिकी मोड (एएएम) से बनने वाले 120.10 किमी लम्बे कॉरिडोर पर 3,712.40 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्र की आर्थिक मामलों (सीसीईए) की मंत्रिमंडलीय समिति ने निर्माण को आज मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने बताया कि पटना-आरा-सासाराम कॉरिडोर क्षेत्रीय आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## कामरा को मद्रास हाईकोर्ट से बड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा को अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी। कामरा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर अपने जोक को लेकर विवाद का सामना कर रहे हैं। अदालत ने कामरा को इस शर्त पर राहत दी कि उन्हें तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के वनूर में न्यायिक मजिस्ट्रेट की संतुष्टि के लिए एक बांड भरना होगा। न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने दूसरे प्रतिवादी (खार पुलिस) को भी नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को तय की।
**तमिलनाडु के निवासी हैं कामरा**
कामरा ने बताया है कि वह 2021 में मुंबई से तमिलनाडु चले गए थे और तब से इसी राज्य के निवासी हैं और उन्हें मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तारी का डर है। कामरा ने मुंबई में अपने हालिया शो के दौरान शिंदे पर तीखी टिप्पणियों के कारण परेशानी में पड़ गए और बड़ा विवाद खड़ा हो गया।कामरा ने मुंबई के खार में हैबिटेट कॉमेडी क्लब में एक शो किया था, जहां उन्होंने शिंदे को निशाना बनाते हुए एक पैरोडी गाना गाया था।

## जस्टिस वर्मा के ट्रांसफर को केंद्र ने दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति ने दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस चंद्रधारी सिंह और उड़ीसा हाई कोर्ट के जज जस्टिस अरिंदम सिन्हा का ट्रांसफर इलाहाबाद हाई कोर्ट कर दिया है। दिल्ली स्थित अपने आवास से अधजले नोट मिलने के बाद से जस्टिस वर्मा विवादों में आ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर करने की अनुशंसा की थी। कॉलेजियम के सदस्य जजों से मुलाकात कर इस फैसले को वापस लेने की मांग की थी।

## अग्निशमन सेवाओं से जुड़ी 1604 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी

**मंजूरी**

**बिहार, गुजरात, झारखंड, महाराष्ट्र और केरल के लिए 1,604.39 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय समिति ने सिक्किम में आपदा से उबरने और पुनर्निर्माण संबंधी गतिविधियों तथा पांच राज्यों में अग्निशमन सेवाओं को मजबूत करने के लिए 1604 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी। गृह मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि उच्च स्तरीय समिति ने राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण योजना के तहत पांच राज्यों बिहार, गुजरात, झारखंड, महाराष्ट्र और केरल के लिए 1,604.39 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। समिति ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत तैयारी और क्षमता निर्माण निधि विंडो के निर्धारित आवंटन से वित्त पोषण के लिए बिहार के लिए 340.90 करोड़ रुपये, गुजरात के लिए 339.18 करोड़ रुपये, झारखंड के लिए 147.97 करोड़ रुपये, केरल के लिए 162.25 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र के लिए 614.09 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। केंद्र सरकार ने राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए एनडीआरएफ के तहत कुल 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं और कुल 3,373.12 करोड़ रुपये के लिए 20 राज्यों के प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी दे दी है।
इसके अलावा, उच्च स्तरीय समिति ने राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) के तहत रिकवरी और पुनर्निर्माण वित्त पोषण विंडो से सिक्किम को 555.70 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की है।

## किसान नेता डल्लेवाल ने खत्म किया अनशन



**अनशन तोड़ा**

**जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच को बताया कि हाइवे को साफ कर दिया गया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अपना अनशन तोड़ दिया है। पंजाब सरकार ने मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच को बताया कि हाइवे को साफ कर दिया गया है। शंभू बॉर्डर से किसानों को हटा दिया गया है। किसान नेता डल्लेवाल ने पानी पीकर अपना अनशन खत्म किया। संयुक्त किसान मोर्चा नेता डल्लेवाल ने किसानों की मांगों को लेकर 26 नवंबर को आमरण अनशन शुरू किया था। सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर खाली होने पर संतोष जताया। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार की ओर से दी गई इस जानकारी के मद्देनजर राज्य के चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी के खिलाफ शुरू की गई अवमानना कार्रवाई को बंद कर दिया है। कोर्ट में दायर एक नई अर्जी में अवमानना कार्रवाई की मांग की गई लेकिन कोर्ट ने इस पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हम उन्हें पहले ही हाइवे साफ करने के लिए बोल रहे थे।

## पाक की दुराग्रह भरी मानसिकता को नहीं बदला जा सकताः जयशंकर



**साधा निशाना**

**भारत पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर करीबी से नजर बनाए रखे हुए हैं : एस. जयशंकर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में पाकिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के चिंताजनक हालत की जानकारी दी। पड़ोसी देश पाकिस्तान को कट्टर और दुराग्रह मानसिकता से ग्रसित बताते हुए उन्होंने कहा कि इसे बदला नहीं जा सकता। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पाकिस्तान और बांग्लादेश से जुड़े कुछ प्रश्नों का उत्तर देते हुए डॉ. जयशंकर ने बताया कि भारत पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर करीबी से नजर बनाए रखे हुए है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में पिछले महीने फरवरी में ही हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार के 10 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा सिखों के खिलाफ तीन और अहमदिया के खिलाफ दो और एक ईसाई समुदाय के खिलाफ मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारतीय प्रतिनिधि ने हाल ही में इसका मुद्दा उठाया था। भारत ने कहा था कि पाकिस्तान में ह्यमानवाधिकारों के हनन, अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न और लोकतांत्रिक मूल्यों को चरणबद्ध तरीके से खंडित किया जा रहा है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर उन्होंने बताया कि 2024 में इस तरह के 2400 से अधिक मामले प्रकाश में आए हैं।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम के सांसदों के साथ राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में नाश्ते के दौरान।

## सरकार ने 1 अप्रैल से देसी चने पर 10 फीसदी आयात शुल्क लगाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल से देसी चना पर 10 फीसदी आयात शुल्क लगा दिया है। इस निर्णय से घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पिछले साल मई से लागू शुल्क मुक्त आयात नीति समाप्त हो गई है। वित्त मंत्रालय की ओर से 27 मार्च को जारी अधिसूचना के मुताबिक 1 अप्रैल से चने के आयात पर 10 फीसदी शुल्क लगेगा।

## बैंकों में 31 मार्च को रहेगी चेक की विशेष क्लियरिंग व्यवस्था



**आदेश**

**चेक ट्रंकेशन सिस्टम के तहत सामान्य समाशोधन का समय 31 मार्च, 2025 को होगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सभी बैंकों से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सभी सरकारी लेन-देन के लेखांकन की सुविधा को लेकर 31 मार्च को विशेष क्लियरिंग व्यवस्था (विशेष समाशोधन) में अनिवार्य रूप से शामिल होने को कहा है। मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-मार्च) 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। आरबीआई ने शुक्रवार को एक परिपत्र में कहा कि चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) के तहत सामान्य समाशोधन का समय 31 मार्च, 2025 को वही होगा जो अन्य कामकाजी सोमवार को होता है। केंद्रीय बैंक ने जारी परिपत्र में कहा, इसके अलावा चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 31 मार्च, 2025 तक सभी सरकारी लेन-देन का लेखा-जोखा करने की सुविधा के लिए 31 मार्च को विशेष रूप से सरकारी चेक के लिए सीटीएस के तहत विशेष समाशोधन करने का निर्णय लिया गया है।आरबीआई के परिपत्र में कहा गया कि सभी बैंकों के लिए 31 मार्च 2025 को विशेष समाशोधन परिचालन में हिस्सा लेना अनिवार्य है। सीटीएस के तहत विशेष समाशोधन परिचालन के तहत प्रस्तुति समाशोधन समय शाम 5 से 7 पांच बजे तक और वापसी समाशोधन का समय शाम 7 से साढ़े सात बजे तक होगा। दरअसल सीटीएस के तहत समाशोधन के लिए चेक को भौतिक रूप से भेजे जाने की जगह इलेक्ट्रॉनिक रूप से उसकी तस्वीर और आंकड़ें भेजे जाते हैं।

**कई लापता** भूकंप का असर भारत तक दिखा, नई दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कई शहरों में लोगों ने कंपन महसूस किया

## थाईलैंड और म्यांमार में भूकंप, इमारतें ढहीं, 10 की मौत, 67 लापता



**भयावह**

**थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा अपनी फूकेत की यात्रा अधूरी छोड़कर बैंकॉक लौट रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**बैंकॉक (थाईलैंड)/नाएप्यीडॉ (म्यांमार):** थाईलैंड और म्यांमार में दोपहर आए शक्तिशाली भूकंप से भारी अनिष्ट होने की आशंका है। एक बहुमंजिला इमारत समेत तमाम आवासीय भवन रेत के महल की तरह भरभरा गए हैं। अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। 67 लोग लापता बताए गए हैं। भूकंप का असर भारत तक दिखा है। नई दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कई शहरों में लोगों ने कंपन महसूस किया। थाईलैंड में सेना को राहत और बचाव अभियान शुरू किया है। थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा अपनी फूकेत की यात्रा अधूरी छोड़कर बैंकॉक लौट रहे हैं। बैंकॉक के अखबार द नेशन की खबर के अनुसार, अधिकारियों का कहना है कि भूकंप के बाद देश में परिवहन सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है। थाई मौसम विज्ञान विभाग ने पुष्टि की कि शुक्रवार दोपहर म्यांमार में 8.2 तीव्रता का भूकंप आया। यह माई होंग सोन प्रांत में पैंग मा फा से लगभग 392 किलोमीटर दूर था। बैंकॉक के बैंग सू क्षेत्र में निमार्णाधीन स्टेट ऑडिट ऑफिस की इमारत ढहने के बाद 67 लोग लापता हैं। सात लोगों को बचा लिया गया है। भूकंप ने बैंकॉक में परिवहन सेवाओं को बाधित कर दिया। बैंकॉक मास ट्रांजिट सिस्टम ने सुखुमविट लाइन पर परिचालन को निलंबित कर दिया और एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने थाईलैंड के सभी हवाई अड्डों के लिए राष्ट्रव्यापी नो-फ्लाई ऑर्डर जारी किया है। बैंकॉक के गवर्नर चाडचार्ट सिट्टीपंट ने बैंकॉक मेट्रोपॉलिटन एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिस में भूकंप घटना कमांड सेंटर की स्थापना का आदेश दिया है। भूकंप के कारण बैंकॉक के चतुचक इलाके में निमार्णाधीन 30 मंजिला इमारत ढह गई। प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा फुकेत से बैंकॉक लौट रहे हैं। उन्होंने फूकेत से जारी आपदा संदेश में भूकंप प्रभावित लोगों से सतर्क रहने को कहा है।

## आप धर्म के आधार पर सरकारी ठेकों में आरक्षण नहीं दे सकतेः बीजेपी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आआपा) पर निशाना साधते हुए दोनों दलों को दलित विरोधी बताया। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि लोग संविधान की प्रति जेब में रखते हैं, पूरे देश को दिखाते हैं लेकिन उस प्रतिलिपि को खोलने पर कोरे कागज दिखाई देते हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे लोगों का असली चरित्र जनता के सामने आया है। उन्होंने कहा कि वे राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल के बारे में बात कर रहे हैं। गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी संविधान की प्रति हाथ में लेकर चलते हैं, उनसे हम पूछना चाहते हैं कि देश के संविधान में कहां लिखा है कि आप धर्म के आधार पर सरकारी ठेकों में आरक्षण दे सकते हैं। कानूनन किसी भी नागरिक के साथ भेदभाव नहीं हो सकता, धर्म के आधार पर आप आरक्षण नहीं दे सकते। लेकिन कर्नाटक में ऐसा हुआ, जिससे स्पष्ट है कि वहां तुष्टिकरण की राजनीति हावी है और यही राहुल गांधी की असली सोच है।
गौरव भाटिया ने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री थे, तब उनके कार्यालय में डॉ. अंबेडकर की तस्वीर तो लगी थी लेकिन केजरीवाल का असली चरित्र विषैला, दलित विरोधी और पिछड़ा समाज विरोधी है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है,।

# नशे के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतियोगिता में पहुंचे थाना प्रभारी

**सोनीपतः गांव** मोहाना में आयोजित प्रतियोगिता में मोहाना थाना अरुण कुमार पहुंचे। ग्रामीणों ने बतौर अतिथि के तौर पर पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। थाना प्रभारी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों व ग्रामीणों को संबोधित करते फिट रहने व हर रोज योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील। मोहाना निरीक्षक अरुण कुमार ने गांव मोहाना में आमजन को नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया। साथ ही युवाओं से नशा ना करने बारे अपील की।

नशा मुक्ति अभियान में आमजन को प्रशासन का सहयोग करने के लिए लोगो को जागरूक किया। नशा मुक्त करने बारे सहयोग मांगा और कहा कि कोई भी नशा तस्कर आपके क्षेत्र में नशा सप्लाई करता है उसके बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें।

## उत्तर रेलवे

**TENDER NOTICE**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 05, 06, 07, 08, 09-2025-26-डब्ल्यू–4 |

**काम का नाम (स्थान के साथ)**

1. **क्रमांक : 10** एडीईएन/जेएचएल के अधीन बुढलाडा रेलवे कॉलोनी में क्षतिग्रस्त स्टील टैंक के बदले 225 किलोलीटर के बोर और पंप के साथ प्लंबिंग पाइप और पंप हाउस के साथ आरसीसी ओवर हेड टैंक का प्रावधान। **कार्य की समान प्रकृतिः** प्रबलित सीमेंट कंक्रीट ओवर हेड टैंक/आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना का निर्माण/मरम्मत।
**क्रमांक : 11** जींद में वाशिंग लाइन की मरम्मत और नवीनीकरण, जंग लगी पाइप लाइन को बदलना और सीनियर डीईएन–IV/डीएलआई के अधीन एडीईएन/जेएचआई के अनुभाग में जींद में प्लेटफॉर्म संख्या 4 के लिए कोच वाटर सुविधा प्रदान करना। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य
**क्रमांक : 12** डीईएन–IV के अंतर्गत डीएलआई–बीटीआई सेक्टर और ब्रांच लाइन पर 49 पर नियंत्रण रेखा संख्या 213, 224 और 232 पर बायीं ओर शेड को कवर करना और जल निकासी व्यवस्था में सुधार करना। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।
**क्रमांक : 13** डीईएन–IV के अंतर्गत एडीईएन/जेएचआई अनुभाग में जेएचआई कॉलोनी में जलरोधी छत उपचार और छत प्रतिस्थापन। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।
**क्रमांक : 14** डीईएन–IV के अंतर्गत एनआरडब्ल्यू स्टाफ क्वार्टर और पीपीडीई स्टेशन भवन में जलरोधी छत उपचार और छत प्रतिस्थापन। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।
**क्रमांक : 15** एडीईएन/जेएचएल, जेएचआई और आरओके अनुभाग में 2 वर्ष की अवधि के लिए टंग रेल्स, एसईजे की रीकंडीशनिंग। **कार्य की समान प्रकृतिः** टंग रेल/सीएमएस क्रॉसिंग/एसईजे/रेल के व्हील बर्न की मरम्मत।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. काम की अनुमानित लागत (रूपये) | 10 | रूपये 9480173.05 | 11 | रूपये 42076141.18 | |
| | 12 | रूपये 43885341.90 | 13 | रूपये 17895356.90 | |
| | 14 | रूपये 13595790.12 | 15 | रूपये 8573280.00 | |

3. **अग्रिम राशि (रूपये)** (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) नोटः– रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा.।)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | रूपये 189600.00 | 11 | रूपये 360400.00 | 12 | रूपये 369400.00 |
| 13 | रूपये 239500.00 | 14 | रूपये 218000.00 | 15 | रूपये 171500.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. काम की समाप्ति अवधि | 10 | 06 महीने | 11 | 09 महीने | 12 | 06 महीने |
| | 13 | 09 महीने | 14 | 09 महीने | 15 | 24 महीने |

| | |
|---|---|
| 5. निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 25.04.2025 को 15.00 बजे तक तथा 25.04.2025 को 15.00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6. वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/280/OET/2025-26/W-IV/NIT-10, 11, 12, 13, 14, 15 Date 28.03.2025 981/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बजट सत्र के दौरान करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने रखी कई मांगें



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के 12वें दिन की कार्यवाही में भाग लेते हुए कहा कि करनाल का चहुंमुखी विकास करवाना मेरी पहली प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान जो मांगें करनाल विधानसभा क्षेत्र की ओर से मैंने रखी हैं, उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा जल्द पूरा किया जाएगा और विकास के नये आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने विधानसभा सत्र में मांग रखते हुए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि आईडीटीआरआई में करनाल को छूट दिलवाई जाए तथा लाइसेंस की प्रक्रिया प्रदेश सरकार अपने कार्यक्षेत्र में ले। उन्होंने करनाल विधानसभा के बारे में मांग रखते हुए कहा कि करनाल के न्यायिक परिसर में जगह कम है, उसका विस्तार किया जाए तथा कंज्यूमर कोर्ट के लिए नया भवन बनाया जाए, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि करनाल के सेक्टर-13 की मेन मार्केट में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का करीब 2 एकड़ का एक प्लाट खाली है, जहां स्टार्टअप के तहत युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से कुछ कार्य स्थापित किया जाए या फिर वहां सुंदर पार्क सुविधाओं सहित बनाया जाए, ताकि सेक्टर-13 के लोग व आसपास के लोग उसका भरपूर लाभ उठा सकें। विधायक जगमोहन आनंद ने विधानसभा सत्र में मांग रखते हुए कहा कि करनाल के चारों ओर हैवी ट्रेफिक है, इसलिए करनाल से काछवा तक 6 लेन सडक बनाई जाए तथा काछवा से सीतामाई, ढांड व पिहोवा तक 4 लेन सडक बनाई जाए, जिससे हैवी ट्रेफिक कम होगा। उन्होंने कहा कि करनाल मंडल आयुक्त का कार्यालय वर्तमान में सिंचाई विभाग के रेस्ट हाऊस में चल रहा है, उसे लघु सचिवालय में किसी भी तल पर शिफ्ट किया जाए, ताकि आमजन आसानी से अपना कार्य लघु सचिवालय में करवा सकें क्योंकि बाकी विभाग भी वहीं स्थित हैं और जब करनाल मंडल आयुक्त का कार्यालय शिफ्ट हो जाएगा तो रेस्ट हाऊस जरूरत के हिसाब इस्तेमाल किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जहां सामान्य से सामान्य कार्यकर्ता को महत्व दिया जाता है तथा उसकी बात पूरी निष्ठा के साथ सुनी जाती है। इसका उदाहरण है कि सामान्य से कार्यकर्ता नायब सिंह सैनी वर्तमान में प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं और उनके नेतृत्व में प्रदेश चहुंमुखी विकास के पथ पर है।

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं: JHS-N-GSU-03-25** **दिनांकः 25.03.2025**

**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**

उप मुख्य सिगनल व दूरसंचार अभियंता (गति शक्ति यूनिट) उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** इ आई अल्टरेशन वर्क इन कनेक्शन विथ प्रोविजन आफ एडिशनल लूप लाइन एट सांक गुड्स शेड एंड भिंड गुड्स शेड इन झाँसी डिवीज़न ऑफ़ एनसीआर

**कार्य लागत लगभगः** ₹ 18461211.00 | **धरोहर राशिः** ₹ 242300.00

**निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil | **निविदा खुलने की तिथि: 17.04.2025 Time 15:00**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह।

- निविदा **दिनांक 17.04.2025 को 15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (JHANSI DIVISION-GATI SHAKTI, NORTH CENTRAL RLY)** पर देखें। **539/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07241125 | सील वियर रिंग | 9302 नग | 24.04.2025 |
| 02 | 07240053 | फुट स्टेप अरेंजमेंट | 6490 नग | 07.05.2025 |

**निविदा शर्तें** 1. विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 108/2024-2025 दिनांक : 28.03.2025 971/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

नौएडा
मुख्य प्रशासनिक कॉम्पेलेक्स, सैक्टर–6, नौएडा
Website : www.noidaauthorityonline.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंधी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहे।

**1. 10/MANAGER SYSTEM/COM.ACCESSORIES/2024-25,** Procurement of Computer Accessories धनराशि रू0 14.12 लाख। Inclusive of GST

जिन्हें दिनांक 04/04/2025 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 07/04/2025 को 11.00 बजे खोली जाएंगी।

**प्रबन्धक (सिस्टम)**

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

## जना स्मॉल फाइनेंस बैंक

अनूसूचि कॉमर्शियल बैंक

पंजीकृत कार्यालयः जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड- द फेयरवे, ग्राऊंड & पहली मंजिल सर्वे नं. 10/1, 11/2 & 12/2/बी, कार्यालय डोमलर, कोरामंगला, इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, छल्लाघाटा, बैंगलोर- 560071

**सोने के आभूषणों को बोली के लिए सार्वजनिक सूचना**

निर्धारित समयसीमा के अंदर सोने के आभूषणों के एवज में नीचे उल्लेखित उधारकर्ता ऋण चुकाने में विफल साबित हुए हैं और कई बार याद स्मरण भी कराया गया। नीचे उल्लेखित उधारकर्ता द्वारा सोने के आभूषण/गहने ऋण खाता के नाम पर गिरवी रखे गए थे, वो सार्वजकि/प्राईवेट/ऑनलाईन बिक्री की जाएगी, हमारे शाखा परिसर में **21-04-2025 को सुबह 10:30 बजे**। जो भी इस नीलामी में भाग लेना चाहते हैं उनसे आग्रह है कि हमारे शाखा कार्यालय में संपर्क करें। बैंक के पास अधिकार होगा कि वो बोली स्वीकार करता है या अस्वीकार करता है बिना किसी कारण बताएं। कृप्या नोट करें कि अगर बोली उसी दिन पूरी नहीं हो पाती तो अगले दिन उन्हीं शर्तों पर बोली लगेगी। अगर ग्राहक नीलामी के सभी शर्तों का मानता है तो वो कानूनी रूप से हायर होगा। उधारकर्ता तो सूचित किया जाता है कि अभी तक का ब्याज और अन्य शुल्क चुकाना होगा नीलामी की तारीख से पहले, अगर चुकाने में असफल साबित होते हैं तो गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण की बिक्री की जाएगी और बकाया राशि और अन्य शुल्क ब्याज सहित वसूला जाएगा। किसी भी तरह की जानकारी व अन्य शर्तों और नियमों को जानने के लिए शाखा में संपर्क कर सकते हैं। शाखा कार्यालय की अन्य जानकारी के लिए www.janabank.com पर जाएं।

| क्रमांक सं. | ऋण खाता सं. | उधारकर्ता/सहउधारकर्ता का नाम | सोने के आभूषणों के कुल वजन |
|---|---|---|---|
| 1 | 32818740001205 | RAKESH KUMAR SHARMA | 32.4 |
| 2 | 32818740001181 | SHAKIR | 9.8 |
| 3 | 32818740001171 | AJAY KUMAR | 62.74 |
| 4 | 32818740001168 | MUKESH PRABHAKAR | 19 |
| 5 | 32818740000929 | ASHADEVI SADHUMEHTO | 40.04 |
| 6 | 32818730012437 | GAJENDRA SINGH K | 20.73 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग -9, हरगोविन्द एन्कलेव, नई दिल्ली, दिल्ली- 110092, (लैंडमार्कः इंडियन ओवरसीज बैंक) | | | |
| 7 | 32638740000495 | MUKESH SHAH | 14.16 |
| 8 | 32638740000443 | POON GODHI | 15.86 |
| 9 | 32638740000430 | HEMA TEL NARAYAN | 21.85 |
| 10 | 32638740000417 | SUNITA VIRENDER | 8.81 |
| 11 | 32638740000380 | ARVIND KUMAR | 45.28 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, अपर ग्राउंड फ्लोर, बिल्डिंग नं. के-1, मॉडल टाऊन दिल्ली- 110009 | | | |
| 12 | 47930670000027 | SHUBHAM MITTAL | 215.48 |
| 13 | 31248740000329 | MUHAMMAD NADIM | 29.36 |
| 14 | 31248740000292 | SUNITA DEVI RANSINGH | 45.75 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर, संपत्ति नं. 2152, बवाना रोड़, नरेला, नई दिल्ली-110040 | | | |
| 15 | 30808730046311 | NADEEM BEG | 12.4 |
| 16 | 30808730044140 | Sandhya . | 18.87 |
| 17 | 30808730043890 | ROHIT KUMAR | 5.5 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग नं. बी-109, ज्योति कॉलोनी, दुर्गापुरी चौक, शाहदरा दिल्ली-110032 | | | |
| 18 | 47538730008642 | RAHUL R | 6.5 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड जे-2/2 फर्स्ट फ्लोर, बी के दत्त मार्केट , राजौरी गार्डन, दिल्ली- 110027 | | | |
| 19 | 30218740002531 | KIRAN | 80.33 |
| 20 | 30218740002494 | ANKUR AGGARWAL | 63.34 |
| 21 | 30218740002481 | NASIMA N | 13.1 |
| 22 | 30218740001949 | MAHAMMAD AMJAD KHAN | 13.67 |
| 23 | 30218740001886 | DHARMENDER D | 23.26 |
| 24 | 30218740001860 | RAJAT | 32.58 |
| 25 | 30218740001758 | RAM MILAN | 29.86 |
| 26 | 30218740001682 | SARSWATI KAPOOR CHAND | 10.23 |
| 27 | 30218730017880 | AAKASH A | 12.25 |
| 28 | 30218730017812 | Babita , | 2.8 |
| 29 | 30210670000037 | SHANTI AMIT KUMAR | 123.88 |
| 30 | 30210670000024 | RISHABH KAUSHIK | 181.26 |
| 31 | 30210670000011 | SEEMA SHARMA | 175.37 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, #8, पश्चिम एन्कलेव रोहतक रोड़, पीड़ागढ़ी चौक, मारूति शो रूम के सामने पश्चिम विहार , नई दिल्ली- 110087 | | | |

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 29.03.2025

एसडी/-अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **नवीन राणा पुत्रः** स्व. श्री अजीत सिंह राणा **पताः** मकान नं. 345/9, नट्टन पन्ना कुंडल गढ़ी रोड, ग्राम मुंगेश पुर, दिल्ली, ने **CT. No. 2021/2020 U/s 138 NI Act. थानाः अलीपुर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नवीन राणा,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नवीन राणा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT. No. 2021/2020 U/s 138 NI Act. थानाः अलीपुर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **नवीन राणा,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री रूबी नीरज कुमार**
**एलडी. सीजेएम/उत्तर, कमरा नं. 115**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3903/ON/2025 (Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ब्रिजेश कुमार पुत्र** ज्ञान सिंह **निवासी** म. नं. 354, बवाना डिस्पेंसरी के नजदीक, दिल्ली ने **FIR. No. 370/20 U/s 279/338 IPC. थानाः रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **ब्रिजेश कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **ब्रिजेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 370/20 U/s 279/338 IPC. थानाः रानी बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ब्रिजेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

**आदेशानुसार वसुंधरा झोंकर**
**एसीजेएम, कमरा नं. 101**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3814/OD/2025 (Court Matter)**

### विज्ञापन

बा अदालत जनाब सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी गन्नौर।

| केस नं० | तिथि दायरा | तिथि पेशी | किस्म मुकदमा | मौजा |
|---|---|---|---|---|
| 212/T | 20.12.2024 | 25.04.2025 | तकसीम | भिगान |

1.सोनाक्षी पत्नी विमल पुत्र सतीश, 2. विमल पुत्र सतीश पुत्र लेखराज निवासीगण गाँव भिगान, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत हाल निवासीगण ए–1/20–21, सेक्टर–14, प्रशांत विहार, रोहिणी, उत्तर–पश्चिमी दिल्ली–110085, 3. योगेश कुमार पुत्र महेन्द्र कुमार पुत्र रामचन्द, निवासी गाँव भिगान, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत हाल निवासी सी–2/16, प्रशांत विहार, सेक्टर–14, रोहिणी, उत्तर–पश्चिमी दिल्ली–110085

—फरीक अव्वलान

बनाम

1.श्रीमती कान्ता देवी पत्नी देवेन्द्र सिंह पुत्र हेमचन्द, 2. राजेश, 3. विजय, 4. मोहन पुत्रान व, 5. सन्तोष पुत्री विमला पुत्री भीमसिंह, 6 महेश, 7. दिनेश, 8. योगेश पुत्र रघबीर पुत्र माडु, 13. अनिल पुत्र रमेश पुत्र रतिराम, 14. सरिता पत्नी मुकेश पुत्र चेतराम, निवासीगण गाँव भिगान, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत।

—फरीक दोयमगण

दरखास्त तकसीम खेवट नं० 550//473, 551//473 वाका मौजा रकबा भिगान, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत।

उक्त दरखास्त मेरे न्यायालय में विचाराधीन है व तिथि पेशी 25.04.2025 के लिये निश्चित है। अतः इस विज्ञापन द्वारा पक्ष दोयम को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.04.2025 को असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में उपरोक्त केस की पेरवी हेतु हाजिर आवे। हाजिर ना आने की सूरत में कार्यवाही एकतरफा अमल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 26.03.2025 को मेरे न्यायालय की मोहर एवं हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी
गन्नौर। 26.03.2025

# मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को दबोचा

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के विकासपुरी इलाके में गुरुवार देर रात 1.30 बजे जिले की स्पेशल स्टाफ टीम और कुख्यात बदमाश आकाश झा उर्फ मोनू के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान आरोपित आकाश झा ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। फायरिंग में एक गोली कांस्टेबल की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। जिसके बाद पुलिस की फायरिंग में आरोपित बदमाश घायल हो गया। गोली आरोपित के पैर में लगी। आकाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने उपचार के बाद उसे गिरफ्तार कर किया। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर राजेश मौर्य की टीम को सूचना मिली कि कुख्यात बदमाश आकाश झा अवैध उगाही के लिए लोगों को फोन कर रहा है।

## भारतीय रेल

**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**
**शुद्धिपत्र–III**

**विषयः अट्ठारह नग सेल्फ प्रोपेल्ड अल्ट्रासोनिक रेल टेस्टिंग कार "स्पर्ट कार" की आपूर्ति के लिए दिनांक 16.04.2025 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम– 2402**

वाणिज्यिक निविदा शर्तों से संबंधित शुद्धिपत्र वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है।
निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

**कार्यपालक निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी.)**
**रेलवे बोर्ड**
**दूरभाष नं. 011–47845531**
**ई मेल : vijay.singh.2017@gov.in**

966/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक /यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा डीलक्स पे एंड यूज शौचालय BOT & MOT के आधार पर अनुबंध **लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली "जैसा है जहां है"** के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / साइट |
|---|---|---|
| PaynUse05-2025 | दिनांक 15.04.2025 को 12:00 बजे | हजरत निज़ामुद्दीन (HNZM) - 2 साइट, नई दिल्ली (NDLS) - 1 साइट, दिल्ली (DLI) - 1 साइट, पालम (PM) - 1 साइट, आनंद विहार (ANVT) - 1 साइट, पानीपत (PNP) - 1 साइट & शिवाजी ब्रिज (CSB) - 1 साइट कुल – 8 साइट्स/स्थल। |

**वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है** — **https://ireps.gov.in/**

**ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ:** आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:
–ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एसबीआई बैंक खाते का एकीकरण; फण्ड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; **Email: sanitationcell@gmail.com Tel: 011-23743084**

संख्या–7PUB/TN/Pay&UseToilets/Auction/2022 दिनांक: 28.03.2025 982/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाइजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राइवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।
मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जो की धर्मवीर सिंह पुत्र देवी राम निवासी भोरा रसूलपुर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत हाल निवासी जौरासी रोड समालखा जिला पानीपत ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र नवीन उर्फ भालू मेरे वह मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है मैं नवीन उर्फ भालू को अपने चले वचन संपत्ति से बेदखल और संबंध विच्छेद करता हूं आज के बाद अगर कोई भी नवीन उर्फ भालू शैलेंद्र व्यापार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी वह मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली में जल संकट को दूर करने के लिए समर एक्शन प्लान तैयार: वर्मा

**समीक्षा बैठक**

**विधानसभा में जल मंत्री ने विधायकों और दिल्ली जल बोर्ड अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**





**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने आज यहां कहा कि दिल्ली में जल संकट को दूर करने के लिए समर एक्शन प्लान पूरी तरह से तैयार है। सरकार लगातार इसकी समीक्षा कर रही है और जल आपूर्ति सुचारू रखने के लिए हर क्षेत्र में नोडल अफसरों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को विधानसभा में विधायकों और दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में जल संकट और समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हर दूसरे-तीसरे दिन हम बैठक कर रहे हैं ताकि यह पता चल सके कि कहां क्या स्थिति बनी हुई है। प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली के जिन इलाकों में जल स्तर ऊपर और मीठा पानी उपलब्ध है, वहां अधिक ट्यूबवेल लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा जहां टैंकर की जरूरत होगी, वहां टैंकर सेवा को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले टैंकर में केवल एक ड्राइवर होता था लेकिन अब दो ड्राइवर तैनात किए जाएंगे ताकि जल आपूर्ति में कोई रुकावट न आए। आज विधानसभा में आयोजित बैठक में भाजपा और अन्य दलों के विधायकों के साथ जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जल संकट से सबसे अधिक प्रभावित इलाकों की पहचान की गई और जल आपूर्ति को सुचारू करने के उपायों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जल आपूर्ति में किसी भी तरह की अनियमितता को तुरंत दूर किया जाए और लोगों की शिकायतों का तुरंत समाधान हो। प्रवेश वर्मा ने कहा कि पानी के वितरण को लेकर कोई भेदभाव न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए हर क्षेत्र में नोडल अफसर तैनात किए जा रहे हैं।

## आप सरकार ने दस वर्षों में सीवर की व्यवस्था सुधारने के लिए कुछ नहीं किया: प्रवेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के जल विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा ने आज विधानसभा में पानी और सीवर संकट को लेकर पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार की नाकामियों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पानी और सीवर की समस्या नहीं है। यह साबित करता है कि आआपा सरकार ने दस साल तक सिर्फ झूठे वादों और घोषणाओं से दिल्लीवासियों को गुमराह किया। उन्होंने पानी और सीवर की व्यवस्था सुधारने के लिए कुछ नहीं किया। प्रवेश वर्मा ने कहा कि आआपा सरकार ने जल आपूर्ति को भी राजनीतिक एजेंडे




का हिस्सा बना लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने भाजपा विधायकों के क्षेत्रों में जानबूझकर पानी की कटौती की और अपने विधायकों के इलाकों में सप्लाई बढ़ाई। यह आम जनता के साथ किया गया सबसे बड़ा अन्याय था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज जब हम पानी की समस्या पर चर्चा कर रहे हैं, तो सभी आआपा के विधायक खुश हैं, क्योंकि उनके मुख्यमंत्री न तो लोगों को पानी दे पाए और न ही जल आपूर्ति का कोई सिस्टम बना पाए। उन्होंने कहा कि आआपा के विधायक खुद पानी और सीवर की समस्या को लेकर परेशान हैं। वे शिकायत लेकर आते तो हैं लेकिन पहले यही कहते हैं झ्र ह्यआपको मेरी कसम, आप नाम मत लेना!ह्न इस पर चुटकी लेते हुए प्रवेश वर्मा ने कहा कि अगर मैंने नाम ले लिया तो उनकी कसम टूट जाएगी! प्रवेश वर्मा ने आआपा सरकार पर गहरी साजिश का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तरह पूर्ववर्ती सरकार ने भाजपा विधायकों के क्षेत्रों में सीसीटीवी लगाने से इनकार कर दिया था, ठीक उसी तरह पानी की आपूर्ति में भी भेदभाव किया गया।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली विधानसभा में अपनी बात रखती हुई।

## जस्टिस यशवंत वर्मा से प्रशासनिक जिम्मेदारियां भी वापस ली गईं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अपने आवास से कैश मिलने के बाद विवादों में आये दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा से अब प्रशासनिक जिम्मेदारियां भी वापस ले ली गई हैं। इससे पहले हाई कोर्ट ने जस्टिस वर्मा से न्यायिक जिम्मेदारियां वापस ले ली थीं। जस्टिस यशवंत वर्मा हाई कोर्ट की प्रशासनिक कमेटियों के सदस्य थे। हाई कोर्ट ने नये सिरे से प्रशासनिक कमेटियों का गठन किया है जिसमें जस्टिस यशवंत वर्मा नहीं हैं। जस्टिस वर्मा पहले 14 कमेटियों के सदस्य थे। जस्टिस वर्मा के आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद होने के बाद पूरी न्यायपालिका और राजनीतिक हलकों में भूचाल आ गया था।

## क्राइम ब्रांच ने ठगी के मामले में दंपति को किया गिरफ्तार

**विरोध**

**इनकी पहचान राकेश कुमार सोनकर और संदीप देवी उर्फ निक्की उर्फ जसबिंदर कौर के रूप में हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ठगी के मामले में छह साल से फरार चले रहे एक दंपति को लुधियाना से गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान राकेश कुमार सोनकर और संदीप देवी उर्फ निक्की उर्फ जसबिंदर कौर के रूप में हुई है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने शुक्रवार को बताया कि जांच में पता चला है कि राकेश सोनकर, संदीप देवी, संदीप माथुर और सुषमा नाम के चार आरोपितों ने अगरबत्ती और कपूर निर्माण की एक कंपनी शुरू की और अगरबत्ती और कपूर की पैकेजिंग के लिए मजदूरों की आवश्यकता का प्रचार किया। उन्होंने कंपनी में नौकरी पाने के लिए पंजीकरण शुल्क के रूप में हजारों दिहाड़ी मजदूरों से पैसे लिये। उन्होंने कमीशन के आधार पर पैसे का वादा करके कुछ एजेंटों को भी धोखा दिया। आरोपित पीड़ितों के करीब 50 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। इधर साकेत कोर्ट द्वारा आरोपितों को भगोड़ा घोषित कर उनकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया।

## आरक्षित विषयों पर तारांकित और अतारांकित प्रश्नों पर विस अध्यक्ष ने दिए निर्देश

**निर्देश**

**जैसा कि आप जानते हैं कि अनुच्छेद 239 एए के अनुसार विषय आरक्षित हैं, न कि विभाग।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को सदन में आरक्षित विषयों पर तारांकित और अतारांकित प्रश्नों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं कि अनुच्छेद 239 एए के अनुसार विषय आरक्षित हैं, न कि विभाग। गृह विभाग (जैसे कि आपराधिक कानून, अभियोजन, दिल्ली अग्निशमन सेवा आदि) और भूमि एवं भवन विभाग (जैसे कि अस्पताल या स्कूलों के लिए भूमि का आवंटन, हाउसिंग, कार्यालय आवास, हाउसिंग लोन आदि) कई ऐसे कार्य करते हैं जो आरक्षित नहीं हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नियमों के अनुसार प्रश्नों की स्वीकार्यता तय करने के लिए अध्यक्ष अंतिम प्राधिकारी हैं। नियम 48 के तहत अध्यक्ष को प्रश्नों की स्वीकार्यता तय करने का अधिकार है। नियम 291 के तहत अध्यक्ष को नियमों की व्याख्या करने का अधिकार है और उनका निर्णय अंतिम होगा। नियम 292 के तहत अध्यक्ष के पास ऐसे किसी भी मामले में अवशिष्ट शक्तियां हैं, जिसके लिए नियमों में प्रावधान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि नियम 293 के तहत किसी भी प्रश्न को अनुमति देने या न देने के संबंध में अध्यक्ष के किसी भी निर्णय पर सवाल नहीं उठाया जाएगा।

## हत्या के प्रयास में फरार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शाहदरा थाना के हत्या के प्रयास मामले में वांछित अपराधी गौरव शेरावत को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि आरोपित पुलिस से बचने के लिए अपना ठिकाना बदलकर छिपकर रह रहा था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने शुक्रवार को बताया कि 24 फरवरी को शिकायतकर्ता जतिन कुमार लोनी रोड शाहदरा में खाना खा रहे थे। तभी आरोपित और उसका भाई रूपिन शेरावत वहां आए और गौरव शेरावत ने बेसबॉल के बैट से शिकायतकर्ता के सिर पर प्रहार किया। आरोपित पीड़ित को जान को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

## भाजपा महिला मोर्चा 75 वीरांगनाओं को देगा श्रद्धांजलि

**विमोचन**

**ऑडिटोरियम में होगा 'वीरांगना' का आयोजन, 75 वीरांगनाओं पर तैयार ई कॉफी टेबल बुक का भी होगा विमोचन**




**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली। आजादी के लिए प्राणों की आहूति देने वाली देश की 75 वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि के लिए भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा शनिवार को 'वीरांगना' कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इन वीरांगनाओं पर तैयार ई कॉफी टेबल बुक भी जारी की जाएगी। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और ओडिशा की उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में शहीद वीरांगना रानी वेलु नचियार के जीवन पर हिन्दी में एक नाटक का मंचन भी किया जाएगा। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता में भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा ने बताया कि 'वीरांगना' नामक कार्यक्रम में आजादी के लिए प्राण न्योछावर करने वाली 75 महिला स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को लेकर एक पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण नाटक का मंचन किया जाएगा, जो रानी वेलु नचियार के जीवन पर आधारित होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और ओडिशा की उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन व अन्य विशिष्ट जन शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि महिला मोर्चा पहली बार ब्रिटिश हुकूमत से लड़ने वाली पहली रानी वीरांगना रानी वेलु नचियार पर आधारित नाटक का हिन्दी में मंचन कराने जा रहा है। लक्ष्मीबाई से पहले अंग्रेजों को धूल चटाने वाली रानी वेलु नचियार की गाथा से यहां के लोग ज्यादा परिचित नहीं। ऐसे में हिन्दी में रानी वेलु नचियार पर आधारित नाटक का मंचन स्वतंत्रता संग्राम में उनके बहुमूल्य योगदान और महान संघर्ष को जीवंत करेगा।

## सलीम खान को 10 दिनों की अंतरिम जमानत

**दिल्ली हिंसा**

**हाई कोर्ट ने सलीम खान को अपनी बेटी की परीक्षा फीस का इंतजाम करने के लिए दस दिनों की अंतरिम जमानत दी**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली हिंसा की साजिश रचने के मामले में यूएपीए के आरोपित मोहम्मद सलीम खान को 10 दिनों की अंतरिम जमानत दी है। जस्टिस नवीन चावला की अध्यक्षता वाली बेंच ने अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। हाई कोर्ट ने सलीम खान को अपनी बेटी की परीक्षा फीस का इंतजाम करने के लिए दस दिनों की अंतरिम जमानत दी है। हाई कोर्ट ने सलीम खान को 20 हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी है। इसके पहले 25 मार्च को कड़कड़डूमा कोर्ट ने अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद सलीम खान ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट में इस मामले के आरोपितों की जमानत याचिका लंबित है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने जिन आरोपितों के खिलाफ यूएपीए के तहत एफआईआर दर्ज की है उनमें उमर खालिद, इशरत जहां, खालिद सैफी, सफूरा जरगर, गुलफिशा फातिमा, नताशा नरवाल, देवांगन कलीता ताहिर हुसैन, आसिफ इकबाल तान्हा, शादाब अहमद, तसलीम अहमद, सलीम मलिक, मोहम्मद सलीम खान, अख्तर खान और शरजील इमाम के नाम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली हिंसा के यूएपीए से जुड़े मामले में अब तक पांच लोगों को जमानत मिल चुकी है।

जिन आरोपितों को जमानत मिल चुकी है, उनमें इशरत जहां, आसिफ इकबाल तान्हा, सफूरा जरगर, देवांगन कलीता और नताशा नरवाल शामिल हैं। फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगे कम से कम 53 लोग मारे गए थे।

## ड्रग्स तस्करी के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तरी-पूर्वी जिले के नंद नगरी थाना पुलिस ने ड्रग्स तस्करी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान नंद नगरी निवासी अजय के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 250.37 ग्राम स्मैक बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपित अजय ने अपना अपराध स्वीकार कर बताया की वह इस नशीले पदार्थ को लोकल इलाके में बेचने के लिए लाया था। पुलिस के मुताबिक नंद नगरीथाना पुलिस को सूचना मिली थी कि इलाके में एक व्यक्ति ड्रग्स लेकर आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने गुरुवार रात ई-ब्लॉक, नन्द नगरी के पास एक संदिग्ध को रोका।

## चोरी के मामले में पुलिस ने गोवा से आरोपित को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के ग्रेटर कैलाश थाना पुलिस ने मालिक की कार से 16 लाख रुपये के आभूषण व नकदी चुराने वाले ड्राइवर को गोवा से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए ड्राइवर की पहचान इंदुलुरी रंगा रेड्डी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक हीरे का हार, एक जोड़ी हीरे की बाली जिसकी कीमत लगभग 16 लाख रुपये है और नकद पचास हजार रुपये बरामद किए है। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने शुक्रवार को बताया कि 24 मार्च को ग्रेटर कैलाश थाना



पुलिस को शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि अज्ञात शख्स ने उसकी गाड़ी में रखे हीरे के आभूषण और एक लाख 30 हजार रुपये चोरी कर लिये हैं।
वह अपनी गाड़ी पहाड़ी वाला गुरुद्वारा, जीके-आई के सामने खड़ी करके गई थी। पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता से पूछताछ की तो पता चला कि उसका ड्राइवर इंदुलुरी रंगा रेड्डी वारदात के बाद से लापता है।

## दिल्ली पुलिस ने छह बांग्लादेशी घुसपैठियों को किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिला पुलिस ने देश में अवैध रूप से रह रहे छह बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वीडियो कॉल करने वाली ऐप आईएमओ से लैस छह मोबाइल फोन बरामद किए है। आरोपित बांग्लादेश में अपने परिवारों से बातचीत करते थे।
उत्तर पश्चिमी जिले के एडिशन डीसीपी सिकंदर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान मोहम्मद जकरिया, सुहाना खान, अखी सरकार, मोहम्मद बाओइजद खान, मोहम्मद राणा और जॉनी हुसैन के रूप में हुई है। सभी आरोपित बांग्लादेश के रहने वाले है। उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ बांग्लादेशी छिपकर जहांगीर पुरी और पीएस महेंद्र पार्क इलाके में रह रहे है और पुलिस से बचने के लिए ट्रांसजेंडर बनकर ट्रैफिक सिग्नल पर भीख मांगते है।
सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने गुरुवार देर रात जहांगीर पुरी मेट्रो स्टेशन के पास से छह संदिग्ध लोगों को पकड़ा।

## पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए कार्यक्रम का किया आयोजन

**मंच प्रदान किया**

**कार्यक्रम में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों को एक मंच प्रदान किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली। कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने गुरुवार को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के लिए तीसरे 'उम्मीदवार ओपन हाउस' आयोजित किया, जिसमें विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने और कार्यक्रम में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों को एक मंच प्रदान किया गया। यह पहल उम्मीदवारों के सवालों और चिंताओं को दूर करने की मंत्रालय की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।
कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बयान में बताया कि पिछले सत्रों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए 27 मार्च को दोपहर 3 बजे से शाम 4:45 बजे तक पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए एक और महत?वपूर्ण कैंडिडेट ओपन हाउस




की मेजबानी की गई। इसमें 684 से अधिक लाइव उपस्थित और 1,765 पूर्व-प्रस्तुत प्रश्नों के साथ बड़ी भागीदारी देखी गई। सभी उम्मीदवारों के सवालों के जवाब दिए गए। इससे मॉडरेटर सबसे आम चिंताओं को दूर कर सकते हैं और यह भी सुनिश्चित कर सकते हैं कि सत्र के दौरान पोस्ट किए गए लाइव सवालों का जवाब दिया जाए।
मंत्रालय ने बताया कि यह ओपन हाउस विशेष रूप से प्रभावशाली रहा। इसमें महिंद्रा एंड महिंद्रा के फार्म डिवीजन में कौशल विकास और शिक्षा के प्रमुख, उद्योग विशेषज्ञ डॉन लुईस शामिल थे। लुईस ने इंटर्नशिप, करियर निर्माण रणनीतियों और पेशेवर विकास के महत्व पर मूल?यवान सलाह साझा की। उन्होंने उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहने की सलाह दी और उन्हें नियमित अपडेट के लिए पोर्टल पर जानकारी लेते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए तीसरे कैंडिडेट ओपन हाउस में तीन पीएमआईएस इंटर्न-श्वेता जोशी, अंकित कुमार और विद्यासागर पाटिल ने अपनी इंटर्नशिप यात्रा से व्यक्तिगत कहानियां साझा कीं। उनकी कहानियों ने अवसर की क्षमता का उल्लेख किया और यह सिद्ध किया कि भाषा, स्थान और पृष्ठभूमि किसी के सपनों को पूरा करने में कोई बाधा नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि एमसीए द्वारा हर सप्ताह आयोजित ओपन हाउस सत्र इच्छुक अभ्यर्थियों को वास्तविक समय में अपने प्रश्नों का समाधान पाने, उद्योग विशेषज्ञों और पीएमआईएस प्रशिक्षुओं से जुड़ने तथा पोर्टल की विशेषताओं के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है।

# बजट की एक-एक पाई जनता की भलाई के लिए होगी खर्च: सीएम

## बजट सत्र में विधायकों द्वारा 60 घंटे रचनात्मक चर्चा की गई जनकल्याण के लिए पेश किए गए 16 महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा कर किए पारित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट सत्र के दौरान रचनात्मक सुझावों के लिए सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हरियाणा के इतिहास का शायद यह सबसे लंबा बजट सत्र रहा है। 12 दिन चले इस बजट सत्र में कुल 13 बैठक आयोजित हुई है और सदस्यों द्वारा 60 घंटे रचनात्मक चर्चा की गई है। मुख्यमंत्री आज बजट सत्र के समापन उपरांत विधानसभा परिसर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 17 मार्च को वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने अपना पहला बजट प्रस्तुत किया था। इन बजट प्रस्तावों पर सदन में 8 घंटे 26 मिनट सदस्यों द्वारा विचार मंथन किया गया जिसमें विपक्ष की ओर से 23 सदस्यों द्वारा 4 घंटे 36 मिनट अपने विचार रखे गए। इसी प्रकार, सत्ता पक्ष की ओर से 21



विधायक 3 घंटे 35 मिनट बोले। साथ ही दो निर्दलीय विधायकों ने भी 15 मिनट बजट पर अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट सत्र के दौरान विभिन्न विधायकों द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर दिए गए ध्यानाकर्षण प्रस्तावों को विधानसभा स्पीकर द्वारा स्वीकार करते हुए कुल 10 ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, हरियाणा प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए पेश किए गए 16 महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा कर उन्हें पारित किया गया। उन्होंने कहा कि 205017 करोड़ रुपए की राशि के बजट की एक-एक पाई हरियाणा प्रदेश की जनता की भलाई के लिए खर्च की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि स्पीकर द्वारा सभी सदस्यों को खुलकर बोलने का मौका दिया गया जिसके कारण बजट के सभी पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि प्रश्न काल के दौरान 20 ही प्रश्न सूचित किए जाते हैं और कई बार ऐसा हुआ की 20 के 20 प्रश्नों पर चर्चा करते हुए सरकार द्वारा जवाब दिया गया। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि विपक्ष ने चर्चा के दौरान जो भी सुझाव दिए उन सभी को नोट किया गया, चाहे वह विधेयक को लेकर हो, राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर हो या बजट को लेकर हो। सरकार द्वारा उनके एक-एक उठाए गए सवाल का जवाब दिया गया। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि 31 मार्च को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा हिसार में एक बड़े ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज से हरियाणा ही नहीं बल्कि राजस्थान और पंजाब के लोग भी लाभान्वित हो रहे हैं।

इसके अलावा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को दो बड़ी परियोजनाओं की सौगात हरियाणा वासियों को देंगे जिसमें एक परियोजना का उद्घाटन और एक का शिलान्यास शामिल है। उन्होंने बताया कि कई बड़े अन्य प्रोजेक्ट्स भी तैयार हैं जिनकी प्रशासनिक स्वीकृति अभी लंबित है जिसमें कुटेल में कल्पना चावला मेडिकल यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक, भिवानी में पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज, अंबाला में एयरपोर्ट और शहीद स्मारक आदि शामिल हैं। इनकी प्रशासनिक स्वीकृति मिलने उपरांत जल्द ही इन्हें जनता को समर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग और मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय भी उपस्थित थे।

### बजट सरकार की नीति, नीयत और विजन का दस्तावेज: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बजट सरकार के खर्चों का लेखा—जोखा नहीं, बल्कि ये सरकार की नीति, नीयत और विजन का दस्तावेज होता है। उन्होंने हरियाणा की जनता को विश्वास दिलाया कि बजट में की गई घोषणाओं को तीन गुणा रफ्तार से धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन सदन को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि जिस प्रकार सभी सदस्यों ने इस बजट सत्र में अपने विचारों, आकलन और सकारात्मक सुझावों से सत्र को सफल बनाया है, उसी प्रकार बजट में की गई घोषणाओं को हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख लोगों तक पहुंचाने के लिए भी सहयोग दें। हम सभी पक्ष—विपक्ष बनकर नहीं, बल्कि साथ मिलकर हरियाणा के विकास में भागीदार बनें।

**यह बजट सत्र केवल बजट सत्र नहीं, बल्कि हरियाणा के विकास का सत्र**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट सत्र केवल बजट सत्र नहीं, बल्कि हरियाणा के विकास का सत्र है। इस बार का बजट सत्र हरियाणा के इतिहास में सबसे लंबा बजट सत्र रहा है, जिसमें सभी सदस्यों ने बजट पर सकारात्मक चर्चा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र के सपने में हरियाणा का स्थान और योगदान अग्रणी रहेगा।

**मुझे 11वां बजट प्रस्तुत करने का अवसर मिला, ये मेरा सौभाग्य — मुख्यमंत्री**

नायब सिंह सैनी ने सदन को संसदीय प्रणालियों के अनुरूप चलाने और सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का अवसर देने के लिए विधानसभा अध्यक्ष का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में 11 के अंक का विशेष महत्व है और यह सुखद संयोग है कि ये हमारी सरकार का 11वां वर्ष है, हमें तीसरी बार हरियाणा की सेवा करने का अवसर मिला है और मुझे 11वां बजट प्रस्तुत करने का सौभाग्य मिला है।

उन्होंने कहा कि 7 मार्च को बजट सत्र का आरंभ हुआ था।

## न्यूज फ्लैश

### अपर्णा संस्थान के संबंध में लाए गए विधेयक का उद्देश्य स्वामी धीरेन्द्र ब्रह्मचारी के जन कल्याण के विचारों को आगे बढ़ाना: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अपर्णा संस्थान के संबंध में सदन में लाए गए विधेयक का उद्देश्य स्वामी धीरेन्द्र ब्रह्मचारी के जन कल्याण के विचारों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि उस जमीन पर योगा आश्रम पहले से बना है और स्वामी धीरेन्द्र ब्रह्मचारी जी चाहते थे कि लोगों को यहां पर स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध हों। इसलिए इस आश्रम का नियंत्रण सरकार के अधीन लेकर जन कल्याण के भाव को साकार करना है। मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में अपर्णा संस्थान के संबंध में लाए गए विधेयक पर चर्चा के दौरान सदन में बोल रहे थे। नायब सिंह सैनी ने सदन को अवगत कराया कि इस विधेयक को लाने से हम केंद्र सरकार के किसी भी कानून को बाइपास नहीं कर रहे हैं बल्कि उसके अधीन रहकर ही सभी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी धीरेन्द्र ब्रह्मचारी की मृत्यु होने के बाद उक्त संस्था दो गुटों में बंट गई और पिछले करीब तीन दशकों से इनमें मुकदमेबाजी चल रही है और उक्त संस्थान निष्क्रिय हो गया है। इसलिए इस विधेयक को लाने का उद्देश्य यह है कि संस्थान की जमीन किसी गलत हाथों में न जाए और लोगों को इसका लाभ मिलता रहे।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टोलरेंस नीति: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार पिछले 11 सालों से लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति अपनाते हुए कार्य कर रही है और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों या अन्य लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जा रहा है। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मनरेगा के संबंध में विधायक डॉ रघुबीर कादियान द्वारा उठाए गए मुद्दे का जवाब दे रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मनरेगा घोटाले के मामले में वर्तमान राज्य सरकार ने संज्ञान लेते हुए सख्त एक्शन लिया है। इस मामले में अधिकारियों और संल्पित अन्य लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि आगे भी सरकार द्वारा जीरो टोलरेंस नीति पर चलते हुए भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

### हरियाणा को मिला अपना राज्य गीत

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन हरियाणा को अपना राज्य गीत मिल गया। सदन में राज्य गीत के चयन पर गठित समिति द्वारा राज्य गीत पर रखा गया प्रस्ताव ध्वनि मत से सर्वसम्मति से पारित हुआ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस गीत को मूर्तरूप देने वाले सभी गणमान्यों का आभार व्यक्त किया और इसे 2 करोड़ 80 लाख लोगों की भावनाओं में जोश भरने वाला गीत बताया। नायब सिंह सैनी ने सुझाव देते हुए कहा कि जिस प्रकार हमारे राष्ट्रगान के लिए नियम एवं मानदंड निर्धारित हैं, उसी प्रकार हमारे इस राज्य गीत के लिए भी कुछ नियम व मानदंड निर्धारित होने चाहिएं। उन्होंने बताया कि इस राज्य गीत का प्रस्ताव सर्वप्रथम तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल लेकर आए थे। उन्होंने प्रदेश के राज्य गीत होने का प्रस्ताव सदन में रखा, जिसे सदन के सभी सदस्यों ने सहर्ष स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि कमेटी द्वारा यह गीत इस महान सदन में पहले भी सुनाया गया, जिस पर सदस्यों ने अपने सुझाव दिए और आज उन सुझावों को शामिल कर पुन: कमेटी द्वारा इसे सदन में प्रस्तुत किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरि की भूमि हरियाणा वर्ष 1966 में एक अलग राज्य बना। लेकिन लगभग 6 दशक बीत जाने पर भी हमारा कोई राज्य गीत नहीं है। राज्यगीत किसी भी प्रदेश के गौरव को प्रकट करता है। इसलिए हमने हरियाणा प्रदेश का भी राज्य गीत बनाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने कहा कि इस गीत को बनाने, गाने, इसके लिए संगीत तैयार करने और अन्य कार्यों में जिन महानुभावों ने योगदान किया है, उनका विशेष आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि यह राज्य गीत हमारे इतिहास और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें हरियाणा की महान संस्कृति की सुगंध है। इसमें हरियाणा की जनता द्वारा किए गए विभिन्न योगदानों की भी एक झलक है। हरियाणा की पवित्र भूमि वैदिक पूर्व काल से ही एक गौरवशाली इतिहास, समृद्ध परंपराओं और संस्कृति का केन्द्र रही है।

## विधायको को घर खरीद के लिए एक करोड़ और कार के लिए करीब साढ़े बीस लाख रियायती ऋण

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा के विधायक अब सरकार से** घर बनाने के लिए 1 करोड़ रूपए तक का सस्ता लोन ले सकेंगे। पहले 80 लाख का लोन मिलता था। कार खरीदने के लिए भी अब 20 लाख की जगह 20 लाख 40 हजार का लोन मिलेगा। इसके बदले में विधायकों को यह रकम सिर्फ 4 फीसदी ब्याज के साथ लौटानी होगी।

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन, शुक्रवार को संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने हरियाणा विधानसभा सदस्य सुविधा संशोधन विधेयक पेश किया। जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। फाइनेंस कंपनियों या बैंकों से हाउसिंग लोन लेने पर 8 से 10फीसदी और कार लोन लेने पर करीब 9फीसदी ब्याज चुकाना होता है। इसके साथ ही 7 मार्च से शुरू हुए बजट सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

विधानसभा में राज्यगीत लॉन्चिंग के दौरान पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और परिवहन एवं बिजली मंत्री अनिल विज के बीच शायरी की खूब जुगलबंदी चली। इस दौरान अनिल विज ने कहा- जो मैं कहता हूं, गाता हूं, उससे आप (भूपेन्द्र सिंह हुडडा) नाराज हो जाते हो। मैं जो गाता हूं मैं किसी को रेफर करके या संदर्भ करके नहीं गाता। कल भी मैंने कुछ पंक्तियां सुनाई थी, वह किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं है क्योंकि यह मैं खुद लिखता हूं, यह चोरी की नहीं है।

विज ने आगे कहा- जब कुछ लिखा जाता है तो उस समय माहौल



कुछ और होता है और जब सुनाया जाता है तो माहौल कुछ और होता है। इसलिए कोई अपने पर ले लेता है जबकि मैंने जो कल कहा था कि मुझसे मत खेल, मैं आग हूं, मैं अगर मैं फैल गया तो तू भाग भी नहीं पाएगा। उन्होंने साफ किया कि यह किसी से संबंधित नहीं है। हुड्डा ने विज से कुछ सुनाने को कहा तो विज ने कहा- मैं उनकी (भूपेंद्र हुड्डा) हर फरमाइश पूरी करता हूं, तो एक गाने की दो लाइन सुनना चाहता हूं। तूफानों से खेलता हूं मैं। मैं खुद भी एक तूफान हूं।। मुझ से टकराने वालों के लिए। मैं अंत का पैगाम हूं। इस पर हुड्डा खड़े हो गए। हुड्डा ने कहा...

तूफानों, आगों से खेले, तेरे जैसे हैवानों से खेलते हैं।

इस पर विज ने कहा, हुड्डा साहब जब भी बोलते हैं, तो गंद ही निकालते हैं। इसके बाद स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने हुड्डा का कहे हैवान और विज का कहे गंद शब्द को कार्यवाही से निकलवा दिया।

**लोन मिलेगा**

**तूफानों से खेलता हूं मैं। मैं खुद भी एक तूफान हूं।। मुझ से टकराने वालों के लिए। मैं अंत का पैगाम हूं**

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स के खनन में ओवरलोडिंग और भ्रष्टाचार के सवाल पर खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार की जुबान फिसल गई। वह कह बैठे कि हम ओवरलोडिंग का चालान नहीं करते।

मेरे पास तो खनन विभाग है, हम अवैध खनन करते हैं। इस पर सदन में सभी हंसने लगे। इसके बाद अनिल विज खड़े हुए और कहा कि ओवरलोड गाड़ियों के चालान हम कहीं भी कर सकते हैं। मैंने अधिकारियों को कहा है कि वह ओवरलोड करने वाले वाहनों के जितने भी चालान कर सकते हैं करें। रही भ्रष्टाचार की बात तो सरकार इसकी इजाजत नहीं देती है। वह इस मामले की जांच कराएंगे।इस दौरान विधायक उमेद पातूवास ने सड़क पर बिजली के खंबों का सवाल उठाया। अनिल विज के पास मंत्रालय होने की वजह से कहा- गब्बर है तो संभव है। इस पर अनिल विज खड़े हुए और उन्होंने कहा कि सड़कें चलने के लिए होती हैं, खंबों के लिए नहीं।

## बाढड़ा में 205 असुरक्षित खंभों को सुरक्षित स्थानों पर किया स्थानांतरित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र में 205 असुरक्षित खंभों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। वह आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बाढड़ा के विधायक उमेद सिंह के प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया कि बिजली के खंभे प्रारंभ में सुरक्षित स्थानों पर लगाए जाते हैं, लेकिन सड़क चौड़ीकरण या भूमि सीमांकन के कारण कुछ खंभे समय के साथ असुरक्षित हो सकते हैं। इसी के मद्देनजर, पिछले तीन वर्षों में बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र में 205 असुरक्षित खंभों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम पंचायतों के पास इन खंभों को स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक निधि उपलब्ध नहीं है। सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए निर्णय लिया है कि खंभों के स्थानांतरण का खर्च पंचायत कर या विकास एवं पंचायत विभाग के अलग बजट से कवर किया जाएगा। अनिल विज ने सदन में यह भी कहा कि भारत एक विकासशील देश है, जहां निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं।

सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है, जिससे बिजली के तारों और खंभों से संबंधित समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पूरे हरियाणा में सर्वेक्षण कराया जा रहा है, ताकि सड़कों पर बाधा बन रहे खंभों को हटाया जा सके। इस कार्य हेतु विभाग एक एस्टीमेट तैयार कर रहा है।

### जेबीटी के 458 स्वीकृति पद

**चंडीगढ़:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि कालका विधानसभा क्षेत्र में कुल 262 राजकीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 3 संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, 3 पीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व उच्च विद्यालय, 24 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, 8 उच्च विद्यालय, 50 माध्यमिक विद्यालय, 22 संस्कृति प्राथमिक विद्यालय और 152 प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं। इन सभी स्कूलों में पीजीटी के 456, टीजीटी के 536 और पीआरटी व जेबीटी के 458 स्वीकृति पद हैं। मंत्री महीपाल ढांडा ने बताया कि राज्य में 14,295 राजकीय विद्यालय संचालित हैं। राज्य सरकार विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए गंभीर है।

## विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन छः विधेयक पारित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन छः विधेयक पारित किए गए। इनमें हरियाणा विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2025, हरियाणा (बंदी आदान-प्रदान) निरसन विधेयक, 2025, हरियाणा बागवानी पौधशाला विधेयक,2025, अपर्णा संस्था (प्रबंधन तथा नियंत्रण ग्रहण) विधेयक, 2025, हरियाणा विधान सभा (सदस्यों को चिकित्सा सुविधाएं) संशोधन विधेयक, 2025 तथा हरियाणा विधान सभा (सदस्यों को सुविधाएं) संशोधन विधेयक,2025 शामिल हैं।

**हरियाणा विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2025**

मार्च, 2026 के 31वें दिन को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सेवाओं के लिए हरियाणा राज्य की संचित निधि में से कुल 258339,98,37,030 रुपये के भुगतान और विनियोग का प्राधिकार देने लिए हरियाणा विनियोग(संख्या 2) विधेयक, 2025 पारित किया गया है।

**हरियाणा (बंदी आदान-प्रदान) निरसन विधेयक, 2025**

हरियाणा (बंदी आदान-प्रदान) अधिनियम, 1948 को निरस्त करने के लिए हरियाणा (बंदी आदान-प्रदान) निरसन विधेयक, 2025 पारित किया गया है। भारत से पाकिस्तान में कुछ बंदियों के अन्तरण तथा पाकिस्तान से कुछ बंदियों को भारत में प्राप्ति के लिए बन्दियों के आदान-प्रदान हेतु पाकिस्तान के साथ करारनामें के अनुसरण में पूर्वी पंजाब (बंदी आदान-प्रदान) अधिनियम, 1948 (1948 का पंजाब अधिनियम संख्या 13) अधिनियमित किया गया था। भारत तथा पाकिस्तान के विभाजन के लगभग दो वर्ष बाद तथा पूर्वी पंजाब (बंदी आदान-प्रदान) अधिनियम, 1948 (1948 का पंजाब अधिनियम संख्या 13) पारित करने के बाद अधिकांश बन्दी स्थानांतरित हो गए थे।

पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 द्वारा हरियाणा राज्य के सृजन के कारण पूर्वी पंजाब (बंदी आदान-प्रदान) अधिनियम, 1948 हरियाणा राज्य में लागू किया गया था। इस अधिनियम के शीर्षक में वर्णित पूर्वी पंजाब को सरकार की 7 जुलाई, 2021 की अधिसूचना के अनुसार हरियाणा किया गया है।

**पारित**

**विनियोग का प्राधिकार देने लिए हरियाणा विनियोग विधेयक, 2025 पारित किया गया है**

## वायु प्रदूषण की समस्या के बारे में सरकार पूर्ण रूप से गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि वायु प्रदूषण की समस्या बारे सरकार पूर्ण रूप से गंभीर है और सभी एहतियाति कदम उठाये जा रहे हैं। वायु प्रदूषण कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, यह हर किसी के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ मुद्दा है। सरकारी प्रयासों के साथ-साथ हर आदमी को सामाजिक चेतना जागृत करनी चाहिए। पॉलीथिन के उपयोग को बंद करना चाहिए। एक अध्ययन के अनुसार पॉलीथिन जलने से जहरीला धुंआ वायु प्रदूषण को बढ़ाता है। पर्यावरण मंत्री आज हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के अंतिम दिन कांग्रेस के आदित्य सुरजेवाला व अन्य विधायकों द्वारा वायु प्रदूषण पर लाये गए ध्यानाकर्षण



प्रस्ताव पर सदन में अपना वक्तव्य दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जैसे कि ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में वर्णित है हरियाणा के 24 शहरों का एक्यूआई खतरनाक रूप से खराब नहीं है। वार्षिक एक्यूआई 200 से कम है जो कि मॉडरेट श्रेणी में आती है। वर्ष 2023 तथा 2024 में फरीदाबाद व गुरुग्राम में एक्यूआई 200 से अधिक था। रोहतक व पंचकूला को छोड़कर सरकार द्वारा कंटीन्यूअस एम्बीएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन्स के प्रयोग से वायु गुणवत्ता के लिए भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 12 मापदंडों में से 8 मापदंडों का डाटा एकत्रित किया जा रहा है। हाल ही में रोहतक को भी पी. एम. 10 पैरामीटर से जोड़ा गया है। राव नरबीर सिंह ने सदन को अवगत कराया कि सरकार वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए समय-समय पर विभिन्न उपाय कर रही है।

**एहतियाति कदम**

**वायु प्रदूषण कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, यह हर किसी के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ मुद्दा है**

## अनिल विज ने अम्बाला छावनी में विकास के लिए खोले खजाने

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने प्रदेश में निकाय चुनाव के बाद आचार संहिता हटते ही अम्बाला छावनी में विकास कार्यों के लिए खजाने खोल दिए हैं। विज ने अपने स्वैच्छिक कोष से अम्बाला छावनी में विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 1 करोड़ 96 लाख रुपए की राशि जारी कर दी है। इस राशि से जहां दो सरकारी स्कूलों में नए कमरों का निर्माण तथा अन्य मरम्मत कार्य होंगे, वहीं दूसरी ओर अम्बाला छावनी में शिवाजी महाराज की प्रतिमा, फुटबाल के दादा के नाम से प्रख्यात एसडी चटर्जी फुटबाल चौक की स्थापना तथा अम्बाला छावनी में सुंदर स्वागतद्वार का निर्माण होगा। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि वह आगे भी विकास कार्यों के लिए जहां जरूरत होगी मदद के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज की बदौलत ही आज अम्बाला छावनी में चहुंमुखी विकास हो रहे है। उनके द्वारा 1857 में शहीदों के सम्मान में जहां शहीद स्मारक का निर्माण कराया जा रहा है तो वहीं, खेलों, मनोरंजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन व अन्य क्षेत्र में विकास कार्यों की झड़ी लग गई है। अम्बाला छावनी विकास के रथ पर तेजी से दौड़ रहा है और अब बहुत जल्द अम्बाला छावनी में डोमेस्टिक एयरपोर्ट की भी शुरूआत कैबिनेट मंत्री अनिल विज प्रयासों से होने वाली है।


**छावनी**

**आचार संहिता हटते ही अम्बाला छावनी में विकास कार्यों के लिए खजाने खोल दिए हैं**

## सरकार कैंसर रोगियों के लिए उपलब्ध करा रही है अनेक सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि राज्य में सामान्य कैंसर जैसे कि ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य गैर संचारी रोगों के शीघ्र निदान और प्रबंधन के लिए 30 वर्ष और उससे अधिक आयु की आबादी की जनसंख्या आधारित स्क्रीनिंग (पीबीएस) की जा रही है। उन्होंने बताया कि हालांकि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य तो 1,10,56,289 लोगों की जांच करने का था परन्तु निरंतर प्रयास करते हुए अब तक लगभग 80 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान " हरियाणा राज्य में




कैंसर रोगियों के बारे में" लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रही थी।

कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ द्वारा हरियाणा में किए गए जोखिम कारक आकलन सर्वेक्षण के अनुसार शारीरिक निष्क्रियता, अस्वास्थ्यकर आहार, तंबाकू सेवन, शराब का सेवन, वायु प्रदूषण, कीटनाशक और रसायन, संक्रमण आदि कैंसर सहित गैर-संचारी रोगों के सबसे आम जोखिम के कारक हैं। पुरुषों में सबसे आम कैंसर मुंह, फेफड़े और ग्रासनली तथा महिलाओं में स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, अंडाशय और मुंह के होते हैं। उन्होंने बताया कि कैंसर के रोगियों के उपचार में आरंभिक पड़ताल, तत्पश्चात उपचार तथा फोलोअप सम्मलित है।

कैंसर मामलों के प्रबंधन के लिए बहु-अनुशासनात्मक तथा बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसका प्रभावी प्रबन्धन केवल तृतीय स्तरीय चिकित्सा संस्थानों में ही उपलब्ध है जहां भौतिक चिकित्सकों, सर्जनों, पैथोलॉजिस्ट, ऑन्कोलॉजिस्ट और रेडियोथेरेपिस्ट सहित जांच पड़ताल, कीमोथेरेपी तथा रेडियोथेरेपी इत्यादि सभी सुविधाएँ उपलब्ध होती हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कैंसर सहित अन्य गैर संचारी रोगों (एनसीडी) के बोझ और पीड़ा को कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय गैर संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के अंतर्गत, जोखिम कारको, निवारक उपायों, उपचार सेवाओं और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कैंसर सम्बंधी योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा कर रहा है।

**उपचार**

**पुरुषों में सबसे आम कैंसर मुंह, फेफड़े और ग्रासनली तथा महिलाओं में स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, अंडाशय और मुंह के होते हैं**

# छात्रों में जीवन कौशल विकसित करने में सहायक की भूमिका अहमः नवजात जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**डेयरी।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में शुक्रवार को हिमालय के सौजन्य से जीवन कौशल पर क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के 60 स्कूलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल के अन्य छात्र जैन, सीईओ संजय जैन, निर्देशक ध्रुव जैन और स्कूल की कार्यशाला गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। बैफ जैन ने कहा कि जीवन कौशल योग्यताओं का एक समूह है जिसमें आजीविका कौशल और व्यावसायिक कौशल का संयोजन शामिल है। जीवन कौशल छात्रों को जीवन की झलकियाँ और अवसरों का प्रभावशाली ढंग से सामना करने के लिए उपकरण भी प्रदान करते हैं। कौशल छात्रों को सहयोग करने और सूचित करने से



जीवन में बाधा उत्पन्न होती है। छात्रों में जीवन कौशल विकसित करने में सहायक की भूमिका सबसे अहम है। इस कंपनी पर बिजनेसमैन के रिसोर्स पर्सन अमित दहिया व डा. निशा कुमारी ने यूनिवर्सिट को जीवन कौशल के विभिन्न सिद्धांतों से सहमत किया। कार्यशाला गीता चोपड़ा ने कहा कि प्लास्टिक और स्वस्थ जीवन के लिए जीवन सहायता सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। जीवन को सही अर्थ में जीने के लिए जीवन कौशल सीखना समय की मांग है। इस कार्यशाला का उद्देश्य उद्देश्य यह है कि आपके छात्रों में जीवन कौशल को बढ़ावा देने की क्षमता को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि छात्रों की वैयक्तिक एवं सामाजिक संरचना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे देखते हुए वर्कशॉप में उन्हें स्ट्रेटेजी स्कॉलर और कॉलेज से ले जाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्हें विश्वास है कि इस पाठशाला से प्राप्त ज्ञान, शिक्षण पद्धतियों की समृद्ध इच्छा और छात्रों के समग्र विकास में योगदान मिलेगा। ईसाई धर्म को आवश्यक जीवन कौशल से मजबूत बनाने का प्रयास सकारात्मक परिणाम देगा।
रिजर्स पर्सन अमित दहिया ने कहा कि जीवन कौशल निर्माण, उपागम और फिर सामाजिक-भावनात्मक शिक्षकों का एक समूह है जो स्वस्थ और उत्पादक जीवन जीने के लिए सीखने, सूचना निर्णय लेने और अधिकार का प्रयोग करने में सक्षम बनाता है और बाद में परिवर्तन में सक्षम बनाता है। छात्रों को जीवन की वास्तविकताओं का सामना करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य जीवन एवं क्षमता को बढ़ावा देना चाहिए। रिजर्स पर्सन डा.निशा कुमारी ने कहा कि जीवन कौशल और योग्यताएं छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य और क्षमता को बढ़ावा देने में मदद करती हैं, जब वे जीवन की वास्तविकताओं का सामना करते हैं। टाइम मैनेजमेंट, साम्यवादी संस्थाएं, वित्तीय संस्थाएं, प्रभावशाली संचार और महत्वपूर्ण सोच जैसे कौशल को वयस्क जीवन की पाइपलाइन से जोड़ने के लिए भी तैयारी की जाती है। खोज से पता चलता है कि मजबूत जीवन कौशल सफलता से संबंधित हैं।
छात्रों में जीवन कौशल का निर्माण उन्हें सहकर्मी और उनके साथी सफलता के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि परिवार और किचन में सामान रखने के लिए आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए खुद को स्थापित करना चाहिए।

# नगरपालिका पहुंचे निगम आयुक्त, पार्षदों के साथ की बैठक

**गन्नौर। नगरपालिका क्षेत्र में विकास कार्यों की प्रगति** जानने के लिए निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने शुक्रवार को गन्नौर नगरपालिका का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नगरपालिका अधिकारियों और पार्षदों के साथ बैठक की और विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। बैठक में नपा अध्यक्ष अरुण त्यागी के अलावा पार्षद व नपा सचिव नितिन वत्स के अलावा अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से साफ-सफाई, सड़क-गली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, पीएम आवास योजना और अन्य नगर विकास कार्यों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान पार्षदों ने कई समस्याओं को निगम आयुक्त के सामने रखा। पार्षदों का कहना था कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित है, गली-नालियों की सफाई ठीक से नहीं हो रही है और सफाई कर्मियों की संख्या भी कम है। इसके अलावा, इंजीनियरिंग ब्रांच के अधिकारियों के व्यवहार को लेकर भी शिकायतें सामने आईं। पार्षदों ने



मांग की कि पालिका अभियंता जयदेव शर्मा को बदला जाए, क्योंकि उनके काम करने के तरीके से जनता और जनप्रतिनिधियों को परेशानी हो रही है। बैठक में पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगरपालिका क्षेत्र में जेई का बार-बार तबादला किया जा रहा है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। तबादले की वजह से 50-50 लाख रुपये के एस्टिमेट तक नहीं बन पा रहे। जिस वजह से उनके वार्डों में विकास कार्य लगभग छह महीने से अटके हुए हैं। इसके अलावाकई विकास योजनाएं भी ठप पड़ी हैं।
**लाल डोरा सर्टिफिकेट और पीएम आवास योजना पर सवाल**
पार्षदों ने लाल डोरा सर्टिफिकेट न मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि अब तक शहर में लाल डोरा में रह रहे भू मालिकों को सर्टिफिकेट देने का काम शुरू भी नहीं किया गया। पार्षद कृष्ण टांक ने पीएम आवास योजना को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत लोगों से पैसे लेकर फाइल पास की जा रही है, जिससे गरीब लाभार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्ट्रीट लाइट का मुद्दा भी उठा। पार्षदों का कहना था कि नगर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की भारी कमी है, लेकिन अधिकारी टेंडर जारी नहीं कर रहे हैं।

# समालखा को नप बनाने की सिफारिश डीसी ने सरकार को भेजी

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा को नगरपालिका** से नगर परिषद बनाने का मार्ग साफ हो गया है । नगर परिषद बनाने के लिये डीसी ने सरकार को नगर परिषद की प्रस्तावित सीमा का नक्शा ,जन संख्या की सूचना, पालिका द्वारा पारित प्रस्ताव व अन्य सभी दस्तावेजों सहित नगरपालिका का दर्जा बड़ा कर नगर परिषद बनाने की सिफारिश सरकार को भेज दी है । सरकार द्वारा गजट नोटिफिकेशन जारी होते ही नगरपालिका का दर्जा बढ़ कर नगर परिषद का हो जायेगा । समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने बताया संघर्ष मोर्चा वर्ष 2021 से लगातार पालिका सीमा वृद्धि, सभी अवैध कालोनियों को स्वीकृत कराने व समालखा को नगर परिषद बनाने के लिये संघर्ष जारी रखे हुए था । इसके लिये मांग पत्र दिये गये व धरने प्रदर्शन, कालोनियों में नुक्कड़ सभाएं करके जनता को संगठित किया गया । उन्होने खुद ही मेहनत करके पालिका सीमा वृद्धि के नक्शे , अवैध कालोनियों को स्वीकृत करने व नगर परिषद बनाने के नक्शे नगर पालिका अधिकारियों को तैयार करके दिये । निकटवर्ती गाँवों पावटी,पट्टी कल्याणा व किवाना के
रकबे की कालोनियों को समालखा में शामिल करने के लिये इन गाँवों में खुद जा कर ग्राम सभा के आवश्यक प्रस्ताव पारित करवा कर पालिका अधिकारियों को दिलवाए ।
**नगर परिषद बनने पर यह लाभ होंगे:-**
नगर पालिका भंग होगी व नगर परिषद के



लिये चुनाव होंगे,
नई शामिल कालोनियों के वासी नगर परिषद चुनावों में वोट डाल सकेंगे,सभी अवैध कालोनियां स्वीकृत होंगी, विकास कार्य होंगे, विकास कार्यों के लिये बजट में भारी वृद्धि होगी, सफाई कर्मचारीयों की संख्या में वृद्धि होगी, नगर परिषद कार्यालय में स्टॉफ बढ़ेगा, कार्य कारी अधिकारी व डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर जैसे बड़े अधिकारी नियुक्त होंगे ।
**नगर परिषद की सीमा कहाँ तक होगी:-**
आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने बताया कि रेवेन्यु एस्टेट भापरा व समालखा के समस्त रकबा सहित रेलवे लाइन पार भरत नगर, चुलकाना रोड़ की शास्त्री कालोनी, नेसले रोड़ की महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती, नेसले फैक्ट्री, श्री तारा एंकलेव कालोनी, सीता राम कालोनी एक्सटेंशन,चंदन गार्डन,मयूर विहार, गणेश कालोनी सहित दो दर्जन से ज्यादा नई बनी कालोनियां नगर परिषद में शामिल होंगी । इसमें समालखा व भापरा का कुल करीब 10.21 वर्ग किलो मीटर का रकबा व गांव पावटी, गांव पट्टी कल्याणा,गांव किवाना का करीब 150 एकड़ का समालखा की सीमा के साथ लगता रकबा शामिल होगा।

# हॉयर एजुकेशन रेकिंग में हकेवि का उल्लेखनीय प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । रेंकिंग 2024-25** जारी, विश्वविद्यालय की श्रेणी में हकेवि 29वें पायदान पर
भारत की प्रतिष्ठित ईडब्ल्यू इंडिया हॉयर एजुकेशन रेंकिंग 2024-25 जारी हो गई है। इस रेंकिंग में गवर्मेंट यूनिवर्सिटीज के लिए निर्धारित भारत की उत्कृष्ट गवर्मेंट मल्टीडिसीप्लिनरी यूनिवर्सिटी की श्रेणी में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय इस बार वर्ष 2023 वर्ष की 33वीं रेंक से आगे बढ़कर 2024 वर्ष में 29वीं रेंक पर आ गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति



प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को प्राप्त 29 वीं रेंकिंग पर हर्ष व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के शोधकताओं, संकाय सदस्यों व सभी सहभागियों को समर्पित किया। कुलपति ने इस उपलब्धि के बाद कहा कि अवश्य ही विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन की दिशा में ऐसे ही प्रयासरत रहेगा और निरंतर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। यहां बता दें कि ईडब्ल्यू इंडिया हॉयर एजुकेशन रेंकिंग 2024-25 में जगह बनाने वाली 2009 में स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालयों में पहले स्थान पर है। इसी तरह हरियाणा राज्य में विश्वविद्यालय को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों व विश्वविद्यालय से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष जुड़े सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि जिस तरह से साल दर साल विश्वविद्यालय के प्रदर्शन में गुणात्मक वृद्धि देखने को मिल रही है, वह उल्लेखनीय है।
विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के सभी सहभागियों की मेहनत का नतीजा है। वर्ष 2023 में प्राप्त 33वीं रेंक से आगे बढ़ते हुए 2024 में विश्वविद्यालय 29वीं रेंक पर आ पहुँचा है।

# त्रिवेणियों की नलाई, गुड़ाई का कार्य हो रहा है : शशिकांत कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सेक्टर 12 की हरित पट्टी में प्रसिद्ध** समाजसेवी शशिकांत कौशिक के सानिध्य में 500 त्रिवेणियां पिछले वर्ष लगाई थी त्रिवेणियां लगाने व उनकी देखरेख का कार्य दिलबाग सिंह हिंदी प्राध्यापक व उनकी टीम कर रही है दो-तीन दिन में टैंकरों के द्वारा पौधों में पानी दिया जा रहा है समय-समय पर खाद्य व दवाई डाली जा रही है जिससे कि पौधे हरे- भरे रहे जो महिलाएं त्रिवेणियों की नलाई गुड़ाई कर रही हैं उनको सेवा ट्रस्ट (यू के) इंडिया संस्था



के प्रधान सुरेश वत्स व पहलवान हवा सिंह आंतिल की ओर से गुलाबजल भेट किया । श्रमिकों का हौसला बढ़ाने के लिए उनके कार्य की प्रशंसा की जाती है जिससे कि वह बढ़ चढ़कर कार्य करती रहें । शशिकांत कौशिक संदेश देते रहते कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए और पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करनी चाहिए ।

# 6वीं गैरेल्ड मूट कोर्ट प्रतियोगिता में विधि विश्वविद्यालय की टीम रही विजयीः कुलपति अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। डॉ बी आर अंबेडकर** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की टीम ने लिवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाडा, पंजाब के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा 6 वीं गैरेल्ड मूट कोर्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। विजेता टीम को 50 हजार रुपएं की नकद राशि का इनाम मिला। विजेता टीम का राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार, विश्वविद्यालय के कुलसचिव



प्रोफेसर डॉ.आशुतोष मिश्रा ने बधाई दी और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्विद्यालय का नाम रौशन किया है।

# जल्द ही सोनीपत में एक भव्य दशहरा ग्राउंड का निर्मा□करवाया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र में** अंतिम दिन विधायक निखिल मदान ने सोनीपत में एक भव्य दशहरा ग्राउंड बनाने की मांग सदन में रखी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत नगर निगम की आबादी लगभग 5 लाख हो चुकी है लेकिन पूरे सोनीपत निगम क्षेत्र में कहीं भी एक बड़ा दशहरा ग्राउंड नहीं है। सोनीपत में हर वर्ष दशहरा और अन्य पर्वों पर भी हनुमान जी के स्वरूप भक्तों द्वारा धारण किए जाते हैं, जिसके बाद शोभायात्रा निकाली जाती है। यह विषय सोनीपत के लोगों की आस्था और धर्म से जुड़ा हुआ है। साथ ही दशहरे पर रावण दहन किया जाता है जिसके लिए वर्तमान में सोनीपत में कोई भी ऐसी जगह नहीं है जहां सभी शहारवासी एकत्रित होकर रावण दहन देख सके। कॉलोनी और गली मोहल्लों में रावण दहन किया जाता है जहां आगजनी और अन्य दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। निखिल मदान ने कहा कि उन्होंने अपने मेयर कार्यकाल में दशहरा ग्राउंड के लिए सेक्टर 15 रंगोली ग्रीन सोसायटी के पास रेवली गाँव में 10 एकड़ से अधिक जमीन को



चिह्नित करवाया था। सोनीपत की बढ़ती आबादी और रिहायशी इलाकों में रावण दहन के समय होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए एक बड़े दशहरा ग्राउंड की बेहद सख्त जरूरत है । प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भी विधायक निखिल मदान की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि पानीपत में भी हर वर्ष अनेकों संस्थाओं द्वारा हनुमान जी का स्वरूप धारण किया जाता है और दशहरा मनाया जाता है। उनकी भी यही मांग है कि पानीपत में भी इस तरह का दशहरा ग्राउंड बनाया जाए। विधायक निखिल मदान के प्रश्न पर सदन में जवाब देते हुए प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि फरीदाबाद में भी हनुमान जी के स्वरूप धारण करने का प्रचलन है और वहां भी अनेकों संस्थाओं द्वारा दशहरा मनाया जाता है। वो सोनीपत विधायक निखिल मदान की मांग को जायज मानते हैं और सदन के पटल पर घोषणा करते हैं कि नगर निगम सोनीपत के रेवली गांव की जिस 10 एकड़ जमीन के दशहरा ग्राउंड हेतु चिन्हित किए जाने का उल्लेख विधायक निखिल मदान ने किया है। विभाग द्वारा उसका सर्वेक्षण करवाकर और तमाम विभागीय एवं प्रशासनिक औपचारिकताओं को पूरा करके जल्द ही सोनीपत में दशहरा ग्राउंड का निर्माण करवाया जाएगा। हरियाणा प्रदेश की सरकार जन भावनाओं का सम्मान करती है और वो सोनीपत वासियों को आश्वस्त करते हैं कि जल्द ही सोनीपत में एक भव्य दशहरा ग्राउंड का निर्माण करवाया जाएगा।

# हॉफ मैराथन के लिए विवि अपने छात्रों की भागीदारी करें सुनिश्चित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। उपायुक्त डॉ मनोज** कुमार ने कहा कि नशे के विरूद्ध युवाओं में अलख जगाने के लिए 30 मार्च को दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय(डीसीआरयूएसटी) मुरथल में आयोजित की जा रही सोनीपत हॉफ मैराथन सभी विश्वविद्यालय अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपने सभी बच्चों का पंजीकरण करवाएं और मैराथन में लेकर आएं। मैराथन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने शुक्रवार को विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से जिला के सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों के साथ बैठक की और उन्हें जरूरी




दिशा-निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि हॉफ मैराथन को लेकर प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप देते हुए व्यापक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। हॉफ मैराथन में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे और धावकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ ही विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी करेंगे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि उन्हें पार्किंग प्लान भेज दिया जाएगा, जिसमें उन्हें ब्लॉक वाईज पार्किंग

**दिशा-निर्देश**

**▶▶ अपने सभी बच्चों का पंजीकरण करवाएं और मैराथन में लेकर आएं : उपायुक्त डॉ मनोज कुमार**

की जानकारी प्रदान की जाएगी ताकि अलग-अलग ब्लॉकों से आने वाले बच्चे अपने निर्धारित स्थान पर पहुंच सके उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो।
उपायुक्त ने जीएम रोडवेज को निर्देश दिए कि मैराथन के दिन सुबह शहर में सीटी बसों की व्यवस्था रखें और उन्हें अलग-अलग रूटों पर भेजे ताकि शहर का जो भी व्यक्ति मैराथन में भाग ले रहा है वो आसानी से आयोजन स्थल पर पहुंच सके। इसके साथ ही गोहाना व गन्नौर में भी उचित बसों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने सीआरपीएफ कैंप खेवड़ा के जवानों से भी आग्रह किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में मैराथन में भाग लेकर युवाओं का हौंसला बढ़ाएं। इस मौके पर एसडीएम सुभाष चंद्र, नगराधीश डॉ० अनमोल, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ० नरेश कुमार तथा जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया सहित सभी विश्वविद्यालयों से अधिकारी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# ऑनलाइन फ्रॉड के खिलाफ 1930 पर दर्ज कराएं शिकायत : एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़, । एसडीएम अनिल** कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग और डिजिटल भुगतान का चलन तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को देखते हुए आमजन से आग्रह किया कि वे ऐसे मामलों की तुरंत सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। एसडीएम ने कहा कि हाल के वर्षों में ऑनलाइन शॉपिंग का क्रेज बढ़ने के कारण लोग अक्सर सोशल मीडिया पर मिलने वाले भारी छूट, लॉटरी या इनाम से जुड़े विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि पहले यह जांच लें कि जिस वेबसाइट का उपयोग किया जा रहा है, वह सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि संभव हो तो ऑनलाइन खरीदारी करते समय कैश ऑन डिलीवरी का विकल्प चुनें, ताकि आपकी बैंक और कार्ड संबंधी जानकारी साइबर अपराधियों के हाथों में न जाए। एसडीएम ने कहा कि यदि किसी कारणवश आप साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं, तो सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें और अपनी शिकायत साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराएं। उन्होंने जिले के युवाओं से आग्रह किया कि वे साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी इसके बारे में जागरूक करें।
एसडीएम ने बताया कि साइबर धोखाधड़ी जैसे अपराध की रिपोर्ट करने के लिए पुलिस स्टेशन जाकर पारंपरिक तरीके से एफआईआर करवाना व उसकी जांच होना एक लंबी प्रक्रिया है। ऐसे में तुरंत कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन का विकल्प सबसे सर्वोत्तम माध्यम है।

# 152 डी पर हुए दर्दनाक हादसें में दो की दर्दनाक मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। ग्रीन कॉरिडोर 152** डी पर गांव चितलांग के समीप देर रात हुए दर्दनाक हादसे में दोनों लोगों की मौत हो गई है। हादसा इतना भंयानक था कि पुलिस को टायरों के नीचे फंसे शवों को निकालने में तीन घंटे का समय लग गया। हादसें के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने शवों के पहचान के लिए पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रीन कॉरिडोर 152 डी पर गांव चितलांग के समीप करीब साढ़े 11 बजे पंजाब नंबर का खाली टैंकर सड़क किनारे खड़ा हुआ था। कैंटर के ड्राइवर और कंडक्टर वहीं पर खड़े थे। इसी दौरान पीछे से



राजस्थान नंबर का कॉन्क्रीट से भरे ट्राले तेज रफ्तार से जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान कैंटर के पास खड़े दो लोग ट्राले की चपेट में आ गए और बुरी तरह कुचल गए। कैंटर के ड्राइवर और कंडक्टर के ऊपर से ट्राले के टायर गुजर गए। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। एक का शव ट्राले के टायरों के नीचे फंसा था। वहीं दूसरा ट्राले के टायरों के नीचे दबा था। हादसे के बाद एक मृतक की आंते बाहर आई हुई थी। इसकी सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। शवों को निकालने में करीब तीन घंटे का समय लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्राले की रफ्तार काफी तेज थी और टक्कर के बाद उसने दोनों व्यक्तियों को करीब 100 मीटर तक घसीटा। हादसे के बाद ट्राले का चालक मौके से फरार हो गया।
**तीन घंटे में शवों को टायरों से निकाला बाहर**
हादसे की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। मृतकों के शवों को टायर के नीचे के प्रयास शुरू किए गए। शवों को निकालने में एनएचएआई द्वारा भेजी गई हाईड़ा मशीन ट्राले को उठाने में पूरी तरह से विफल रहीं। इसके बाद तीन जेसीबी मशीनों को मौके पर बुलाया, जिनकी मदद से ट्राला हटाकर शवों को बाहर निकाला गया। हादसे के बाद 152 डी पर जाम की स्थिति बन गई। जिसको पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नियंत्रित किया और यातायात बहाल कराया।
**मृतकों की नहीं हो पाई है पहचान**
दौंगड़ा चौकी इंचार्ज प्रीतम सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और अन्य प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने क्रेन की मदद से शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने ट्रक और कैंटर के नंबर के आधार पर मालिकों से संपर्क करने की कोशिश की है। मृतकों की पहचान के प्रयास जारी हैं। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी गई है ताकि फरार ट्रक चालक का सुराग मिल सके।

## संपादकीय

# ट्रंप-पुतिन युद्ध विराम चर्चा, स्तिथि जस की तस

**ट्रंप के** सत्ता में आने और युद्ध विराम की घोषणा और ट्रॅम्प पुतिन की गहन चर्चा,जेलेन्सकी को शांति की समझाइश के बावजूद वर्तमान युद्ध के परिदृश्य में और तेजी आई है,युद्ध के विराम की संभावनाएं धूमिल ही हुई है। भारत हमेशा से शांति सद्भावना और सौहाद्र का सर्वकालिक समर्थक रहा है।रूस यूक्रेन युद्ध में भारत की तरफ से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं की युद्ध विराम हो जाए और इसके लिए भारत में अथक प्रयास भी किए हैं ,यह अलग बात है कि विस्तारवादी दृष्टिकोण को लेकर पुतिन और जेलेन्सकी अजीब सी राजनीतिक और कूटनीतिक परिस्थितियों में एक दूसरे के सामने खड़े तथा अड़े है । अब इजराइल हमास युद्ध में भारत की नीति स्पष्ट रूप से आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवाद के विरोध में रही है। भारत ने आतंकवादी संगठन हमास, हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद का खुलकर विरोध किया है पर दूसरी तरफ इजरायल की बमबारी से घायल हुए पिलिस्तिनी नागरिकों के लिए 38 टन खाद्य सामग्री दवाएं और आवश्यक वस्तुएं तत्काल मुहैया कराई है। भारत के संबंध अरब देशों के साथ-साथ यूरोप,अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस और नाटो देशों से भी मधुर हैं इन परिस्थितियों में अरब देश भारत के प्रति युद्ध विराम की संभावनाओं की तलाश में भारतीय पहल का इंतजार कर रहा है। अब भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में जॉर्डन के शांति प्रस्ताव में वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया ,120 देशों के मतों से प्रस्ताव पारित हो गया, 45 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। चूंकि जॉर्डन हमास को उग्रवादी संगठन नहीं मानता और भारत हमास को कट्टर उग्रवादी मानने की नीति पर चल रहा है। अब भारत को आगे बढ़कर पूरे विश्व का नेतृत्व करने का समय आ गया है। भारतवर्ष अवार्चीन काल से अहिंसा का पुजारी रहा हैपुरातन काल से ही राजा, महाराजा और सम्राटों ने अपने राज्य कार्य में हिंसा को कभी प्रथम पंक्ति में महत्त्व नहीं दिया था`तथा विस्तार वाली नीतियों में भी सेना प्रयास करती रही की आक्रमण के दौरान कम से कम सैनिक हताहत हो फल स्वरूप राजा, महाराजा तथा सम्राटो ने सदैव अहिंसा के पुजारी बनकर ही राजकाज किया थो पहले से आक्रमण न करने की नीति तथा अहिंसा वादी नीति के कारण भारत पहले मुगलों का तथा बाद में अंग्रेजों का गुलाम हो गया थो इसके उपरांत बहुत संघर्ष तथा मेहनत के बाद 1947 में भारत को आजादी मिलौ और इसके उपरांत भारत लगातार ह्लअहिंसा परमो धर्मह्व की नीति पर अपने कदम बढ़ाता रहा है कुछेक उदाहरण को छोड़ दिया जाए जैसे पाकिस्तान द्वारा लगातार भारत पर आक्रमण करने से भारत ने मुंह तोड़ जवाब भी दियो और इसी के परिणाम स्वरूप बांग्लादेश का जन्म भी हुओ पर इस घटना में भी भारत की वैश्विक स्तर पर शांतिदूत की भूमिका ही रही भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि एक शांति के संप्रभुता वाले गणतांत्रिक लोकतंत्र की रही भारत ने ऐतिहासिक तौर पर कभी किसी राष्ट्र पर अपनी तरफ से आक्रमण हमला नहीं कियो और यही कारण है की संयुक्त राष्ट्र संघ के 75 वर्ष के निर्माण काल के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ हमेशा शांति प्रयासों में भारत की सहायता लेता रहा है और भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ वैश्विक स्तर पर शांति प्रयासों में योगदान की महत्वपूर्ण रहा है भारत की स्वतंत्रता के बाद मोदी सरकार ने भी वसुधैव कुटुंबकम की नीति का परिचालन कर विश्व को संदेश दे दिया है।

# बीजेपी बनाम सपा: गौशाला और इत्र पार्क पर छिड़ी सियासी जंग

अजय कुमार

> अखिलेश यादव के इस बयान ने बीजेपी को और आक्रामक बना दिया है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि अखिलेश यादव के इस बयान से उनका परंपरागत यादव वोट बैंक भी उनसे खिसक सकता है। गाय और गौशालाओं को लेकर अखिलेश यादव के इस बयान से समाज के कई वर्गों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीण इलाकों में आज भी गौ-सेवा का विशेष महत्व दिया जाता है और इसे सनातन धर्म का हिस्सा माना जाता है। गाय के गोबर और गौमूत्र का उपयोग आयुर्वेदिक दवाओं और खेती में किया जाता है। कई भारतीय घरों में आज भी गौ-सेवा की परंपरा कायम है। ऐसे में अखिलेश यादव का बयान न केवल राजनीतिक रूप से नुकसानदायक हो सकता है, बल्कि यह समाज के एक बड़े वर्ग की भावनाओं को भी ठेस पहुंचा सकता है

**समाजवादी पार्टी** के प्रमुख अखिलेश यादव ने हाल ही में गौशालाओं को लेकर एक विवादास्पद बयान दिया, जिसमें उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी को दुर्गंध पसंद है, इसलिए वे गौशालाएं बना रहे हैं, जबकि समाजवादी पार्टी सुगंध पसंद करती है, इसलिए उन्होंने इत्र पार्क बनाए। इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। बीजेपी ने इसे सनातन धर्म का अपमान बताया और कहा कि अखिलेश यादव की यह टिप्पणी हिन्दू परंपराओं का अपमान करने के बराबर है। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि यह बयान न केवल गाय के सम्मान के खिलाफ है, बल्कि यह हिंदू संस्कृति और आस्था पर हमला भी है। उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी अब पूरी तरह से वोट बैंक की राजनीति में उलझ चुकी है और इसी कारण इस तरह के बयान दिए जा रहे हैं।

अखिलेश यादव का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब उत्तर प्रदेश की राजनीति में 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बयान ने उनकी पार्टी के भीतर भी विवाद खड़ा कर दिया है। समाजवादी पार्टी के कई नेता सार्वजनिक रूप से तो कुछ नहीं बोल रहे, लेकिन पार्टी के अंदरखाने में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गई है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि गाय हमारी माता है और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का मूल आधार ही समाज के सभी वर्गों का सम्मान करना है और ऐसे बयानों से पार्टी की छवि प्रभावित होती है। अखिलेश यादव पहले भी कई बार अपने बयानों के कारण विवादों में रह चुके हैं। हाल ही में उन्होंने राणा सांगा को लेकर भी एक विवादास्पद टिप्पणी की थी, जिससे उनकी पार्टी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा, उन्होंने औरंगजेब को लेकर भी कुछ ऐसा कहा था जिससे हिंदू मतदाताओं में नाराजगी देखी गई।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अखिलेश यादव अपनी राजनीति को बचाने के लिए मुस्लिम वोट बैंक को साधने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी यह रणनीति उनके परंपरागत यादव वोट बैंक को नुकसान पहुंचा सकती है।



यादव समाज का गौ-सेवा से पुराना रिश्ता रहा है। महाभारत काल से लेकर आज तक यादव समुदाय में गाय को लेकर विशेष सम्मान देखा गया है। भगवान श्रीकृष्ण स्वयं यादव कुल में जन्मे थे और उनका जीवन गौ-सेवा में ही बीता। आज भी देश में यादव समुदाय गाय को लेकर अपनी भावनाएं प्रकट करता है और उसे अपनी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा मानता है। मुलायम सिंह यादव भी गौ-सेवा में विश्वास रखते थे और उन्होंने कई बार सार्वजनिक मंचों पर कहा था कि उनके पास जितनी गायें हैं उतनी किसी और नेता के पास नहीं होंगी। जब मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने गौशालाओं को लेकर कई योजनाएं भी बनाई थीं। अखिलेश यादव के इस बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे हिन्दू आस्था का अपमान बताते हुए कहा कि गाय भारतीय संस्कृति की आत्मा है और उसका अपमान सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का बयान केवल राजनीति से प्रेरित है और यह समाज को बांटने की कोशिश है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी इस बयान की आलोचना की और कहा कि अखिलेश यादव अब पूरी तरह से अपनी राजनीतिक दिशा भूल चुके हैं और सिर्फ वोट बैंक की राजनीति में उलझे हुए हैं। अखिलेश यादव का यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दल अपनी रणनीति बना रहे हैं। बीजेपी अपनी हिंदुत्व की राजनीति को और मजबूत कर रही है और अखिलेश यादव के इस बयान ने बीजेपी को और आक्रामक बना दिया है।

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि अखिलेश यादव के इस बयान से उनका परंपरागत यादव वोट बैंक भी उनसे खिसक सकता है। गाय और गौशालाओं को लेकर अखिलेश यादव के इस बयान से समाज के कई वर्गों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीण इलाकों में आज भी गौ-सेवा को विशेष महत्व दिया जाता है और इसे सनातन धर्म का हिस्सा माना जाता है। गाय के गोबर और गौमूत्र का उपयोग आयुर्वेदिक दवाओं और खेती में किया जाता है। कई भारतीय घरों में आज भी गौ-सेवा की परंपरा कायम है। ऐसे में अखिलेश यादव का बयान न केवल राजनीतिक रूप से नुकसानदायक हो सकता है, बल्कि यह समाज के एक बड़े वर्ग की भावनाओं को भी ठेस पहुंचा सकता है। समाजवादी पार्टी के कुछ नेताओं ने अखिलेश यादव से अपील की है कि वे अपने बयान को स्पष्ट करें, ताकि इससे होने वाले संभावित नुकसान से बचा जा सके। यह भी संभव है कि आने वाले दिनों में अखिलेश यादव इस पर सफाई दें और कहें कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। यह पहला मौका नहीं होगा जब अखिलेश यादव को अपने बयान पर सफाई देनी पड़ी हो। इससे पहले भी वे कई बार अपने बयानों से पलट चुके हैं। बीजेपी इस पूरे मुद्दे को भुनाने में लगी हुई है। बीजेपी के नेता इसे हिंदू आस्था से जोड़कर दिखा रहे हैं और अखिलेश यादव को हिंदू विरोधी साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में पहले ही समाजवादी पार्टी को मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए जाना जाता है और अब इस बयान के बाद बीजेपी को एक और मुद्दा मिल गया है। बीजेपी की आईटी सेल इस बयान को लेकर सोशल मीडिया पर जमकर प्रचार कर रही है और अखिलेश यादव की छवि को नुकसान पहुंचाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में यादव वोट बैंक का विशेष महत्व है। बीजेपी लंबे समय से यादवों को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रही है। मध्य प्रदेश में यादव मुख्यमंत्री बनाकर बीजेपी ने यह संदेश दिया था कि वे यादवों को भी सत्ता में उचित प्रतिनिधित्व दे रहे हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार में भी यादव समुदाय से कई मंत्री बनाए गए हैं। इन सबके जरिए बीजेपी यह बताना चाहती है कि समाजवादी पार्टी की तरह ही बीजेपी भी यादवों की हितैषी है। ऐसे में यदि अखिलेश यादव इसी तरह विवादित बयान देते रहे, तो यादव वोट बैंक का एक बड़ा हिस्सा बीजेपी की ओर जा सकता है। उत्तर प्रदेश में राजनीति के जानकारों का मानना है कि अखिलेश यादव को अपने बयानों में सावधानी बरतनी चाहिए और ऐसे मुद्दों पर टिप्पणी करने से बचना चाहिए, जो समाज के एक बड़े वर्ग की भावनाओं को आहत कर सकते हैं। गाय भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है, और उसके प्रति सम्मान व्यक्त करना सभी नेताओं की जिम्मेदारी होनी चाहिए।

राजनीति में धर्म और आस्था से जुड़े मुद्दों पर बयान देते समय विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए, क्योंकि ऐसे मुद्दे लोगों की भावनाओं से सीधे जुड़े होते हैं।अखिलेश यादव के इस बयान के बाद अब यह देखना दिलचस्प होगा कि वे इस पर क्या स्पष्टीकरण देते हैं और समाजवादी पार्टी इस पूरे विवाद को कैसे संभालती है। क्या अखिलेश यादव इस बयान से पीछे हटेंगे, या फिर अपने बयान पर कायम रहेंगे, यह देखना बाकी है। फिलहाल बीजेपी इस मुद्दे को छोड़ने के मूड में नहीं दिख रही और आने वाले चुनावों में यह बयान सपा के खिलाफ एक बड़े हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। समाजवादी पार्टी के लिए यह समय राजनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण है।

## कविता

### चतुरंग

जब अपने ही शतरंज का
खेल-खेलने लगते हैं तो
पराया भी अपने लगने लगते है।

जब हमदर्द ही दर्द
देने लग पड़ते हैं तो
बेदर्द भी हमदर्द लगने लगते हैं।

जब फूल भी चुभने लगते हैं तो
दर्द भरे कांटे भी
अपने लगने लगते हैं।

जब बिना कसूर के भी लोगों
नासूर जैसे चुबने लगे तो
कसूर भी अपने लगने लगते हैं।

जब मिठास भरे लोग भी
कड़वाहट उगलने लगते हैं तो
कटु वाणी भी मधुर स्वर लगने लगती हैं।

डॉ.राजीव डोगरा

# भारतीय नव संवत्सर बनाम अंग्रेजी नववर्ष

**डा मनमोहन प्रकाश**

**भारत में** चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा तिथि (युगादि तिथि) से हिंदू नव वर्ष की अर्थात विक्रम संवत की शुरूआत होती है। इस वर्ष यह पावन दिन(सवंत 2082 का प्रथम दिवस) भारत में सरकारी कामकाज के लिए स्वीकृत ग्रेग्ररियन कैलेंडर जिसे हम अंग्रेजी/ईसाई कैलेंडर भी कहते हैं के अनुसार 30 मार्च,2025 को आ रहा है। शासन स्तर पर अंग्रेजी कैलेंडर के प्रचलन में होने के बाबजूद भारत अपनी धार्मिक, सामाजिक तथा अन्य सांस्कृतिक परंपराओं के निर्वहन के लिए भारतीय कैलेंडर को सदियों से महत्व देता रहा है।भारत की ही तरह कुछ और देश भी है जो पूरी तरह ग्रेग्रेरियन कैलेंडर को नहीं मानते हैं तथा धार्मिक आदि कारणों से अपने देश के कैलेंडर को भी महत्व देते हैं जैसे ईरान, अफगानिस्तान (हिजरी कैलेंडर), इथियोपिया (इथियोपियन कैलेंडर), नेपाल (विक्रम संवत),सऊदी अरब (इस्लामिक हिजरी कैलेंडर), चीन (चीनी चंद्र कैलेंडर), भारत (विक्रम संवत), इजरायल (हिब्रू कैलेंडर) आदि।

हिन्दूओं द्वारा नव संवत्सर के प्रथम दिवस को नव वर्ष की शुरूआत के रूप में मान्यता देने के पीछे कई ठोस सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक तथा अध्यात्मिक कारण है।ऐसी मान्यता है कि इस तिथि पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना आरंभ की थी(ब्रह्मपुराण) तथा कालगणना (समय-गणना) प्रारंभ की थी। इसी तिथि पर मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम तथा धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था ,इसी तिथि से सतयुग आरंभ हुआ था, इसी तिथि से चैत्र नवरात्र(देवी अराधना का पर्व) आरंभ होती है तथा इसी दिन 1875 को जागरूकता और पुनर्जागरण के प्रतीक आर्य समाज की स्थापना हुई।भारतीयों के लिए नवसंवत्सर इस लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि इसकी शुरूआत न्याय के प्रतीक महाराजा विक्रमादित्य ने की थी जो वैदिक ज्योतिषीय गणनाओं पर आधारित है तथा प्राकृतिक चक्रों के अनुरूप है।वैज्ञानिक और खगोलीय दृष्टिकोण से नव संवत्सर के प्रथम दिवस पर सूर्य संक्रांति काल में होता है, चंद्रमा शुक्ल पक्ष में होता है तथा वसंत विषुव के निकट होती है अथार्त सूर्य और चंद्रमा दोनों उच्च ऊर्जा में होते हैं। प्रकृति नया चक्र शुरू कर रही होती है मसलन पेड़-पौधे नई कोंपलों को जन्म दे रहे होते हैं, फसलें पक चुकी होती हैं या पकने की स्थिति में होती हैं, और मौसम का मिजाज बदल रहा होता है।यह तिथि इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यह लगभग संपूर्ण भारत में भारतीय नववर्ष के प्रथम दिवस के रूप में स्वीकार है, और अधिकांश भारतीय भी उसी रूप में इसका पूरे हर्ष और उल्लास से स्वागत करते हैं जैसे महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश आदि गुड़ी पड़वा के रूप में,आंध्र प्रदेश और कर्नाटक उगादि के रूप में तथा राजस्थान थापना के रूप में।

## विचार

# गन कल्चर के नाम पर डिलीट गानों पर रार

**सुशील कुमार 'नवीन'**

**गन कल्चर के नाम पर हरियाणा में कुछ गायकों** के यू ट्यूब से डिलीट किए गए गानों पर इशारों-इशारों में रार जारी है। यह गायकों के साथ-साथ हरियाणवीं म्यूजिक इंडस्ट्रीज के लिए भी अच्छा संकेत नहीं है। मौका पड़ते ही एक दूसरे पर छींटाकशी या टोंटबाजी से बात सुधरने के चांस कम, बिगड़ने के ज्यादा है। दस दिन के अंतराल में जो नुकसान इंडस्ट्रीज को हुआ है, उसके नुकसान की भरपाई होने में बहुत समय लगेगा। समय रहते वाद को विवाद होने से बचाने की पहल जरूरी है। अब ये पहल सरकार करे या गायकों के चुनिंदा नुमाइंदे। इसके बिना कोई समाधान नहीं निकलने वाला।

देशभर में अपना विशेष स्थान रखने वाला हरियाणा पिछले दस दिन से अलग ही मूड में है। जिधर देखो, उधर गन कल्चर के नाम पर डिलीट किए गए गानों की चर्चा है। रोजाना सैकड़ों रील सोशल मीडिया पर अपलोड हो रही है। ध्यान रहे कि हरियाणा पुलिस ने इन दिनों गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले गानों को निशाने पर लिया हुआ है। मुख्यमंत्री के निदेर्शों के बाद से लगातार इस तरह के गानों की सूची बनाई जा रही हैं। जानकारी अनुसार अभी तक इस प्रकार के 10 गानों को यू ट्यूब से हटाया जा चुका है। माना जा रहा है कि इस तरह के 100 गाने और पुलिस के भेंट चढ़ने वाले हैं। जिन दस गानों के डिलीट होने की बात है, उनमें से सात एक ही गायक के बताए जा रहे हैं। ऐसे में उक्त गायक को दर्द होना तो लाजमी है। ये दर्द किसी दवा से कम होने वाला नहीं है। यह बात वो गायक भी जानते हैं और उनके चाहने वाले। नुकसान कितना होगा, यह अभी कोई नहीं जानता। हां जितना समय गुजरता जायेगा, नुकसान की मात्रा बढ़ती जायेगी। बौखलाहट, हड़बड़ाहट या बिना कुछ सोचे विचारे उठाए गए कदम लाभ की जगह नुकसान ही ज्यादा पहुंचाते हैं।

फिलहाल हो भी यही रहा है। सरकार में पदासीन एक गायक की सोशल मीडिया पर विरोध रूपी हौसला अफजाई फॉलोवर्स लगातार कर रहे हैं। उद्वेगजनक कटु सर्पित वाक शिलिमुख घाव को हरा ही कर रहे हैं। रही सही कसर ये माइक वाले भाई पूरी कर रहे हैं। जैसे ही किसी एक का कोई बयान आता है तो अपनी फैन फॉलोइंग बढ़ाने के चक्कर में दूसरे के पास पहुंच जाते हैं। जब तक उसके श्रीमुख से दूसरे के लिए कोई कड़वी बात न निकले, माइक को हटाते ही नहीं। जैसे ही कुछ बोला, उसे दूसरे को हैशटैग कर उसकी प्रतिक्रिया की बाट जोहना शुरू कर देते हैं। इन महानुभावों की दरियादिली तो देखिए ये दूसरे पक्ष के बुलावे का इंतजार भी नहीं करते, खुद ही अपना झोला झंडी उठाकर पहुंच जाते हैं एक नई फिल्म बनाने को। पिछले दस-बारह दिनों से यही तो हो रहा है। इनकी एक खास बात और भी है कि अगला कुछ न भी कहना चाहे तो उसे बातों में ले कोई दुखती रग छेड़कर उससे कुछ उल्टा पुल्टा कहलवा ही देते हैं। अब बात आती है कि ये स्थिति पैदा ही क्यों हुई? एक कहावत है कि दूसरों को अपने घर में झांकने का मौका दोगे तो कमियां तो बाहर जाएंगी ही। यही फिलहाल हरियाणा म्यूजिक इंडस्ट्रीज में हो रहा है। एक गायक का गाना थोड़ा पॉपुलर क्या हुआ, दूसरे को मिर्ची लग जाती है। कुछ नया कंटेंट की जगह उसी को नीचा दिखाने में न सिर और न पैर वाली अपनी अमूल्य रचना निर्मित कर अपने आप को सुप्रीम साबित करने का अलौकिक और अदभुत प्रयास करते हैं। एक दुनाली की बात करता है तो दूसरा पिस्टल की। एक पीलिए में मामा पिस्तौल की बात करता है तो दूसरा मुंह दिखाई में बंदूक की। एक पिस्टल से महंगा लहंगा बोलता है तो दूसरा कोर्ट में ही गोली चलवा देता है। एक लफंडर बनता है तो दूसरा चम्बल का डाकू। बदमाशी के ट्यूशन, जेल में खटोले आदि तो अभी बैन होकर ज्यादा चर्चा में है ही। हरियाणा की प्रसिद्ध कहावत है कि गोह के जाए, सारे खुरदरे। अर्थात सभी एक जैसे। वाद गीतों के बोल में रहे तब तक तो ठीक है पर जब एक-दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास हो तो यही वाद विवाद बन जाता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# वैदिक ज्योतिष के विद्वान अरिपिराला योगानंद

**संजय शर्मा**

**भारत की सांस्कृतिक** और आध्यात्मिक धरोहर को संजोए रखने वाले सनातन धर्म के प्रचार में कई व्यक्तित्व अपना योगदान दे रहे हैं। इनमें से एक नाम है अरिपिराला योगानंद शास्त्री, जिन्होंने बेहद कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा और समर्पण से सबका ध्यान आकर्षित किया है। मात्र 11 वर्ष की उम्र में महर्षि कॉलेज ऑफ वैदिक एस्ट्रोलॉजी से पीएचडी प्राप्त करने वाले योगानंद शास्त्री आज सनातन धर्म के प्रचार और वैदिक ज्ञान के प्रसार में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**प्रारंभिक जीवन और शिक्षा**

अरिपिराला योगानंद शास्त्री का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ, जहां सनातन धर्म और वैदिक परंपराओं का गहरा प्रभाव था। बचपन से ही उनकी रुचि वेद, पुराण और ज्योतिष शास्त्र की ओर रही। उनकी असाधारण बुद्धि और सीखने की ललक ने उन्हें छोटी उम्र में ही वैदिक ज्योतिष के क्षेत्र में कदम रखने के लिए प्रेरित किया। महर्षि कॉलेज ऑफ वैदिक एस्ट्रोलॉजी, जो वैदिक ज्योतिष और सनातन ज्ञान का एक प्रतिष्ठित केंद्र है, वहां उन्होंने अपनी प्रतिभा को निखारा और 11 साल की उम्र में डिग्री हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत का प्रमाण है, बल्कि यह भी दशार्ती है कि उम्र ज्ञान और समर्पण की राह में बाधा नहीं बन सकती। योगानंद शास्त्री का जीवन सनातन धर्म के प्रचार के लिए समर्पित है। वे मानते हैं कि आज के आधुनिक युग में युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए वे विभिन्न मंचों, प्रवचनों और लेखों के माध्यम से सनातन धर्म के मूल्यों, जैसे कर्म, धर्म, और मोक्ष की अवधारणाओं को सरल भाषा में समझाते हैं। उनका मानना है कि वैदिक ज्योतिष न केवल भविष्य की भविष्यवाणी का साधन है, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने वाला एक मार्गदर्शक भी है। अपनी कम उम्र के बावजूद, योगानंद शास्त्री ने ज्योतिष शास्त्र के क्षेत्र में गहरी समझ विकसित की है।

# क्या सचमुच सिमट रही है दामन की प्रतिष्ठा?

**-प्रियंका सौरभ**

**समय की करवटों** ने जब फैशन के रेशों को बुना, तब परिधान भी परिवर्तनों की सीढ़ियाँ चढ़ते चले गए। परंतु क्या इस बदलाव ने "दामन की प्रतिष्ठा" को भी प्रभावित किया है? क्या आधुनिक वस्त्रों ने पारंपरिक गरिमा को बिसरा दिया, या फिर समाज की दृष्टि अब और व्यापक हो चली है? समय के साथ परिधान और समाज की सोच में बदलाव आया है। पहले "दामन" केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, बल्कि मयार्दा और संस्कृति का प्रतीक माना जाता था। क्या हम ये कह सकते है कि जैसे-जैसे दामन छोटा हुआ वैसे-वैसे मयार्दा और संस्कृति भी घटती गई।

**पारंपरिक दामन: गरिमा का प्रतीक**

"दामन" केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, यह मयार्दा का आँचल, संस्कृति की पहचान और शालीनता की परिधि रहा है। भारतीय नारी के परिधान—साड़ी, घाघरा, अनारकली और दुपट्टा—न केवल उसके सौंदर्य को सँवारते थे, बल्कि उसकी गरिमा और मयार्दा का भी पर्याय बने। पहले "52 गज के दामन" का अर्थ भव्यता, शालीनता और गौरव से लिया जाता था। "दामन संभालना" मात्र वस्त्रों का सहेजना नहीं, बल्कि अपनी प्रतिष्ठा और चारित्रिक दृढ़ता को बचाए रखना भी था। समाज ने मयार्दा को बाह्य आवरण में समेट दिया, जिससे व्यक्तित्व का आकलन केवल परिधानों से होने लगा।

**बदलते परिधान, बदलती परिभाषाएँ**

समय अपनी गति से प्रवाहमान रहा, और उसके साथ समाज की सोच भी विस्तारित होती चली गई। अब वह समय नहीं, जब गरिमा की परिभाषा केवल कपड़ों की सिलवटों में समेट दी जाती थी। आज महिलाएँ अपने आत्मविश्वास की उड़ान को चुन रही हैं—जींस, टॉप, स्कर्ट, फॉर्मल सूट और इंडो-वेस्टर्न परिधानों के साथ। परिधान अब मात्र देह को ढकने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और विचारों की अभिव्यक्ति का स्वरूप बन गए हैं। परंपरा और आधुनिकता के ताने-बाने से एक नया फ्यूजन जन्म ले चुका है, जो संस्कृति और स्वतंत्रता के बीच संतुलन स्थापित करता है। गरिमा अब वस्त्रों की परिधि में सीमित नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और व्यवहार में प्रतिबिंबित होती है।

## न्यूज फ्लैश

### भाविप करेगा विक्रम संवत के स्वागत में महायज्ञ का आयोजन

**गन्नौर। भारत विकास** परिषद गन्नौर शाखा हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के स्वागत में महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। परिषद के अध्यक्ष संदीप सिंघल ने बताया कि हम अपनी सनातन संस्कृति के गौरव को बढ़ाए। महायज्ञ का आयोजन हमारी एकता, आस्था और भविष्य के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 30 मार्च रविवार को सनातन धर्म मंदिर गन्नौर मंडी में किया जाएगा।

### सनपेड़ा गांव की जमीन का सर्कल रेट तीन गुणा बढ़ाने पर पंचायत ने आपति जताई

**गन्नौर। सनपेड़ा पंचायत** ने गांव में जमीन का कलैक्टर रेट बढ़ाए जाने पर तहसीलदार को ज्ञापन देकर कलेक्टर रेट कम कराने की मांग की। ज्ञापन में सरपंच प्रमोद ढाका ने बताया कि वर्ष 2022-2023 में गांव की जमीन का सर्कल रेट 57 लाख 20 हजार रुपएं था। 2023-2024 में 57 लाख 80 हतार रुपएं कर दिया। अब सरकार ने कलेक्टर रेट बढ़ाकर 15 दिसंबर 2024 में इसे तीन गुणा बढ़ा दिया है। सर्कल रेट ज्यादा होने के कारण अब जमीन की खरीददारी करने में लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए सर्कल रेट कम किया जाए ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़ा। इस मौके पर सुरेन्द्र, संदीप, अभिषेक, नवीन आदि मौजूद थे।

### आरपीएस में विद्याश्री छात्रवृत्ति परीक्षा कल

**गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल में विद्याश्री छात्रवृत्ति योजना के तहत दूसरी चरण की परीक्षा 30 मार्च को आयोजित होगी। यह जानकारी प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने दी। परीक्षा में चयनित छात्रों को पहली से 9वीं व 11वीं कक्षा मेंनिशुल्क शिक्षा दी जाएगी। यह योजना उन होनहार छात्रों के लिए है जो वित्तीय कारणों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।

### महिला को सम्मोहित कर लूटे गहने

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सेक्टर-12 की** रहने वाली मीना सागर लुटेरों का शिकार हो गई। महिला को सम्मोहित कर उसके गहने लूट लिए। ठगी का एहसास होने पर महिला ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार यह घटना मॉडल टाउन स्थित होटल ग्रेस के बाहर हुई, जहां ई-रिक्शा सवार एक महिला और दो पुरुषों ने उन्हें निशाना बनाया। ठगों ने पहले उन्हें ई-रिक्शा में बैठाने की कोशिश की, लेकिन मना करने पर एक महिला उनके साथ पैदल चलने लगी। कुछ दूर जाने के बाद मीना सागर को एहसास हुआ कि उनके हाथ से करीब 1.5 तोले की सोने की चूड़ी गायब हो चुकी है। उ

### खेत में पड़ा मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के ब्रास-सांभली** रोड पर एक युवक का शव खेत में पड़ा मिला। मृतक की पहचान सुरेंद्र उर्फ शैंकी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह कई दिनों से अधिक शराब पी रहा था और तनाव में था। हो सकता है नशे में गिरने की वजह से उसकी मौत हुई हो। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम को भी मौके पर साक्ष्य जुटाने के लिए बुलाया। जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और मामले की गहराई से जांच की मांग की है। सुरेंद्र के शव को एक राहगीर ने खेत में शव पड़ा देखा और तुरंत डायल-112 पर सूचना दी। इसके बाद ईआरवी टीम मौके पर पहुंची और निसिंग थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस और एफएसएल टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। मृतक के नाक पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे खून भी निकला था। हालांकि पुलिस इसे प्रथम दृष्टया हादसा मान रही है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मौत का असली कारण क्या था। मृतक के परिवार वालों का कहना है कि उनका कल बेटा दोपहर को घर से निकला था और उसके साथ कोई एक लडका भी था। उसके बाद से उनका

# समाधान शिविर में पहुंची 72 समस्याएं, उपायुक्त ने दिये समाधान के निर्देश

### मन लगाकर और धैर्य से सुने लोगों की समस्याएंः उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/ कमाल हुसैन**
नागरिकों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने के उद्देश्य को लेकर जिला सचिवालय सभागार में प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों में साफ तौर पर जुनुन दिखाई दे रहा है। अपने अनुभव और कौशल का अधिकारी सही ढंग से इस्तेमाल करके आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान कर रहे हैं। इसके परिणाम भी जिले की जनता के सामने है। उपायुक्त ने समस्याएं लेकर पहुंच रहे लोगों से अपील की कि उनकी



समस्याओं का समाधान हो रहा है, थोड़ा सा धैर्य बनाकर रखें। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में पहुंच रही समस्याओं के प्रति और गम्भीरता से कार्य करें। उनका सराहनीय प्रयास इतना प्रबल होना चाहिए कि उसका हर वर्ग के लोगों को कम से कम समय में सम्पूर्ण लाभ मिले।

जनता समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्तडॉ. पंकज ने जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारियों को अपने ईरादों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। समाधान शिविर की यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। हमें हर समस्या के समाधान के लिए कठिन मेहनत करनी होगी। जहां कठिन मेहनत की जाती है वहां पर रास्ता स्वयं निकल जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविर में आने वाली समस्याओं पर फोकस करें और कम से कम समय में उनका समाधान करें। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने आमजन की समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि समाधान शिविर में माप-दण्डो का ख्याल पूरी तरह से रखा जा रहा है। अधिकारियों को इस पर खरा उतरना है और अपनी सोच का दायरा व्यापक करके जनसमस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने पुलिस विभाग से जुड़ी अनेक समस्याओं को गंभीरता से सुना व उनका समाधान करने के संबंधित एसएचओं को निर्देश दिये।

## हरे कृष्णा स्कूल में मनाया दीक्षांत समारोह




**समालखा( कुलदीप सिंह)**
**हरे कृष्णा इंटरनेशनल** स्कूल, गढ़ी छाजू रोड, समालखा में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में यूकेजी, पाँचवी और आठवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को योग्यतानुसार पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए ग्यारहवीं कक्षा से रौनक शर्मा, वंशिका रुहल, प्रिंस ढांडा , योगेश , शिवानी व अश्मि को पुरस्कार दिया गया। साफ-स्वच्छ व पूर्ण यूनिफॉर्म के लिए आरुषि को पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय की सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम उत्तम रहा और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में स्कूल प्रबंधक सुभाष वर्मा रहे। विद्यार्थियों द्वारा बीच-बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर ने विद्यार्थियों को गत वर्ष की सफलता के लिए बधाई दी तथा आने वाली कक्षाओं के आरंभ के लिए शुभकामनाएं दी। अध्ययन में गत वर्ष में रही कमियों को दूर करने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सभी अभिभावकों को बधाई दी।

### विधायक विज ने राशन डिपो धारकों और राशन कार्ड में सुधार का उठाया

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** विधान सभा के बजट सत्र के अंतिम दिन पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने प्रश्न रखते हुए सरकार से पूछा कि एक व्यक्ति को एक से अधिक राशन डिपो आवंटित किया जा सकता है। क्योंकि कई जगह ऐसे मामले हैं कि एक राशन डिपो धारक चार-पांच राशन डिपो चल रहे हैं वही विधायक विज ने दूसरा प्रश्न पूछते हुए कहा कि कई राशन कार्ड में एक से अधिक धर्म के लोगों के नाम होने की सूचना है यह कैसे संभव है । विधायक विज के प्रश्न पर हरियाणा सरकार में खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने जवाब देते हुए कहा कि यदि ऐसे कोई विषय आता है तो इसकी शीघ्र जांच कर सुधार करवाया जाएगा।

## लाडवा विधानसभा क्षेत्र के विकास की ली प्रगति रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : मुख्य कार्यकारी** अधिकारी जिला परिषद विरेंद्र चौधरी ने कहा कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाली ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा के लिए आयुक्त एवं विशेष सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के निदेर्शानुसार एक बैठक शाहाबाद में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता यशवीर सिंह, मुख्य अभियंता, पंचायत विभाग और सह-अध्यक्षता मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीरेंद्र चौधरी द्वारा की गई। उन्होंने पंचायत स्तर के सभी



अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्यों को की प्रगति रिपोर्ट पर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उपमंडल लाडवा के विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी निर्धारित तय समय सीमा के अंदर ही विकास कार्यों को करवाना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा लाडवा विधानसभा के अधीन व्यायामशालाओं के कार्य को भी प्राथमिकता के आधार पर करवाएंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद विरेंद्र चौधरी ने कहा कि सरकार के आदेश अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए समय-समय पर बैठक के माध्यम से अधिकारियों व कर्मचारियों को सरकारी योजनाओं के सही प्रकार के क्रियान्वयन एवं समय से कार्य पूर्ण करने के लिए हिदायत दी जाती रही है। उन्होंने कहा कि 30 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री स्वयं भी सभी योजनाओं एवं परियोजनाओं का आकलन करेंगे एवं कुछ कार्य स्थलों का दौरा भी संभव है। इस बैठक में डीडीपीओ विकास कुमार, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज अमन कुमार, विधानसभा क्षेत्र लाडवा के सभी बीडीपीओ और एसडीओ उपस्थित रहे।

### न्यूमैक्स ने मेरठ में लॉन्च किया नया ऑफिस

**मेरठ। रियल एस्टेट सेक्टर में तेजी से उभरते** NUMAX ग्रुप ने मेरठ में अपने नए ऑफिस का शुभारंभ किया है। पल्लवपुरम, फेज-1 के बिजनेस सेंटर में आयोजित इस ग्रैंड ओपनिंग सेरेमनी में कंपनी के चैनल पार्टनर्स, बिजनेस एसोसिएट्स और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने शिरकत की।

**NUMAX का विजन: टियर-2/3 शहरों में वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर**

इस मौके पर NUMAX ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील गोयल ने बताया, "हमारा लक्ष्य भारत के छोटे-बड़े शहरों में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की रियल एस्टेट डेवलपमेंट लाना है। मेरठ हमारे एक्सपेंशन प्लान का अहम पड़ाव है।" कंपनी की उएड शिखा गर्ग ने जोर देते हुए कहा, "NUMAX सिर्फ घर नहीं, बल्कि कम्युनिटी लिविंग का नया अहसास देता है। मुजफ्फरनगर में हमारा 100 एकड़ का टाउनशिप प्रोजेक्ट इसका उदाहरण है।" एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर चैतन्य गोयल ने भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया, "ग्वालियर में 170 एकड़ और रायबरेली-सोहना में 800 एकड़ से ज्यादा लैंड बैंक पर प्रोजेक्ट्स जल्द लॉन्च होंगे।"

## आंगनवाड़ी वर्करों ने तीसरे दिन भी किया धरना-प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। आंगनवाड़ी वर्कर** एवं हेल्पर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर लगातार तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सरकार को दो ज्ञापन सौंपे गए। पहला ज्ञापन महिला एवं बाल विकास मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को दिया गया, जबकि दूसरा ज्ञापन महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक और कमिश्नर के नाम जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद



को सौंपा गया। आंदोलन तेज करने की चेतावनीधरने में शामिल सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी, जगपाल राणा, ओपी माटा और अन्य नेताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो जल्द ही राज्य कमेटी की बैठक बुलाकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। यूनियन ने आरोप लगाया कि विभाग की मंत्री, निदेशक और कमिश्नर से कई बार बातचीत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। यूनियन ने प्रमुख रूप से पोषण ट्रैकर ऐप से जुड़ी समस्याओं को उठाया। सरकार ने आंगनबाड़ी वर्करों को जो मोबाइल दिए हैं, वे केवल 3जीबी रैम के हैं और लगातार अपडेट हो रहे पोषण ट्रैकर ऐप को सुचारू रूप से चला पाने में असमर्थ हैं। टेक होम राशन भरते समय ऐप लाभार्थी की फोटो मांगता है, लेकिन राशन कभी बच्चों की दादीए कभी मां लेने आती हैं। ऐसे में यह शर्त हटाई जानी चाहिए कि हर महीने केवल एक ही व्यक्ति राशन ले जाए। वर्कर्स ने पोषण ट्रैकर ऐप में फोटो कैप्चर और केवाईसी के दौरान ओटीपी की अनिवार्यता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लोग साइबर ठगी के डर से ओटीपी साझा करने में हिचकिचाते हैं, जबकि गरीब परिवार 100 ग्राम राशन के लिए अपना ओटीपी देना पसंद नहीं करते।

## उगाला में युवा लेखक संपादक क्लब के तहत सेमिनार आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः पीएम श्री** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला में युवा लेखक संपादक क्लब के तहत एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में वरिष्ठ पत्रकार मनोज सभरवाल के द्वारा विद्यार्थियों को पत्रकारिता की उपयोगिता और चुनौतियों के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को पत्रकारों और संपादक के कार्यों के बारे में भी जानकारी देने के साथ साथ पत्रकारिता की पढ़ाई के बारे में भी जानकारी दी गई । विद्यालय में




आज ही पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कृषि विभाग से आए खंड तकनीकि अधिकारी ललित शर्मा के द्वारा बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का प्रधानाचार्य जगदीश मेहरा के द्वारा स्वागत व धन्यवाद किया गया . इस अवसर कार्यक्रम का संचालन अरविंद कुमार के द्वारा किया गया।

## परिसर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**आर्य बाल भारती विद्यालय** परिसर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे जबकि विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष मेहताब आर्य रहे। आर्य समाज कबड्डी के उपप्रधान ओम दत्त आर्य और समाजसेवी देवेंद्र बेनीवाल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने की। उप प्राचार्य जगदीश चहल और आशा अरोड़ा ने इस समारोह के बारे में विस्तार से जानकारी दीकार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः कालीन वैदिक यज्ञ के साथ हुआ।




मंच का संचालन नीतू चौधरी, अंजली शर्मा के द्वारा किया गया । आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा और खेल गतिविधियों में भाग लेने का भी आवाहन किया गया। समारोह की मुख्य विशेषता यह रही कि जनवरी 25 में महाराष्ट्र में अंडर 14 नेशनल स्कूली खेल प्रतियोगिता जो महाराष्ट्र में आयोजित हुई उस प्रतियोगिता में इस विद्यालय की कक्षा सातवीं की छात्रा 13 वर्षीय निशिका ने हरियाणा टीम में भाग लियो इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके निशिका की टीम ने केवल पानीपत का बल्कि पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है । इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधान एडवोकेट रणदीप आर्य ने 11,000 की नगद राशि और शील्ड देकर इस बाल खिलाड़ी का सम्मान बढ़ाया। यूँ तो शिक्षा अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है, मनुष्य प्रतिदिन कुछ न कुछ सीखता रहता है मानव मस्तिष्क एक सोखते की तरह है । जिजीविषा प्रकृति की ओर हर प्राणी को मिली है इसीलिए सृजन कर्ता को हमेशा लक्ष्य प्राप्ति के प्रयास करते रहना चाहिए । वेद विश्व के सबसे प्राचीन वैज्ञानिक ग्रंथ है यही कारण है कि सभी आर्य शिक्षण संस्थानों में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा और उच्च कोटि के वैदिक संस्कार भी दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह गर्व और गौरव का विषय है कि विद्यालय के कक्षा 11वीं के छात्र ने ज्योति ने 88.9% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार नॉन मेडिकल में वंशिका ने 89.4% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्रो ने भी मेरिट प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया थो इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने परीक्षा फल की घोषणा करते हुए कहा कि इन परीक्षाओं में कक्षा पांचवी एक की दिवांशी बी में, जीविका सी में, वंश डी में, दक्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## कल होगा शिव के 120 तिरसूलों का पावन पवित्र महापूजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**श्री राम कृष्ण साधना धाम** मुरथल के अध्यक्ष स्वामी स्वामी दयानन्द सरस्वति महाराज ने बताया कि हमारे आराध्य ब्रह्मलीन सतगुरु प्रभुदत्त ब्रह्मचारी जी के आशीर्वाद से उन्ही की तपोस्थली झूसी प्रयागराज आश्रम में 144 वर्षों बाद आने वाले पावन पवित्र महाकुंभ में इस बार 108 त्रिशूलों का महापूजन 31 दिन तक करने के पश्चात एवं 12 त्रिशूलों के साथ 12 ज्योतिर्लिंग ,12 शक्तिपीठों एवं 4 धाम के दर्शन एवं महापूजा के पश्चात भगवा त्रिशूल यात्रा आपके अपने आश्रम श्री राम कृष्ण साधना केंद्र मुरथल, में 21 दिन के नियमित



महापूजन के लिए पहुँच चुकी है । इस दौरान अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद एवं भगवा अस्त्रस्त्र द्वारा आयोजित भगवा त्रिशूल यात्रा के 120 त्रिशुलों का पूजन नवरात्रो के पावन पर्व पर 17 अप्रैल तक नियमित चलेगा। 28 मार्च से 21 दिन तक माँ आदि शक्ति और भगवान शिव का नियमित महापूजन होगा। अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाय ने सभी श्रद्धालुओं व हरियाणा वासियों से आग्रह किया है कि आप भी सपरिवार इस दिव्य व पावन पवित्र महापूजन में भाग लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करे और 120 भगवा त्रिशूलों के विधिवत पूजन कर पुण्य के भागीदार बने । अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद द्वारा आयोजित यात्रा प्रयागराज के महाकुंभ में मौनी अमावस्या से आरंभ हुई थी, जहां संगम तट पर 31 दिनों तक 108 त्रिशूलों का नियमित अभिषेक किया जा रहा है। इसके पश्चात, यह यात्रा 1 मार्च से विशाल ‟भगवा त्रिशूल यात्रा‟ के तहत 120 त्रिशूलों के साथ देशभर के प्रमुख तीर्थ स्थलों से होते हुए दिल्ली होते हुए आपके आश्रम में पहुँची है। इस दौरान अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की राष्ट्रीय प्रवक्ता दामिनी वशिष्ट जी ने बताया कि 18 अप्रैल को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कैलाश खेर व शिव भजनों के भगवा त्रिशूल यात्रा अपने भव्य समापन के साथ इतिहास रचेगी। इस समारोह में धमार्चार्य, संत-महात्मा, राजनेता और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे।इस विशेष पूजन, भजन-कीर्तन, प्रवचन और महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिससे सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को और अधिक मजबूती मिलेगी। समापन समारोह को और भी भव्य बनाने के लिए प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर अपनी प्रस्तुति देंगे। वे शिव भजनों के माध्यम से पूरे वातावरण को शिव भक्ति में सराबोर कर देंगे। उनकी ओजस्वी और आध्यात्मिक गायकी से श्रद्धालुओं को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त होगा और दिल्ली में एक अलौकिक शिवमय वातावरण का सृजन होगा।

## बिना तलाक के पति ने की दूसरी शादी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में पति की** दूसरी शादी से गुस्साई एनआरआई पत्नी ने ससुराल के गेट पर बैठकर धरना शुरू कर दिया और जमकर हंगामा किया। आरोप है कि पति ने उसको धोखा दिया और बिना तलाक लिए ही 19 साल की लडकी से शादी कर ली। पीड़िता ने सामाजिक संस्था युवा बोलेगा मंच के साथ जमकर हंगामा किया। पीड़िता का कहना है कि उसके पास कनाडा की नागरिकता है और उसके पति ने दूसरी शादी की तो वह कनाडा से वापस लौटी है। पीड़िता का आरोप है कि उसने पुलिस को शिकायत दी, उसकी शिकायत पर मामला दर्ज हो चुका है। लेकिन 20 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में वह न्याय के लिए लगातार भटकती रही है। हंगामे की सूचना के बाद आरोपी पति भी मौके पर पहुंच गया और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पति और पत्नी के बीच जमकर नोकझोंक हुई। पत्नी ने पति के ऊपर मिट्टी फेंकी। जिसके बाद पति वहां से अपनी कार में बैठकर चला गया और पुलिस में शिकायत देने के लिए निकल गया। हालांकि पुलिस ने मामले को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन मामला बढ़ता चला गया। पीड़िता का कहना है कि अगर हमें न्याय नहीं मिला तो आगे ओर भी उग्र प्रदर्शन करेंगे। जिले के बड़ा गांव की परमजीत कौर ने बीती 5 मार्च को सेक्टर 32-33 थाना करनाल में अपने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड ?ा के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई थी। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पीड़िता के मुताबिक उसकी शादी 26 जनवरी 2003 को हुई थी। शादी में एक करोड़ खर्च किए, लेकिन पति ने छोटी गाड़ी को लेकर ताने मारने शुरू कर दिए। शादी के एक महीने बाद जब उसकी ननंद की शादी थी तो सास और पति ने 20 लाख रुपए की मांग की। जब पैसे नहीं दे पाई तो मारपीट की गई। पीड़िता ने बताया कि शादी से पहले ही वह कनाडा की नागरिक थी। लेकिन उसके पति, सास और ननंद ने स्वीकार किया कि उन्होंने उससे शादी केवल कनाडा जाने के लालच में करवाई थी।

## न्यूज फ्लैश

### खेत में बने कमरे से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव भठगांव डूगरांन स्थित किसान के खेत में बने कमरे से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। किसा ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव रतनगढ़ निवासी अजय ने बताया कि उसके खेत गांव भठगांव डूगरांन में है। उसने खेत में कमरा बना रखा है। जिसमें खेती व ट्यूबवेल से संबंधित सामान रखा हुआ है। किसी ने गत रात को कमरे की दीवार तोड़कर जरूरी सामान चोरी कर लिया। जिसमें इनवर्टर एवं बैटरी, कॉपर वायर, वाल्व दो मोटर के स्टार्टर, सहित अन्य सामान गायब मिला। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। पीड़ित ने बताया कि क्षेत्र में चोरों का आतंक बना हुआ है। खेतों से चोर उपकरण चोरी कर लेते है। उसके खेत में दूसरी बार चोरी की घटना हुई है। वहीं गांव के अन्य किसानों के खेतों से भी खेती से संबंधित उपकरण चोरी हो चुके है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सदर थाना सोनीपत पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी उमेश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### संदिग्ध हालत में स्टेशन के मुख्य गेट पर मिला युवक का शव, नहीं हो की शिनाख्त

**सोनीपत: सोनीपत** रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर युवक को शव संदिग्ध हालत में पड़ा हुआ मिला। राहगीरों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। जहां शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मृतक की तलाश के प्रयास कर रही है। राजकीय थाना सोनीपत में तैनात महिला पुलिस कर्मी मोनिका ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि स्टेशन के मुख्य गेट पर युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों से मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव गृह में शिनाख्त के लिए रखवाया गया है। युवक की आयु करीब 35 से 38 वर्ष के बीच में है। उसने काले रंग की टी शर्ट व कबूतरी रंग की पजामी पहन रखी है। मृतक की पहचान के प्रयास तेज कर दिए है। शिनाख्त के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### मिठाई की दुकान का शटर उखाड़ कर सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव बड़वासनी स्थित धर्मशाला के अंदर मिठाई की दुकान का शटर उखाड़ कर सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बड़वासनी निवासी अजीत सिंह ने बताया कि उसने गांव स्थित धर्मशाला में मिठाई व चाय की दुकान कर रखी है। किसी ने गत 26 मार्च को दुकान का शटर उखाड़ कर अंदर से सामान चोरी कर लिया। सामान में चार किलो मिल्क केक, 22 बोतल रेडबुल, 35 डिब्बी सिगरेट सहित 1500 रुपये की राशि को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नरेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# कुरुक्षेत्र धाम के चप्पे-चप्पे पर ऐतिहासिक, पौराणिक तीर्थ विराजमान: ज्ञानानंद

## कुरुक्षेत्र तीर्थों की अष्टकोसी यात्रा एक पवित्र और ऐतिहासिक यात्रा मानी जाती है: ज्ञानानंद महाराज

**शुभारंभ**

**अष्टकोसी तीर्थ यात्रा के शुभारंभ अवसर पर पूजा अर्चना की और कुरुक्षेत्र की अष्टकोसी यात्रा का शुभारंभ किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्व प्रसिद्ध धर्मक्षेत्र है। इस कुरुक्षेत्र धाम के चप्पे-चप्पे पर ऐतिहासिक, पौराणिक तीर्थ विराजमान है। इस पावन धरा के कण-कण में पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश सम्माहित है। इसलिए कुरुक्षेत्र तीर्थों की अष्टद्कोसी यात्रा एक पवित्र और ऐतिहासिक यात्रा मानी जाती है। इस अष्टकोसी तीर्थ यात्रा का वर्णन पवित्र ग्रंथ गीता के 11वें अध्याय में भी किया गया है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज शुक्रवार को गांव बाहरी के नाभिकमल मंदिर में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले नाभिकमल मंदिर में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज, महंत राम अवतार, महंत विशालदास सहित अन्य संतजनों ने अष्टकोसी तीर्थ यात्रा के शुभारंभ अवसर पर पूजा अर्चना की और विधिवत रूप से कुरुक्षेत्र की अष्टकोसी यात्रा का शुभारंभ किया। इस यात्रा में इस्कॉन व जीयो गीता की तरफ से भक्तजनों ने भजन कीर्तन किए और भजन कीर्तन कर पूरी यात्रा को भक्तिरस में भर दिया।

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से कुरुक्षेत्र की पौराणिक अष्टद्कोसी यात्रा को शुरू करवाकर देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थ यात्रियों को एक अनोखी सौगात देने का काम किया है। इस अष्टद्कोसी यात्रा को बेहद पवित्र यात्रा माना जाता है और यह यात्रा कुरुक्षेत्र की पावन धरा से बहने वाली पवित्र सरस्वती नदी के किनारे से होकर गुजरती है। इस नदी के किनारे ही पुराणों, वेदों की रचना की गई और पूरे विश्व को ज्ञान, शिक्षा और संस्कार दिए गए। इस यात्रा को ज्ञान,शिक्षा और संस्कारों से जोडकर देखा जा रहा है। इस यात्रा से लोगों और श्रद्धालुओं को पुण्य की प्राप्ति होगी।

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पवित्र सरस्वती नदी के किनारे सदियों से अष्टद्कोसी यात्रा की जाती थी। लेकिन समय के चलते यह यात्रा बंद हो गई, अब बोर्ड और केडीबी के प्रयासों से यात्रा फिर से शुरू की गई है। इस यात्रा के दौरान ऐतिहासिक और पौराणिक तीर्थ स्थलों के दर्शन होते है। इस यात्रा में कुरुक्षेत्र ही नहीं हरियाणा और देश विदेश के लोगों को जरूर शिरकत करनी चाहिए। इस यात्रा के लिए बोर्ड की तरफ से हर संभव मदद और सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।

## प्लॉट बेचने के नाम पर लाखों रुपये की राशि हड़पने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में प्लॉट बेचने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। सरस्वती विहार दिल्ली निवासी अमित ने बताया कि वह हाई-पैक फिल्म्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। उन्होंने वर्ष 2006 में एक कंपनी से 350 वर्ग गज का प्लॉट खरीदने को सौदा किया था। इस कंपनी के निवेशक एचके खान, नादिरा फराज हामिद और ओमर इमाम ने उन्हें यह प्लॉट बेचने का अनुबंध किया था। फरवरी 2006 को बुकिंग राशि के रूप में 9,35,375 रुपये चेक दिए गए थे। इसके बाद वह किस्तों में कुल 34,25,250 का भुगतान कर चुके हैं। उन्हें प्लॉट पर कब्जा दिलाने का आश्वासन ही मिलता रहा। कोरोना संकट के दौरान भी भरोसा दिलाया गया कि जल्द कब्जा दिला देंगे। 15 जनवरी को जब अमित ने टीडीआई कंपनी से संपर्क किया तो पता लगा कि उनका प्लॉट बिक चुका है। प्लॉट को पहले पहले सुनीत कुमार और फिर अनंत गर्ग को बेच दिया गया था। पीड़ित का आरोप है कि शेरवुड इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के अधिकारियों ने मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर उनके प्लॉट को गैरकानूनी तरीके से बेच दिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### एसीएम चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने गाड़ियों के एसीएम चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बादल व सूरज निवासी आगरा यूपी के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव प्रीतमपुरा निवासी देवेंद्र ने गत 25 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करता है। उसके पास बादल व सूरज नौकरी करने के लिए आए थे। गत 24 मार्च को दो टाटा कैंटर गाड़ियों से एसीएम चोरी करके ले गए। अपने स्तर पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

## गोदाम से सामान चोरी, संचालक ने कबाड़ी की दुकान से बरामद किया सामान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के राठधना रोड स्थित एक गोदाम से चोर इन्वर्टर और ई-रिक्शा बैट्री बनाने की मशीन और अन्य सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। गोदाम संचालक ने अपने स्तर पर सामान की तलाश की, तो चोरी किया हुआ सामान कबाड़ी के पास मिला। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव राजलू गढ़ी निवासी धर्मबीर ने बताया कि राठधना रोड पर वाशु देव इंटरनेशनल नाम से इंवर्टर और ई-रिक्शा बैट्री निर्माण की फैक्ट्री है। सामान रखने के लिए गोदाम भी बनाया है। चोर गोदाम की दीवार तोड़कर बैट्री कास्टिंग मशीन, फैक्ट्री ऑक्साइड मिक्सर मशीन, बैटरी चार्ज मशीन और बैटरी चोरी कर ले गए। धर्मबीर का कहना है कि अपने स्तर पर सामान की तलाश शुरू की और ओल्ड डीसी रोड स्थित पीयूष कबाड़ी की दुकान पर पहुंचे, जहां उन्हें उनकी बैटरी बनाने की मशीन खुली हुई मिलीं। उसने तुरंत पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद पुलिस टीम ने मुआयना कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## स्वस्थ जीवन के लिए नियमित जांच जरूरी : डॉ. ममता सचदेवा

**टेस्ट किए**

**शविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी, न्यूरोपैथी इत्यादि के भी टेस्ट किए गए**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू स्वास्थ्य केन्द्र में योग गुरु व डॉ. हिमांशु जैन व डॉ.आशीष अनेजा के संयुक्त तत्वावधान में कर्मचारियों के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का बतौर मुख्यातिथि उद्घाटन करते हुए कुवि कुलपति की धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नियमित जांच जरूरी है। समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच करवाकर बीमारियों से बचा जा सकता है। इसलिए हमें अपने स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ नहीं है। स्वस्थ व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र के विकास में अहम योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन का सबसे बड़ा सुख अच्छा स्वास्थ्य है इसलिए स्वस्थ रहना न केवल शारीरिक लाभ प्रदान करता है, बल्कि मानसिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अत्यधिक लाभकारी है।

केयू स्वास्थ्य केन्द्र के एडमिनिस्ट्रेटर एवं मेडिकल ऑफिसर गैपियो सदस्य, आरएसएसडीआई डॉ. आशीष अनेजा ने बताया कि इस निःशुल्क शिविर में लगभग 300 लोगों ने पंजीकरण करवाकर इस सुविधा का लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन डॉ. हिमांशु जैन में सिर में दर्द, मिर्गी, सरवाईकल, याददाश्त में कमी, कमर में दर्द तथा हाद व पैर में सुन्नपन संबंधित लोगों का चैकअप कर उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श दिया। डॉ. अनेजा ने बताया कि शिविर में योग गुरु एवं डॉ. जैन आई विशेषज्ञों की टीम ने हड्डी एवं नसों से संबंधित मरीजों की गहनता से जांच की। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी, बुखार, वजन, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी, न्यूरोपैथी इत्यादि के भी टेस्ट किए गए। इसके साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई।

## डीएवी स्कूल में छात्रों के लिए संस्कार संगम शिविर लगाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** डीएवी पब्लिक स्कूल मे छात्रों के लिए लगाया गया संस्कार संगम शिविर डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर के प्रांगण में संस्कार संगम शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 28 मार्च से 3 अप्रैल तक चलेगा। इस शिविर में कक्षा तीसरी से छठी तक के छात्रों ने भाग लिया। यह शिविर छात्रों के लिए निशुल्क किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डी ए वी स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्य श्री अनिल गुप्ता जी द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी ने गुप्ता जी को ओउम पट पहनाकर स्वागत किया। श्री अनिल गुप्ता जी ने बच्चों को बहुत बहुत शुभकामनाएं दी व उन्हें इस तरह के क्रिया-कलाप जिनके द्वारा बच्चे के व्यक्तित्व में विकास होता है वे समय समय पर करते रहने चाहिए। प्रथम दिन छात्रों को प्रातः जुम्बा व कुछ कसरत कराये गए। तत्पश्चात सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट जानकारी में छात्रों को वर्कशीट द्वारा दयालुता, समानुभूति पर कराया गया। ड्राइंग में बच्चों को छोटे-छोटे पत्थरों पर पेंटिंग करना सिखाना जारी है व अंतिम सत्र संगीत मे संगीत अध्यापक श्री दिनेश ने अंग्रेजी गीत व नृत्य और संगीत के मूलभूत नियम सिखाये गए। यह शिविर कोऑर्डिनेटर श्रीमती वंदना व श्रीमती सुदेश शर्मा की अध्यक्षता



**मांग**

~~विद्यालय व समाज को जोड़ने की कड़ी है एसएमसी~~

~~जिला स्तरीय एमसी प्रतिनिधि प्रशिक्षण~~

## बातों में उलझाकर जूता विक्रेता का चोरी किया मोबाइल, ट्रांसफर की हजारों की राशि

**फर्जीवाड़ा**

**युवक उसका मोबाइल फोन ले गए। जिसे बाद फोन पे से खाते से 77 हजार रुपये की राशि ट्रांसफर कर ली**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में जूते विक्रेता को बातों में उलझा कर ऑटो सवार युवक उसका मोबाइल फोन ले गए। जिसे बाद फोन पे से उसके खाते से 77 हजार रुपये की राशि विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर ली। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव घसौली निवासी विकास ने बताया कि वह जूते विक्रेता के तौर पर काम करता है। गत 24 मार्च को दिल्ली जूते खरीदने के लिए गया था। इस दौरान वापस लौटते समय, जब वे आटो में सवार होकर प्याऊ मनियारी पहुंचा, तो उनके साथ सवार युवक ने उन्हें बातों में उलझा लिया। युवक ने उसे बताया कि उसके पास एक लाख रुपये हैं, जिन्हें वह बैंक खाते में ट्रांसफर करवाना चाहता है, क्योंकि उसे बिहार जाना है और रास्ते में लूटपाट का डर है। युवक ने 500-500 रुपये की गड्डी भी दिखाकर विश्वास दिलाया और विकाश को रूमाल में लपेटकर नकद रकम उनके बैग में रखने का दिखावा किया। इसके बाद, उसने विकाश से उनका मोबाइल नंबर लिया और उनसे 80,000 रुपये आनलाइन ट्रांसफर करने के लिए कहा। इसी बीच, चालाकी से उसने विकाश का फोन भी ले लिया। विकास को लगा कि युवक ने उसका फोन और रुपये उसके बैग में रख दिए है। कुछ देर बाद बैग की जांच की तो न रुपये मिले और न ही मोबाइल मिला।

## युवक की हत्या करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट वेस्ट सोनीपत पुलिस की टीम ने चाकू से वार कर युवक की हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नवीन निवासी भटगांव सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव भटगांव निवासी राज ने 21 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि देर शाम गांव का नवीन उसके घर पर आया। उसकी पत्नी को कहने लगा कि तुम्हारा बेटा उसके कहेअनुसार दुकान पर काम नहीं करता है। उसे धमकी देने लगा।

## चीनी मिल पेराई सत्र-गर्मी का पेराई सत्र पर पड़ने लगा असर

**धीमा पड़ा**

**चीनी मिल में पिछले 24 घंटे में करीब 15 हजार क्विंटल गन्ने की ही पेराई हो पाई है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: शहर** के कामी गांव सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल के पेराई सत्र पर गर्मी का असर दिखाई देने लगा है। गर्मी के चलते पेराई सत्र की रफ्तार धीमी पड़ गई है। जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सप्ताह भर पहले तक 20 हजार क्विंटल प्रतिदिन से अधिक गन्ने की पेराई करने वाले चीनी मिल में पिछले 24 घंटे में करीब 15 हजार क्विंटल गन्ने की ही पेराई हो पाई है। जानकारों की मानें तो तापमान में बढ़ोतरी के कारण अब क्षमता के हिसाब से गन्ने की पेराई करना मुश्किल होगा। अधिक गति से पेराई की गई तो ब्रेक डाउन होने की घटना की सम्भावना बढ़ सकती है। बता दें कि प्रदेश में जींद, आहुलाना सहित कई चीनी मिलों में वर्ष 2025-26 का पेराई सत्र समाप्त हो चुका है। सोनीपत चीनी मिल में अभी गन्ना अधिक शेष रहने की वजह से पेराई का काम चल रहा है। मिल प्रबंधन ने 28 मार्च को पेराई सत्र समाप्त होने का पहला नोटिस जारी किया था, लेकिन गन्ना अधिक बचा होने के कारण अब अप्रैल माह के पहले सप्ताह तक पेराई सत्र चलने का अनुमान है। लेकिन अब गर्मी अधिक होने की वजह से पेराई प्रक्रिया धीमी पड़नी शुरू हो गई है। जबकि प्रबंधन की तरफ से सत्र के लिए किसानों के साथ 32 लाख क्विंटल गन्ने की बॉडिंग की गई थी। इसमें से अब तक 24 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई हो पाई है। जिसका कारण गर्मी बढ़ना बताया जा रहा है। वहीं कई दिनों से लगातार तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। बृहस्पतिवार को दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ। जबकि न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज हुआ। तापमान में यह गिरावट भी बृहस्पतिवार को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से आई है। बुधवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री दर्ज हुआ था। तापमान बढ़ने से मशीनें गर्म हो जाती है और अधिक रफ्तार से पेराई करने पर तकनीकी समस्याएं पैदा हो सकती है। चीनी मिल कारखाने में अब तक 24 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई हो चुकी है। गर्मी के चलते दो दिन से थोड़ी परेशानी सामने आई है। जिसके चलते पेराई सत्र को कम रफ्तार से चलाया जा रहा है। अप्रैल माह के पहले सप्ताह तक बचे हुए गन्ने की पेराई का काम पूरा करने की रूपरेखा तैयार की गई है।

## मैराथन दौड़ के चलते यातायात विभाग ने रूट प्लान किया तैयार

**रूट तैयारी**

**गोहाना रोड बाईपास से कुराड़ बाईपास होते हुए राष्ट्रीय हाईवे-44 से अपने गंतव्य को पंहुचे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सोनीपत**-मुरथल सड़क मार्ग स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) में 30 मार्च को होने वाली सोनीपत हाफ मैराथन को लेकर यातायात पुलिस द्वारा रूट प्लान जारी किया है। जिसके चलते कई रूट डायवर्ट किए गए हैं। जिससे मैराथन में प्रतिभागिता करने वाले युवाओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। बता दें कि नशे के विरुद्ध युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही सोनीपत हाफ मैराथन को प्रदेश के मुखिया नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उक्त दौड़ में 5, 10 व 21 किलोमीटर की है। मैराथन का विषय ""खेल अपनाएं नशा भगाएं और रन फॉर स्पोर्ट्स रन अगेंस्ट ड्रग्स रहेगा। मैराथन का उद्देश्य राज्य में फिटनेस, एकता व खेल भावना को बढ़ावा देना है।

**मैराथन का यह रहेगा मार्गः-** मुरथल विश्वविद्यालय से शुरू होकर मुरथल-सोनीपत रोड से अग्रसेन चौक, सेक्टर 14-15, महाराणा प्रताप चौक नजदीक नागरिक अस्पताल, सेक्टर-12, ट्रक यूनियन चौक, दीवान फार्म चौक बहालगढ़ रोड, सेक्टर-7, सोनीपत-वर्धमान गार्डेनिया रेजिडेंशियल सोसाइटी के सामने से अंतिम बिंदु से वापस उसी मार्ग से मुरथल विवि पहुंचेंगी। मैराथन के दौरान आठ स्थानों पर नाके लगाए जाएंगे।

**वाहनों के लिए यह मार्ग किए डायवर्टः-** मैराथन के दौरान 30 मार्च को सुबह चार बजे से दोपहर 12.00 बजे तक मैराथन मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। ऐसे में वाहनों के रूट डायवर्ट किए जाएंगे।

**बहालगढ़ से सोनीपत जाने वाले वाहन :** बहालगढ़ से राष्ट्रीय राजमार्ग -334 बी से होते हुए नरेला-सोनीपत रोड से आईटीआई चौक होते हुए सोनीपत पहुंचें। मुरथल से सोनीपत जाने वाले वाहन : मुरथल से कुराड़ बाईपास, देवड़ू रोड से जीवीएम कन्या महाविद्यालय मुरथल रोड से होते हुए सोनीपत पंहुचे।

**गोहाना से सोनीपत के रास्ते जीटी रोड की तरफ जाने वाले भारी वाहन :** गोहाना रोड बाईपास से कुराड़ बाईपास होते हुए राष्ट्रीय हाईवे-44 से अपने गंतव्य को पंहुचे। सोनीपत शहर से दिल्ली जाने वाले वाहन : आईटीआई चौक से नरेला रोड होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-334 बी व राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से दिल्ली पहुंचे।

**सोनीपत से पानीपत जाने वाले वाहन :** गोहाना रोड बाईपास से कुराड़ बाईपास होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से पानीपत, जटवाड़ा से चीनी मिल फ्लाईओवर से सोनीपत-कुराड बाईपास होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से पानीपत, सब्जी मंडी चौक से कामी रोड होते हुए सोनीपत-कुराड बाईपास होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से पानीपत और जीवीएम कन्या महाविद्यालय से देवडू रोड होते हुए सोनीपत-कुराड बाईपास के रास्ते राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से पानीपत पहुंच सकते हैं। शहर सोनीपत से आने वाले प्रतिभागी : गोहाना रोड बाईपास से कुराड बाईपास होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-44, जटवाड़ा से चीनी मिल फ्लाईओवर के रास्ते, सब्जी मंडी चौक से कामी रोड होते हुए, जीवीएम कॉलेज से देवडू रोड होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-44, मुरथल-सोनीपत रोड स्थित सामान्य पार्किंग में अपने वाहन पार्क करके मुरथल विवि गेट नंबर तीन नजदीक सीपेट यूनिवर्सिटी से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे।

## जिले के गांव भिगान को लिंगानुपात में सर्वश्रेष्ठ गांव का मिलेगा सम्मान

**उपलब्धि**

**5000 से ज्यादा की जनसंख्या वाले इस गांव में वर्ष 2024 में 35 बेटों व 52 बेटियों ने जन्म लिया ह**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: प्र**देश सरकार की तरफ से लिंगानुपात में सुधार लाने को वर्ष 2002 से बेस्ट विलेज अवार्ड योजना चला रखी है। योजना के तहत लिंगानुपात में अव्वल रहने वाले गांव की उन छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी जाती है जो दसवीं कक्षा में टॉपर रही। तब से सबसे अधिक लिंगानुपात वाले गांव की चयन प्रक्रिया चल रही है। इस बार विभाग की तरफ से गांव भिगान को लिंगानुपात को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया है। जिससे प्रशासन की तरफ से सम्मानित करने का कार्य किया जायेगा। बता दें कि लिंगानुपात में अव्वल आने वाले गांव की तीन बेटियों को स्वास्थ्य विभाग डेढ़ लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित करेगा। गांव के सरकारी स्कूल में दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान पर रहने वाली बेटी को 75 हजार रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाली बेटी को 45 हजार रुपये और तीसरे स्थान पर रहने वाली बेटी को 30 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। जनवरी से दिसंबर तक गांव के लिंगानुपात की जानकारी जुटाई जाती है। योजना के तहत 5000 से ज्यादा आबादी वाले गांवों की संस्थागत डिलिवरी 30 फीसदी होनी जरूरी है। वहीं गांव में दसवीं कक्षा का विद्यालय होना चाहिए।

**पिछली बार हलालपुर गांव टॉप पर रहा**

स्वास्थ्य विभाग ने इस बार जिले के गांव भिगान को लिंगानुपात में सर्वश्रेष्ठ गांव चुना है। 5000 से ज्यादा की जनसंख्या वाले इस गांव में वर्ष 2024 में 35 बेटों व 52 बेटियों ने जन्म लिया है। विभाग व सरकार की तरफ से गांव भिगान को बेस्ट विलेज अवार्ड के लिए चयन किया गया है।

# पीठाधीश्वर व प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य महेश गुरु ने किए मां भद्रकाली के दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कथावाचक आचार्य** महेश गुरु क्षिप्रेश्वर धाम उज्जैन के पीठाधीश्वर व प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य महेश गुरु ने कुरुक्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। इसी कड़ी में वे माँ के 52 शक्तिपीठों में से एक शक्तिपीठ भद्रकाली मंदिर में दर्शन करने पहुंचे एवं माँ भद्रकाली मंदिर के अध्यक्ष सतपाल शर्मा से भेंट की। सतपाल शर्मा ने आचार्य महेश गुरु को लाल चुनरी उडाकर सम्मानित किया। आचार्य महेश गुरु ने कहा कि माँ के इस शक्तिपीठ का वर्णन पुराणों में भी मिलता है कि किस



तरह से माँ सती का टखना कुरुक्षेत्र में गिरा था, जहां माता का टखना गिरा वहां माता का शक्तिपीठ बना। उन्होंने कहा कि भद्रकाली शक्तिपीठ में देवी सती का दाए पैर का टखना (घुटने के नीचे का भाग) गिरा था। इसका महत्व तब और बढ़ जाता है, जब इसमें श्रीकृष्ण का जिक्र शामिल हो जाता है। कहा जाता है कि भद्रकाली शक्तिपीठ में श्रीकृष्ण और बलराम का मुंडन हुआ था। ये भी माना जाता है कि महाभारत युद्ध में विजय का आशीर्वाद लेने पांडव श्रीकृष्ण के साथ यहां आए थे। मन्नत पूरी होने के बाद पांडवों ने मंदिर में आकर घोड़े दान किए थे। तब से घोड़े दान करने की प्रथा चली आ रही है। मंदिर के पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के अनुसार भद्रकाली मंदिर मां देवी काली को समर्पित है। भद्रकाली शक्ति पीठ सावत्री पीठ के नाम से प्रसिद्ध है। भद्रकाली मंदिर में देवी काली की प्रतिमा स्थापित है तथा मंदिर में प्रवेश करते ही बड़ा कमल का फूल बनाया गया है, जिसमें मां सती के दायें पैर का टखना स्थापित है जोकि सफेद संगमरमर से बना है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवी सती ने उनके पिता दक्षेश्वर द्वारा किये यज्ञ कुण्ड में अपने प्राण त्याग दिये थे। तब भगवान शंकर देवी सती के मृत शरीर को लेकर ब्रह्मांड चक्कर लगा रहे थे। भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर को 52 भागों में विभाजित कर दिया था। इसमें से सती का दाया टखना इस स्थान पर गिरा। सती का दायें टखना इस मंदिर में बने कुएं में गिरा था, इसलिए इसे मंदिर को श्री देवीकूप मंदिर भी कहा जाता है। मान्यता है कि नवरात्रि में इस मंदिर का खास महत्व होता है। महाभारत काल में श्रीकृष्ण पांडवों के साथ इस मंदिर में आए थे। उन्होंने विजय के लिए मां से मन्नत मांगी थी।

# हरियाणा के सरकारी स्कूलों में उपलब्ध है सभी प्रकार की सुविधाएं: इन्दू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : आज राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय हथीरा, कुरुक्षेत्र में खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर- श्रीमती इन्दू कौशिक जी और विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रमेश कुमार जी ने प्रवेश उत्सव 2025 - 26 की रैली को हरी झंडी दिखाकर हथीरा गांव में रवाना किया ' इस प्रवेश उत्सव के अवसर पर आदरणीय खंड शिक्षा अधिकारी व प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबोधित करके अधिक से अधिक बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिला करवाने का आह्वान किया ' उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं' हमारे विद्यालय में बहुत ही शिक्षित,




कर्मठ व लगनशील शिक्षक विद्यालय में बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने में प्रयत्नशील हैं ' अतः अधिक से अधिक बच्चों को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथीरा में दाखिला लेने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती इंदू कौशिक ने बच्चों से नारे भी लगवाए - बदल रहे हैं सरकारी स्कूल..... आओ बदलाव का हिस्सा बनें..... चलो सरकारी स्कूल चलें इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अधीक्षक श्री अनिल कुमार, श्री अमित मलिक व ग्राम पंचायत हथीरा से सरपंच प्रतिनिधि डॉक्टर कृष्ण कुमार, शिक्षाविद श्री करनैल सिंह,विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रधान श्रीमती सुमन देवी, उषा देवी व विद्यालय के स्टाफ सदस्य तथा गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### फर्जी जमानत दिलाने वाले दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला पुलिस ने** फर्जी जमानत दिलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जेल में बंद लोगों की जमानत करवाते थे। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इस फजीर्वाड़े में किसी वकील की संलिप्तता तो नहीं है। सिविल लाइन थाना एसएचओ श्रीभगवान ने बताया कि काफी समय से पुलिस को शिकायतें मिल रही थी कि कुछ लोग फर्जी जमानत दिलवा रहे हैं। 27 मार्च को सूचना मिली कि धर्मपाल, जो बजीदा रोडान का रहने वाला है और गुलाब सिंह, जो पिंगली गांव का रहने वाला है, कोर्ट में फर्जी जमानत के लिए आए हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और कोर्ट पहुंचकर दोनों आरोपियों को धर दबोचा। पूछताछ में पता चला कि वे पहले भी चार से पांच बार इस तरह की जमानत दिलवा चुके हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी फर्जी जमानत दिलाने के लिए जाली आधार कार्ड और फर्जी जमाबंदी लेकर आते थे। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर वे जेल में बंद आरोपियों की जमानत करवाते थे। जमानत के बाद न तो वे कोर्ट की तारीखों पर पेश होते थे और न ही कहीं मिलते थे, जिससे केस लंबे समय तक अटका रहता था। जांच में सामने आया है कि इस धंधे में कई लोग शामिल हो सकते हैं, जो कोर्ट परिसर के बाहर घूमते रहते हैं और पैसों के बदले फर्जी जमानत दिलाने का काम करते हैं। आरोपी जमानत के बदले 1000 से 3000 रुपए तक वसूलते थे और खुद ही फर्जी दस्तावेज तैयार करते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस के पास आर्म्स एक्ट में बंद एक आरोपी के लिए जमानत लेने की कोशिश की जा रही थी। जब पुलिस ने सतर्कता दिखाई तो आरोपियों की असलियत सामने आ गई। जांच में सामने आया कि यही आरोपी बार-बार फर्जी कागजातों के जरिए जमानत लेने का काम कर रहे थे। समय रहते पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया, जिससे जेल में बंद आरोपी को जमानत नहीं मिल पाई। अब पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इस गैंग में और कौन-कौन शामिल हैं और अब तक कितने मामलों में फर्जी जमानत दिलाई जा चुकी है। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस गैंग में और कितने लोग शामिल हैं और अब तक कितने मामलों में इस तरीके से फर्जी जमानत दिलाई जा चुकी है। वकीलों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा और इस फजीर्वाड़े में शामिल सभी लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जीजा ने साले को दिया जहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के गोंदर** गांव में जीजा द्वारा साले को शराब में जहर मिलाकर पिलाने का मामला सामने आया है। दो हफ्ते तक अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझने के बाद युवक नन्हे की आज इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की बहन ने अपने पति व ससुराल पक्ष पर साजिशन हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस परिजनों की शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई करेंगी। मृतक नन्हे की बहन विमला देवी का कहना है कि 14 मार्च को होली के दिन उसके पति ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट की थी, जिसके बाद वह अपने भाई नन्हे के घर आ गई थी। इसके बावजूद उसका पति पीछा नहीं छोड़ रहा था और बार-बार वहां आ रहा था। शाम को जब वे गोंदर गांव गए तो वहां भी ससुराल वालों ने धमकी दी। आरोप है कि उसी शाम उसके पति और ननदोई ने नन्हे को घर बुलाकर जबरदस्ती शराब पिलाई, जिसमें जहर मिला हुआ था। परिजनों के मुताबिक जहरीली शराब पीने के तुरंत बाद नन्हे की तबीयत बिगड़ गई। उसे तुरंत करनाल के अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां दो हफ्ते तक इलाज चला। आखिरकार आज सुबह उसने दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी मिलते ही निसिंग थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट व परिजनों की शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी आरोपों की बारीकी से जांच कर रही है और ससुराल पक्ष से भी पूछताछ की जाएगी।

# मेयर ने की निगम अधिकारियों एवं पार्षदों संग बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कार्यभार सँभालने के बाद चार घंटे से जयादा समय तक चली निगम अधिकारियों एवं निगम पार्षदों की पहली समीक्षा बैठक में प्रॉपर्टी आई० डी० की त्रुटियां दूर करने के लिए वार्डों में कैम्प लगाने, स्वामित्व योजना को तेजी से सिरे चढाने तथा विकास कार्यों को तय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए एवं निगम के सभी पार्षदों से नगर के सुधार हेतु सुझाव मांगे गए। बैठक की अध्यक्षता निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने की। राजीव जैन ने स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के लिए नालियों तथा गलियों की साफ सफाई, सार्वजानिक शौचालयों का रख रखाव, स्वच्छता के लिए



जागरूकता कार्यक्रम चलाने, सड़क किनारे पड़ी मिटटी को उठाने की मशीन खरीदने, गढ़े भरने की मशीन लाने, घर घर कूड़ा उठाने की योजना में पारदर्शिता लाने, गली मोहल्लों अनुसार सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर जवाबदेही तय करने की योजना बनाने पर बल दिया। उन्होंने आगे कहा की शहर को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता अभियान जल्द ही शुरू किये जायेंगे। मेयर राजीव जैन ने सभी पार्क, सामुदायिक केंद्र तथा चौकों का रखरखाव रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन तथा सामाजिक संस्थानों को सौंपने, पांडव द्वार के निर्माण में तेजी लाने तथा सड़कों के किनारे सुंदर बनाने पर जोर दिया। उन्होने निगम एरिया में आने वाले गांवों में जोहड़ों की सफाई करवाने, हर गांव में
सामुदायिक केंद्र एवं पार्क बनवाने, सभी वार्डों में सीवर सफाई एवं मरम्मत के कार्यों के लिए 10-10 लाख रुपए के टेंडर लगाने के निर्देश दिए। राजीव जैन ने ड्रेन नंबर 6 को कवर करने, ककरोई रोड के पेयजल शोधन संयत्र, सीवेरज शोधन सयंत्र, ऑडिटोरियम के निर्माण, लहराड़ा मिनी बाईपास, अमृत योजना दो के एस्टीमेट तैयार करने, आवारा कुत्तों की नसबंदी, आवारा पशुओं के लिए एक नया बाड़ा बनाने, बंदरों को पकड़ने का टेंडर लगाने तथा वार्डों में सीनियर सिटिजन क्लब बनाने के बारे में चर्चा की।

# सालासर धाम में हनुमान जी मूर्ति रूप में साक्षात विराजमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हनुमान जन्मोत्सव पानीपत धर्म** कुंभ के लिए सालासर से झंडा ले गए । इस अवसर पर सालासर धाम राजस्थान के पुजारी कृष्ण महाराज ने कहा की सालासर धाम में हनुमान जी मूर्ति रूप में साक्षात विराजमान है यहां से अभिमंत्रित हुए झंडा जिन पर हनुमान जी का चित्र विराजमान है जब भी हर घर पर लगेंगे तो हनुमान जी महाराज तुम हर घर की रक्षा करेंगे । हनुमान जी कलयुग के देवता हैं , हनुमान जी के झंडे को छत पर लगाने के कई धार्मिक और आध्यात्मिक लाभ माने जाते हैं। हिंदू धर्म में यह शुभता, सुरक्षा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। हनुमान जी का झंडा लगाने से घर में नकारात्मक शक्तियों और बुरी नजर का प्रभाव कम होता है।संकट और बाधाओं से मुक्ति यह माना जाता है कि हनुमान जी संकटमोचक हैं, इसलिए उनका झंडा लगाने से घर में सुख-शांति बनी रहती है सकारात्मक ऊर्जा का संचार हनुमान जी के झंडे में मौजूद राम नाम या पवनपुत्र का चित्र घर में सकारात्मक ऊर्जा लाता है।वास्तु दोष का निवारण झ्र यदि घर में वास्तु दोष है तो हनुमान जी का झंडा लगाने से उसका प्रभाव कम हो जाता है। यह माना जाता है कि हनुमान जी के झंडे से शत्रु भय समाप्त होता है और घर के सदस्यों को आत्मबल मिलता है।

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना सभी वर्गों के लिए एक सशक्त प्रयास: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**हरियाणा सरकार द्वारा** समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। यह जानकारी डीसी डाक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने दी। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और खुशहाल बनाएं। डीसी ने कहा कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिसमें अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति / टपरीवास जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71,000/- अनुदान राशि प्रदान की जाती है और पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 41,000/- अनुदान राशि दी जाती है।

# शिक्षक व कर्मचारी शिक्षण संस्थान का मजबूत आधार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** में शुक्रवार को दो शिक्षकों व तीन गैर-शिक्षक कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के अवसर पर प्रशासन की ओर से विदाई पार्टी दी गई। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास में शिक्षकों व कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। शिक्षक व कर्मचारी शिक्षण संस्थान का मजबूत आधार होते हैं जो संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों से औपचारिक बातचीत



की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षकों व कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण रखेगा तथा भविष्य में भी सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों के अनुभव विश्वविद्यालय के काम आएंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए उनके सुझाव लिए व उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों ने अपने विचार व अनुभव सांझा किए। सभी ने भविष्य में भी जरूरत पड़ने पर विश्वविद्यालय के लिए हर समय तैयार रहने का आश्वासन दिया व इस विदाई पार्टी के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार प्रकट किया। सेवानिवृत्त होने वालों में केमिस्ट्री विभाग के प्रो. पवन कुमार शर्मा, यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल की भूगोल की शिक्षिका उर्मिला देवी, स्थापना शाखा टीचिंग से निजी सचिव के.के. ग्रोवर, महिला छात्रावास की वार्डन शीला देवी व परीक्षा शाखा से अधीक्षक पिंकी रानी शामिल हैं। इस मौके पर कुटा प्रधान डॉ. दलीप कुमार, प्रो. जी.पी. दुबे, लोक सम्पर्क विभाग की उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, स्कूल प्राचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह, उपकुलसचिव डॉ. जितेन्द्र जांगडा, कुंटिया महासचिव रविन्द्र तोमर, मुनीष खुराना सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवारजन मौजूद थे।

# सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :गत दिवस पंजाबी** सभा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह प्रधान रूपेश खन्ना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें विश्वविद्यालय से सेवानिवृत हो रहे सभा के दो आदरणीय सदस्यों श्रीमती पिंकी कालड़ा जी, सहायक कुल सचिव (परीक्षा शाखा) एवं श्री कृष्ण कुमार ग्रोवर जी, पी.ऐ./ अधीक्षक (स्थापना शाखा) के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सभा के सदस्यों ने भाग लिया। मंच संचालन सभा के महासचिव श्री



राजेश अरोड़ा ने किया जिसमें सेवानिवृत हो रहे दोनों सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया तत्पश्चात सभा की कार्यकारिणी तथा उपस्थित सभा के सभी सदस्यों ने पुष्पगुच्छ, पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह देकर सेवानिवृत हो रहे दोनों सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके बाद श्री विनोद सहगल, श्री मुनीश खुराना तथा श्रीमती राज शर्मा ने गीत तथा भजन प्रस्तुति दी। श्री नरेश चौधरी जी ने अपने अभिभाषण में बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रधान रूपेश खन्ना ने सेवानिवृत हो रहे दोनों आदरणीय सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनकी सेवा काल की उपलब्धियां बताते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य तथा सुखद भविष्य की कामना की और कहा कि हमें भी सेवा भावना और अच्छे व्यवहार के साथ विश्वविद्यालय में निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए तत्पश्चात जलपान के साथ सेवानिवृत हो रहे दोनों सदस्यों ने दिए गए सम्मान के लिए सभा का धन्यवाद किया। इसी अवसर पर उप अधीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए सभा के सम्मानित सदस्य श्रीमती ममता हंस जी को भी पुष्पगुच्छ देकर के कार्यकारिणी ने सम्मानित करते हुए बधाई दी।

# ईद पर्व को मध्यनजर रखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के किए पुख्ता बन्दोबस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पुलिस अधीक्षक पानीपत** लोकेन्द्र सिह के निदेर्शानुसार उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश कुमार वत्स ने शहर के मौजिज व गणमान्य व्यक्तियो के साथ अपने कार्यालय मे बैठक की । उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश कुमार वत्स ने बताया कि आने वाले ईद के त्योहार को मध्यनजर रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के लिए शांति कमेटी की मिंटिग ली है। जिसमे कमेटी के शामिल लोगो ने अपने विचार रखे और आश्वासन दिया कि वे शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार को मनाते हुए कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म का त्योहार रहा हो, जिले में अब तक सभी ने एक दूसरे का सम्मान किया है जो आगे भी ऐसे ही बना रहेगा। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिह ने सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने को मध्यनजर थाना प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। प्रत्येक गांव, गली मोहल्ले व कॉलोनियों पर नजर रखी जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों को भी चिह्नित किया जा रहा है। सामाजिक सौहार्द व कानून एवं व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरूद्ध आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय योग संस्थान ने कार्यकर्ताओं को करवाई शंख प्रक्षालन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः भारतीय योग संस्थान,** कुरुक्षेत्र जिला इकाई द्वारा योगाश्रम, ढ़ांढ़ रोड़, मिजार्पुर, कुरुक्षेत्र (गांव मिजार्पुर से एक किलोमीटर आगे और नहर से 200 मीटर पहले बाईं ओर) में आज उन कार्यकर्ताओं को जो 13 अप्रैल को योगाश्रम मिजार्पुर में ही होने वाले मुख्य शंख प्रक्षालन कार्यक्रम में सेवा करेंगे, शंख प्रक्षालन क्रिया करवाई गई । प्रातः 6:00 बजे संस्थान के योगाश्रम मिजार्पुर में आयोजित कार्यक्रम में 20 से अधिक कार्यकर्ताओं ने शंख प्रक्षालन क्रिया की । संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर



द्वारा शंख प्रक्षालन क्रिया के निषेध, सावधानियां, लाभ व विधि बताकर यह क्रिया करवाई गई । प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने शंख प्रक्षालन के पश्चात सभी को 30 मिनट का शवासन करवाया । अंत में प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा, जिला प्रधान देवी दयाल सैनी व सौरभ मोदी द्वारा बनाई गई देसी घी से तर स्वादिष्ट खिचड़ी सभी को खिलाई गई । अर्जुन जिला प्रधान मनीराम सैनी, कृष्ण जिला मंत्री हेम सिंह राणा, समालखा से रविंद्र छौकर सहित सभी स्थानीय जिलों के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

**शंख प्रक्षालन है क्या ? इसे क्यों करें ? इसके लिए क्या क्या सावधानियां आवश्यक हैं?** संस्थान के प्रांतीय प्रधान ओम प्रकाश ने बताया कि यहां शंख का अर्थ है पेट या आंतें और प्रक्षालन का अर्थ है धोना । इस क्रिया से अंतःवाहिनी नली कंठ से गुदा तक शुद्ध हो जाती है । शंख प्रक्षालन क्रिया वर्ष में केवल दो बार बदलते मौसम में ही की जा सकती है । इस समय मौसम इस क्रिया के लिए अनुकूल है । शंख प्रक्षालन एक ऐसी यौगिक शुद्धि क्रिया है, जिसमें पानी पीकर कुछ सरल से योगासनों के 5 - 5 सैट किए जाते हैं, पांच बार इस क्रम को दोहराकर मल निष्कासन के लिए शौचालय जाया जाता है । यह पूरी क्रिया पांच - छः बार की जाती है । पहली बार शौच जाने पर सामान्य मल निकलता है, दूसरी बार कुछ पतला, तीसरी बार और अधिक पतला, फिर पानी के साथ मल के छोटे-छोटे टुकड़े और अंत में स्वच्छ पानी जैसा मल निकलता है तो क्रिया संपन्न हो जाती है । सामान्य साधक कि यह धारणा रहती है कि उसे कब्ज नहीं है तो उसका पेट साफ है, परंतु वास्तविकता यह है कि सभी की अंतड़ियो में काफी मात्रा में मल जमा रहता है । जब हम यह क्रिया करते हैं और हमारा मल अंतड़ियों में से उखड़-उखड़ कर शौच द्वारा बाहर आता है तो हमारा यह भ्रम दूर हो जाता है कि हमारा पेट साफ है।

# संगीत द्वारा देश-विदेश की संस्कृति सीख सकते हैं विद्यार्थी: पंकज वैद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आई.आई.एच.एस संस्थान के संगीत एवं नृत्य क्लब द्वारा शुक्रवार को एक दिवसीय निःशुल्क नृत्य कार्यशाला भारत के लोक नृत्य का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ संस्थान की प्राचार्या प्रो. रीटा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यशाला के प्रशिक्षक पंकज वैद ने कहा कि संगीत केवल एकमात्र ऐसा मार्ग है जिससे हम न केवल



प्रदेश अपितु देश-विदेश की संस्कृति सीख सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भारत के लोक नृत्यों के बारे में ज्ञान दिया और विद्यार्थियों को हरियाणा, पंजाब, हिमाचल इत्यादि प्रदेशों के लोकनृत्य सिखाए। संस्थान की प्राचार्या प्रो. रीटा ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां हमारे आत्मिक, शारीरिक व मानसिक विकास हेतु अत्यावश्यक हैं और ऐसी

# श्रीमद् भागवत ज्ञान का विशाल सागर है: आदेश भारद्वाज





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का जहांगीरपुरी जे ब्लॉक गुरूदारे के सामने वाले पार्क में आयोजन किया जा रहा है। आपको बातदें कि इस कथा का आयोजन जहांगीरपुरी आई जे ब्लॉक आरडब्ल्यूए के द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा में करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने शिरकत की और प्रभु का आशीर्वाद लिया। करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि श्रीमद् भागवत ज्ञान का विशाल सागर है और भागवत कथा एक ऐसा महाकाव्य है जो धार्मिक और आध्यामिक ज्ञान को साझा करता है, यह ग्रंथ अनन्त ज्ञान का खजाना है। इसलिए सभी को ध्यान से कथा का श्रवण करना चाहिए। इस मौके पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमएल भास्कर के साथ रविंद्र गुप्ता, अनिल कुमार, नवीन कुमार, दिनेश मिश्रा के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।
इस मौके पर कथा व्यास प्रमोद कृष्ण भारद्वाज शास्त्री ने कहा कि भक्ति में शक्ति होती है। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमएल भास्कर सहित कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

## राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) ने डीएम कार्यालय को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** के अलीपुर में राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा संसद में महाराणा सांगा पर हाल ही में की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में पुतला दहन किया गया।
सिसोदिया ने बताया की राणा सांगा के शरीर पर 80 घाव होने के साथ एक हाथ एक आंख और एक पैर खराब होने के बाद भी 100 से अधिक लड़ाइयां लड़ी और सभी समाज के हित के लिए 18 बार युद्ध लड़े सभी में विजयी रहे। इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद स्थानीय लोगों व कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के विरोध में




जमकर नारेबाजी की। सत्यपाल सिंह सिसोदिया ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और सांसद रामजीलाल सुमन पर साम्प्रादायिक माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया।
सिसोदिया ने पुतला दहन के बाद पैदल मार्च कर उत्तरी जिला दंडाधिकारी अलीपुर कार्यालय को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा और समाजवादी पार्टी व सांसद के खिलाप कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर राजपा पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ठाकुर दुष्यंत सिंह, यूथ अध्यक्ष जोगिंदर राणा, उत्तर पश्चिमी प्रभारी सत्येंद्र सिंह सिसोदिया, कोर कमेटी अध्यक्ष चंद्रपाल चौहान, सूरजभान सिसोदिया, एस एस चौहान, मिस्टर पवार, करण सिंह सिसोदिया, गुंजन सिंह उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, सुरेंद्र सिंह चौहान, कृष्ण मुरारी, तेजराम सिसोदिया, सुखबीर सिंह सिसोदिया, ललित तोमर प्रवक्ता दिल्ली प्रदेश, अभिषेक सिंह सचिव दिल्ली प्रदेश, राम सिंह ठाकुर, रतन सिंह तोमर, अश्वनी तोमर भोरगढ़, डॉक्टर शिवकुमार सिसोदिया, अरीदमन, सतबीर सिंह सिसोदिया सहित बहुताय की संख्या में लोगों ने भाग लिया।




आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज से मुलाकात कर उनको नई जिम्मेदारी हेतु शुभकामनाएं देते हुए निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा व अन्य गणमान्य लोग।

## आम आदमी पार्टी और भाजपा पशुधन रखने वाले लोगों को बर्बाद करने का काम कर रही है: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली में पालतू पशुओं को लेकर भाजपा की दिल्ली सरकार द्वारा की जा रही कार्यवाही को भाजपा को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि हमें यह नहीं समझ आता कि भाजपा सरकार नहीं चाहती कि दिल्ली वालों को शुद्ध दूध मिल सके। क्योंकि दिल्ली में लगातार उन डेयरियों को भी हटाने की योजना बन रही है जिनको कि सरकार ने बसाया था। उन्होंने कहा कि



क्योंकि अब दिल्ली में धीरे-धीरे खेती खत्म होती जा रही है, ऐसे में किसान परिवारों के लोग अपने घरों में एक-दो दुद्यारु पशु रखकर अपना गुजारा कर रहे है जो कि सरकार की आंखों में खटक रहा है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि यदि हम दिल्ली की बात करें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपने निवास पर गाय रख सकते है तो दिल्ली देहात के लोग अपने जीवन यापन के लिए दुधारू पशु क्यों नहीं रख सकते? सवाल यह उठता है कि क्या कानून प्रधानमंत्री और एक आम नागरिक के लिए समान नहीं है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आवारा पशुओं को लेकर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि ये आवारा पशु दिल्ली नगर निगम और पुलिस की मिली भगत से सड़कों पर घूम रहे है और सरकार की नाकामी को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार ने इन पशुओं के लिए गौशालाएं बनाई थी जबकि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने इस दिशा में कोई रचनात्मक कार्यवाही नहीं की और भाजपा सरकार भी जानवरों का संरक्षण करने की बजाय लीपा पोती करती नजर आ रही है और पशु धन रखने वाले लोगों को बर्बाद करने का काम कर रही है।

## प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत पिछले एक माह में 4011 करोड़ का केंद्रांश राज्यों को जारी: शिवराज सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री ग्रामीण** विकास योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत पिछले एक माह के दौरान 4 हजार 11 करोड़ रुपये का केंद्र का अंश राज्यों को जारी किया गया है। इस दौरान 2612 किलोमीटर लम्बाई की 231 सड़कों और 96 पुलों के निर्माण की स्वीकृति भी अलग-अलग राज्यों में दी गई है। यह जानकारी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां पत्रकारों के साथ बातचीत में दी। उन्होंने बताया



कि पुदुचेरी में108 किलोमीटर लम्बाई की 41 सड़कों को स्वीकृति दी गई है। पीएम-जनमन योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश को 508 करोड़ 29 लाख रुपये की 738.99 किलोमीटर की 377 सड़कों की स्वीकृति दी गई है। इसी दौरान त्रिपुरा को 76 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से लगभग 84 किलोमीटर लम्बाई की 25 सड़कों को स्वीकृति दी गई है। बिहार को 5 सड़कें और 103 पुल दिये गये हैं। अरुणाचल प्रदेश में भी एक सड़क और एक पुल स्वीकृत किया गया है। मंत्री ने बताया कि मणिपुर को 41 सड़कें दी गई हैं। मध्य प्रदेश को 6 पुल स्वीकृत किये गये हैं और आन्ध्र प्रदेश को 338 करोड़, अरुणाचल प्रदेश को 200 करोड़ रुपये, बिहार को 157 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ को 185 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश को 309 करोड़ रुपये, जम्मू-कश्मीर को 342 करोड़ रुपये, झारखंड को 445 करोड़ रुपये, लद्दाख को 37 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश को 165 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र को 391 करोड़ रुपये और तमिलनाडु को 378 करोड़ रुपये की राशि का केंद्र का अंशदान दिया गया है। शिवराज सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए पर्याप्त सहायता दी जा रही है ताकि गांव भी बारहमासी सड़कों से जुड़ सकें। गरीबों और ग्रामीण भाई-बहनों को उसका लाभ मिल सके।

## नवरात्र पर आकाशवाणी का आराधना यूट्यूब चैनल चलाएगा विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: नवरात्रि के पावन** अवसर पर आकाशवाणी का आराधना यूट्यूब चैनल 30 मार्च से 6 अप्रैल 2025 तक विशेष कार्यक्रमों की एक श्रृंखला प्रस्तुत करने जा रहा है, जो श्रोताओं को पूरे उत्सव की अवधि में एक गहन भक्ति अनुभव प्रदान करेगा। प्रत्येक दिन के महत्व को स्मरण करने के लिए, चैनल सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक एक विशेष रूप से क्यूरेट की गई श्रृंखला पेश करेगा। इसके अतिरिक्त, शक्ति आराधना का प्रसारण प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से 8:40 बजे तक किया जाएगा, जिसमें दर्शकों को दिव्य प्रस्तुतियां दी

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
MINISTRY OF
INFORMATION AND
BROADCASTING
सत्यमेव जयते

जाएंगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस उत्सव का एक विशेष आकर्षण नवरात्रि भजन होंगे, जिन्हें अनूप जलोटा, नरिंदर चंचल, जगजीत सिंह, हरिओम शरण, महेंद्र कपूर और अनुराधा पौडवाल जैसे प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। ये प्रस्तुतियां प्रतिदिन शाम 6 बजे से 7 बजे तक प्रसारित की जाएंगी। भक्तिमय अनुभव को और बढ़ाते हुए, नवरात्रि पर प्रेरक कहानियां सुनाने वाली एक अनूठी श्रृंखला देवी मां के अनेक स्वरूप का प्रसारण प्रतिदिन सुबह 9 बजे से साढ़े 9 बजे तक किया जाएगा।

## आवारा पशुओं के संरक्षण के लिए सशक्त बिल लाएगी सरकार: सूद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली सरकार** शीघ्र ही आवारा पशुओं के संरक्षण के लिए सशक्त बिल लाएगी। गृह मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में प्राइवेट मेंबर बिल पर चर्चा में यह घोषणा की है।
उन्होंने बताया कि इस बिल में सभी हितधारकों और विधानसभा के सदस्यों के सुझावों को भी शामिल किया जाएगा।
गौमाता को क्रूरता से बचाने के लिए प्रस्ताव के संबंध में सूद ने कहा कि यह प्रस्ताव गौमाता की सुरक्षा से ही संबंधित नहीं है बल्कि यह पूरे सदन की भावनाओं और दिल्ली की जनता की भावनाओं से भी जुड़ा हुआ है। जो हमारी सनातन संस्कृति से अनुरूप भी है। सदन का हर सदस्य इस मुद्दे के साथ पूरी तरह से भावनात्मक और नैतिक रूप से भी जुड़ा हुआ है।
इस प्रस्ताव में मंत्री ने बताया कि माफिया द्वारा गौमाता को प्रताड़ित करने के लिए बेहद सख्त कानून बनाया जा रहा है, जिससे अवैध पशु व्यापार पर भी रोक लगेगी।
इस प्रस्ताव को और अधिक प्रभावशाली और सख्त बनाने के लिए इसमें भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की धाराओं के साथ-साथ दिल्ली नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के सुझावों को भी शामिल किया जाएगा।

## पॉलिसी धारकों की सहायता के लिए सप्ताहांत और ईद पर खुले रहेंगे कार्यालय

**नई दिल्ली: सार्वजनिक** क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि विभिन्न क्षेत्रों और प्रभागों में उसके कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च, 2025 को खुले रहेंगे। एलआईसी ने जारी एक बयान में कहा, "पॉलिसी धारकों को किसी भी तरह की परेशानी से बचाने के लिए 29, 30 और 31 मार्च को जोनल और डिवीजनों के अधिकार क्षेत्र के तहत भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यालय आधिकारिक कार्य समय के अनुसार सामान्य परिचालन के लिए खुले रहेंगे।"




कंपनी ने बताया कि इस निर्णय का उद्देश्य सुचारू संचालन सुनिश्चित करना और पॉलिसीधारकों को असुविधा से बचाना है। कंपनी ने यह कदम भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा 12 मार्च को जारी की गई सलाह के बाद उठाया है। दरअसल एलआईसी देश के हर बीमा योग्य व्यक्ति को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दे रही है।

## होटल, रेस्टोरेंट ग्राहकों को सर्विस चार्ज के भुगतान के लिए बाध्य नहीं कर सकते: हाई कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट** ने कहा है कि होटल और रेस्टोरेंट में खाने का सर्विस चार्ज देना ग्राहकों की इच्छा पर निर्भर है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि होटल और रेस्टोरेंट ग्राहकों पर सर्विस चार्ज का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं कर सकते।
हाई कोर्ट ने ये आदेश फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया और नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया की याचिका पर फैसला सुनाते हुए दिया। हाई




कोर्ट ने 13 दिसंबर 2024 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिका में सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी के 4 जुलाई 2022 के आदेश को चुनौती दी गई थी। हालांकि हाई कोर्ट ने इस आदेश पर जुलाई 2022 में ही रोक लगा दिया था। याचिका में कहा गया था कि सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी को सर्विस चार्ज पर रोक लगाने का क्षेत्राधिकार नहीं है। सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी ने सर्विस चार्ज पर रोक लगाने से पहले याचिकाकर्ता का पक्ष नहीं सुना।
ग्राहकों से सर्विस चार्ज वसूलने का फायदा रेस्टोरेंट के स्टाफ को मिलता है। ऐसा करने से रेस्टोरेंट के मालिकों के व्यवसाय करने के मौलिक अधिकारों की भी रक्षा होती है। इस दलील का विरोध करते हुए केंद्र सरकार ने कहा था कि याचिकाकर्ताओं ने ऐसा कोई साक्ष्य नहीं दिया कि सर्विस चार्ज से होटल और रेस्टोरेंट के स्टाफ को लाभ मिलता है।

## सीएजी रिपोर्ट में डीटीसी के कामकाज में गंभीर अनियमितताएं, सदस्यों ने जताई चिंता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सदन ने** दिल्ली परिवहन निगम के कामकाज पर प्रस्तुत नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की है। इस चर्चा के दौरान कई सदस्यों ने इस संबंध में अपनी गंभीर चिंता जाहिर की है। सीएजी के ऑडिट में वर्ष 2015-2016 से 2021-2022 तक की अवधि शामिल है। सीएजी रिपोर्ट में डीटीसी के कामकाज में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। सीएजी की रिपोर्ट से ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार के कुप्रबंधन और



लापरवाही के कारण दिल्लीवासियों के टैक्स के करोड़ों रुपये बर्बाद हो गए। यह रिपोर्ट सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति को इस निर्देश के साथ भेजी जा रही है कि उक्त समिति तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। इसके अलावा परिवहन विभाग और डीटीसी को अब से एक महीने के भीतर अपने एक्शन टेकन नोट विधानसभा सचिवालय के पास भेजने होंगे। सीएजी रिपोर्ट में डीटीसी के कामकाज को लेकर कुछ गंभीर अनियमितताएं हैं। डीटीसी ने कोई बिजनेस प्लान या दीर्घकालीन योजना तैयार नहीं की थी।
डीटीसी का बेड़ा 4344 बसों से घटकर 3937 बसें रह गया, जबकि दिल्ली हाई कोर्ट के निदेर्शों के अनुसार धन की उपलब्धता के बावजूद 11000 बसें होनी चाहिए थीं। डीटीसी इलेक्ट्रिक बसों की सप्लाई में देरी के लिए 29.86 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाने में नाकाम रही।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 29 मार्च 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

**फास्ट न्यूज**

## नवरात्र में सख्ती: बिना कार्ड दर्शन नहीं, चरण स्पर्श पर रोक!

**मीरजापुर।** आगामी चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियों को लेकर श्री विन्ध्य पंडा समाज की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंडा समाज अध्यक्ष पंकज द्विवेदी ने की, जिसमें तीर्थ क्षेत्र की व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नवरात्र के दौरान चरण स्पर्श पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी पुरोहित अपने जजमानों से चरण स्पर्श नहीं कराएगा। तीर्थ पुरोहित अपनी पारंपरिक वेषभूषा में रहकर पुरोहिती करेंगे। पंडा समाज की ओर से निर्गत किए गए विशेष कार्ड के बिना कोई भी व्यक्ति दर्शन-पूजन नहीं कर सकेगा। तीर्थ पुरोहित केवल उन्हीं जजमानों को दर्शन-पूजन कराएंगे, जिनके पास पंडा समाज द्वारा जारी कार्ड होगा। बिना कार्ड के किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। पंडा समाज द्वारा समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से पुरोहिती करते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पंडा समाज अध्यक्ष पंकज द्विवेदी, मंत्री भानु पाठक सहित अन्य पंडा समाज पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में यह भी तय किया गया कि तीर्थ पुरोहितों के लिए अलग कतार बनाई जाएगी, जिससे वे अपने जजमानों को सुचारु रूप से दर्शन-पूजन करवा सकें। साथ ही पंडा समाज के प्रमुख सदस्यों को छोड़कर अन्य किसी के लिए नए कार्ड नहीं बनाए जाएंगे।

## दिशा मौत मामले में शिवसेना यूबीटी कर रही अपमान: संजय

**मुंबई: शिवसेना शिंदे** समूह के उपनेता और पार्टी प्रवक्ता संजय निरुपम ने शुक्रवार को कहा कि दिशा सालियान मौत मामले में शिवसेना यूबीटी उनके पिता सतीश सालियन का अपमान कर रही है। निरुपम ने दिशा सालियन मौत मामले की क्लोजर रिपोर्ट की सच्चाई सार्वजनिक करने की मांग की है। प्रवक्ता संजय निरुपम शुक्रवार को मुंबई में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जब दिशा सालियान की हत्या हुई थी, तब उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे।

# लीक से हटकर करें काम, बनेंगे प्रेरणा: मुख्यमंत्री

## सीएम का युवाओं को मंत्र, जीवन में शॉर्टकट मत अपनाइए, अपनी विरासत पर गौरव कीजिए

**युवा संसद**

- लखनऊ में विकसित भारत युवा संसद महोत्सव में बोले सीएम योगी, चर्चा का हिस्सा बने 240 युवा



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विधान भवन में युवाओं का एक ऐतिहासिक आयोजन हुआ। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित विकसित भारत युवा संसद महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य अतिथि के रूप में युवाओं को संबोधित किया। विधान सभा मंडप, विधान सभा सचिवालय में संपन्न कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू किए गए माई भारत अभियान के तहत युवाओं की नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा संसद का उद्देश्य केवल यह नहीं कि आप नेता बनें, बल्कि आपके भीतर नेतृत्व का गुण पैदा हो, आप विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, व्यापार, या किसी भी क्षेत्र में जाकर समाज की सेवा कर सकते हैं। जब आप लीक से हटकर कुछ नया और अतिरिक्त करते हैं, तो वह समाज के लिए प्रेरणा बनता है।

**युवा संसद का उद्देश्य नेतृत्व का विकास**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए युवा साथियों का इस मंच पर स्वागत है। यह आपके लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 240 युवाओं का चयन किया गया है। जो आज देश की सबसे बड़ी विधायिका में चर्चा का हिस्सा बने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गौरवपूर्ण अवसर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 2019 से शुरू हुई युवा संसद की यह पहल जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व गुण विकसित करने के उद्देश्य से आगे बढ़ रही है।

**संसदीय लोकतंत्र की ताकत**

मुख्यमंत्री ने भारत के संसदीय लोकतंत्र की व्याख्या करते हुए कहा कि इसके तीन स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका, और न्यायपालिका एक-दूसरे के पूरक हैं। विधायिका नीति बनाती है तो कार्यपालिका उसे लागू करती है।

### डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रेरणा के प्रतीक: सीएम

**सीएम** योगी ने कहा कि आज से लगभग 30 वर्ष पहले एक बार रामेश्वरम धनुषकोडी गया तो वहां जाने के लिए कोई साधन नहीं मिले। तो मुझे एक छोटा सा ट्रक लेना पड़ा। उस ट्रक से मैं वहां जा पाया इतनी खराब खराब सड़क थी। आज तो प्रधानमंत्री मोदी जी के कारण वहां के कनेक्टिविटी अच्छी हो गई। डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम देश के अंदर भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर राष्ट्रपति भी बने राष्ट्रपति बनने के पहले उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया। लेकिन उनका जीवन ऐसा नहीं कि केवल सफलताओं से भरा पड़ा था। अपने जीवन की शुरूआत में उन्होंने एक फाइटर पायलट बनने की इच्छा जताई थी। पास नहीं कर पाए लेकिन हिम्मत नहीं हारे।

ऐसे ही आपके जीवन में भी होगा याद रखना सफलता और असफलता इन दोनों के बीच में बेहतर संतुलन होना चाहिए।

महाकुम्भ और विरासत का सम्मान

हाल ही में प्रयागराज में संपन्न महाकुम्भ का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्वच्छता और पुलिस के व्यवहार की तारीफ की। यह प्रशिक्षण और अनुशासन का परिणाम था। यह हमारी विरासत का सम्मान है, जिसे युवा आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि जीवन में शॉर्टकट मत अपनाइए। अपनी विरासत पर गौरव कीजिए और नेतृत्व का गुण विकसित कीजिए। आप किसी भी क्षेत्र में जाएं, प्रभावी संवाद और सूत्रबद्ध कार्य से सफलता पाएं।

## यूनिसेफ और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मिलाया हाथ



**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्ली: ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) और यूनिसेफ युवाह भारत के युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हाथ मिलाया है। इस कोलेबोरेशन का मकसद युवाओं और महिलाओं के कौशल, आर्थिक और सामाजिक अवसरों से जोड़कर सशक्त बनाना है। इस बारे में जारी एक बयान में मंत्रालय ने कहा कि इसके लिए एक स्टेटमेंट ऑफ इंटेंट (रडक) साइन किया गया है। इस तीन साल की पार्टनरशिप के जरिए, यूनिसेफ युवाह और एमओआरडी पहले से राष्ट्रीय और राज्यीय स्तर पर चल रही पहलों पर काम करेंगे ताकि कौशल, आर्थिक अवसरों और सामाजिक प्रभाव के लिए स्केलेबल समाधानों का सह-निर्माण किया जा सके, जिसमें कमजोर आबादी पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस पार्टनरशिप के जरिए मुख्य रूप से ओडिशा, झारखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश की एसएचजी महिलाओं और उनके परिवार की महिला सदस्यों (18-29 वर्ष) को नौकरियों, स्वरोजगार, उद्यमिता और कौशल से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाने के लिए काम किया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी टीके अनिल कुमार ने कहा, "यह पार्टनरशिप बहुत ही सही समय पर आई है, क्योंकि यह बजट 2025-26 में घोषित रूरल प्रोस्पेरिटी और रेजिलिएंस प्रोग्राम के मुताबिक है। यह खासतौर से महत्वपूर्ण है, क्योंकि 10 करोड़ एसएचजी सदस्यों में से लगभग एक तिहाई युवा हैं, जो इस पहल में मुख्य भूमिका निभाएंगे।" यूनिसेफ इंडिया की डिप्टी रिप्रेजेंटेटिव ऑपरेश्न्स, शारदा थापलिया ने कहा, डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, कौशल विकास के रास्ते को बढ़ाने और इंटरप्रिन्योरशिप को बढ़ावा देने से, इस पार्टशिप में स्थायी आजीविका बनाने और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बदलने की क्षमता है। महिलाओं की आर्थिक भागीदारी में निवेश करना सिर्फ व्यक्तिगत प्रगति ही नहीं है।

### साल 2030 तक, यूनिसेफ में युवा का लक्ष्य

**यूएन** यूथ पॉलिसी 2030 के हिस्से के रूप में, यूएन सेक्रेटरी- जनरल ने साल 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूनिसेफ के ग्लोबल जनरेशन अनलिमिटेड (जेनयू) आंदोलन की शुरुआत की। यह पहल सीखने, कौशल विकास, रोजगार और जुड़ाव के अवसरों का विस्तार करके 10-24 वर्ष की आयु के युवाओं की जरूरतों को पूरा करती है।100 मिलियन युवाओं के लिए सामाजिक-आर्थिक अवसरों तक पहुंचने के लिए मार्ग बनाना। 200 मिलियन युवाओं को उत्पादक जीवन और काम के भविष्य के लिए प्रासंगिक कौशल हासिल करने में सक्षम बनाना है।

## मौलिक अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को आज (28 मार्च) सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है।। कोर्ट ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ गुजरात में दर्ज एफआईआर को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कांग्रेस सांसद ने जो किया वो कोई अपराध नहीं है। कथित तौर पर सौहार्द बिगाड़ने वाले सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर गुजरात पुलिस ने केस दर्ज किया था। न्यायमूर्ति ओका ने फैसला सुनाते हुए कहा कि साहित्य, कला, व्यंग्य, जीवन को अधिक सार्थक बनाते हैं; गरिमापूर्ण जीवन के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आवश्यक है।

**कोर्ट ने क्या कहा?**

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना न्यायालय का कर्तव्य है। पीठ ने कहा, "भले ही बड़ी संख्या में लोग किसी दूसरे के विचारों को नापसंद करते हों, लेकिन विचारों को व्यक्त करने के व्यक्ति के अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए और उसकी रक्षा की जानी चाहिए।

विता, नाटक, फिल्म, व्यंग्य और कला सहित साहित्य मनुष्य के जीवन को और अधिक सार्थक बनाते हैं।"

## राणा सांगा के मुद्दे पर कांग्रेस-बीजेपी साथ-साथ

**एकजुट**

- भाजपा नेताओं ने राज्यसभा में किया हंगामा
- कांग्रेस नेता ने बयान की निंदा की



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सपा नेता रामजी लाल सुमन की राणा सांगा पर टिप्पणी को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा सांसदों द्वारा कार्यवाही बाधित करने के कारण राज्यसभा की कार्यवाही 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

**क्या था सपा सांसद का बयान?**

राज्यसभा में सपा सांसद द्वारा राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान को लेकर जमकर हंगामा हुआ था। सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने अपने भाषण में राणा सांगा को 'गद्दार' करार देते हुए ये दावा किया था कि उन्होंने मुगल बादशाह बाबर को इब्राहिम लोदी को हराने के लिए भारत में आमंत्रित किया था। सपा सांसद के इस बयान के बाद सियासी घमासान मच गया था। भाजपा नेताओं ने इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी। बीजेपी के आलावा कांग्रेस के नेताओं ने भी रामजीलाल सुमन के इस बयान की कड़ी निंदा की थी।

**कांग्रेस ने की निंदा**

राजस्थान से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, "राणा सांगा इस देश के बहादुर थे। हम उनका हीरो की तरह सम्मान करते हैं। राणा सांगा किसी भी जाति या धर्म के नहीं, बल्कि देश के हीरो थे। मैं राणा सांगा को प्रणाम करता हूं।" राजपूत संगठनों ने सदस्यता रद्द करने की मांग की सदन में भारी हंगामे के बीच कार्यवाही को स्थगित कर दिया।

## टैरिफ धमकियों पर विपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राज्यसभा में वित्त विधेयक, 2025 पर चर्चा के दौरान गुरुवार को विपक्षी सदस्यों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकियों पर चिंता व्यक्त की और सरकार पर निशाना साधा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सरकार से देश का रुख स्पष्ट करने की मांग की और कहा कि इस मुद्दे पर न तो संसद में कोई चर्चा हुई और न ही विपक्षी पार्टियों से कोई विचार-विमर्श किया गया।

**उच्च सदन ने वित्त विधेयक लौटाया**

राज्यसभा ने गुरुवार को 35 सरकारी संशोधनों के साथ वित्त विधेयक, 2025 लोकसभा को लौटा दिया और इसी के साथ एक फरवरी को शुरू हुई 2025-26 की बजट प्रक्रिया पूरी हो गई। राज्यसभा में वित्त विधेयक पर चर्चा की शुरूआत करते हुए चिदंबरम ने सचेत किया कि ट्रेड वार से निर्यात में गिरावट, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में कमी, उच्च मुद्रास्फीति व मुद्रा का अवमूल्यन होगा।

www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें ताजा खबरों से अपडेट रहें




H.O: Action Balaji House, Majlis Park,
Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road,
Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925

## मणिपुर में सुरक्षाबलों का ज्वाइंट ऑपरेशन

**हथियार बरामद**

- भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद जब्त; कई इनसास राइफल भी बरामद



**टीम एक्शन इंडिया**

**इम्फाल।** मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स और अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पिछले 24 घंटों में 20 वर्षीय लुवांगथेम मुकेश की तलाश के लिए व्यापक खोज अभियान जारी रखा गया है। लुवांगथेम मुकेश, जो कि केशमपट लेइमाजम लेइकाई के एल. ग्यानेन्द्र दास के बेटे हैं, 16 मार्च 2025 से लापता हैं। पुलिस और सुरक्षा बलों ने बिश्नुपुर और चुराचंदपुर बॉर्डर क्षेत्रों, जोजंगतेक और ओल्ड काचर रोड इलाकों पर खोज अभियान तेज कर दिया है, जिसमें उन्नत तकनीकी डेटा विश्लेषण और खुफिया जानकारी एकत्र करने का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। अधिकारियों ने उच्च-स्तरीय सुरक्षा समन्वय बैठकें आयोजित की हैं, ताकि आगे की खोज रणनीतियों पर विचार किया जा सके। मणिपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके पास लुवांगथेम मुकेश के बारे में कोई जानकारी हो, तो वे सामने आएं। पुलिस लापता व्यक्ति की शीघ्र खोज के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रही है।

## वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन खुलेंगे बिजली कार्यालय

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: वित्तीय वर्ष** 2024-25 के अंतिम दो दिन (30 मार्च, रविवार और 31 मार्च, सोमवार - ईद-उल-फितर) उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (वढढउछ) के सभी कार्यालय खुले रहेंगे। राजस्व संग्रह और उपभोक्ता सेवाएं बाधित न हों, इसके लिए कैश काउंटर सहित सभी कार्य सामान्य दिनों की तरह संचालित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में यूपीपीसीएल ने यह निर्णय लिया है।

**शिक्षा पर बल** सड़क परिवहन मंत्री ने कहा- 16,000 किमी लंबे नेशनल हाईवे सिक्स-लेन में परिवर्तित करने की

# '25000 किमी हाईवे फोरलेन बनेंगे, 10 लाख करोड़ आएगा खर्च'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: केंद्रीय सड़क परिवहन और** राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में 25,000 किलोमीटर के दो-लेन वाले हाईवे को फोर लेन में परिवर्तित किया जाएगा। इस परियोजना की लागत 10 लाख करोड़ रुपये होगी। इससे सड़क हादसों में कमी आने की उम्मीद है।

**दो वर्षों में पूरा करने की योजना**

गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, 16,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों को छह लेन में बदलने की योजना है और इस पर छह लाख करोड़ रुपये का खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि हम इस कार्य को दो वर्षों में पूरा करने की योजना बना रहे हैं।

**सड़क हादसों को 50 प्रतिशत तक कम करना लक्ष्य**

गडकरी ने बताया कि भारत में हर साल 4,80,000 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इनमें 18 से 45 वर्ष की आयु के 1,88,000 लोग अपनी जान गंवाते हैं। सरकार का लक्ष्य 2030 तक सड़क हादसों को 50 प्रतिशत तक कम करना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर राज्यों और पहाड़ी क्षेत्रों में हाईवे विकास को प्राथमिकता दी है। जम्मू-कश्मीर में दो लाख करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें 105 सुरंगें बनाई जा रही हैं। उन्होंने जोजिला सुरंग के निर्माण की जानकारी दी जोकि एशिया की सबसे लंबी होगी और शून्य से नीचे के तापमान वाले क्षेत्र में स्थित होगी। उन्होंने कहा कि इसकी लागत का प्रारंभिक अनुमान 12,000 करोड़ था, लेकिन यह लगभग 5,500 करोड़ रुपये में पूरा होगा। गडकरी ने बताया कि जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर 36 सुरंगों का बनाई जा रही हैं और इनमें से 22 सुरंगें पूरी हो चुकी हैं।